CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

हल्द्वानी, सोमवार 29 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मांतरण रैकेट नेस्तनाबूद करने को एआई का इस्तेमाल हो: योगी पेज 2



दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में खेल टाइम्स



यही है विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश पेज 12



नई दिल्ली: ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर देश के गर्व का प्रतीक बना: पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में 2025 की उपलब्धियां गिनाईं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 129वें एपिसोड 2025 में देश की उपलब्धियों पर चर्चा की। 2025 के आखिरी एपिसोड में नए साल 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा कि 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा हो, खेल हो, वैज्ञानिक इनोवेशन हो या दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म हों, भारत का असर हर जगह दिखाई दे रहा था।

इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। इसके अलावा पीएम मोदी ने खेल, वंदेमातरम, अंतरिक्ष, महाकुंभ, राम मंदिर और 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी बात रखी। इससे पहले 30 नवम्बर को मन की बात का 128वां एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। पीएम ने इसमें भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया था। पीएम ने कहा आईसीएमआर ने हाल ही में रिपोर्ट में बताया कि निमोनिया और यूटीआई जैसी बीमारियों में दवाई कमजोर साबित हो रही हैं। इसकी वजह बिना सोचे दवा का सेवन हैं। आज कल लोग एंटी बायोटिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि एक गोली ले लो बीमारी दूर हो जाएगी। मैं अपील करता हूं कि अपने मन से दवाओं का सेवन करने से बचें। इनका इस्तेमाल डाक्टर की सलाह से ही करें। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जो ऊंचे-ऊंचे टीले हैं वे प्राकृतिक नहीं इंसानों के बनाए हुए हैं। ये आर्कियोलॉजिस्ट के अध्ययन में पता चला है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के म्यूजियम में एक पुराना, धुंधला सा चित्र मिला। जिसमें बारामूला के उस चित्र में तीन बौद्ध स्तूप नजर आ रहे थे।

- कहा: अब हम नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार
- 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था



## संक्षिप्त समाचार

### हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत: अमेरिकी मीडिया

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** भारत हिमालयी इलाके में चीन से होने वाली किसी भी संभावित झड़प से निपटने के लिए सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस कदम की शुरुआत हुई थी। उस झड़प ने 2200 मील लंबी बॉर्डर पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) की बड़ी कमियों को उजागर किया था।

### मणिकम टैगोर ने अलकायदा से की आरएसएस की तुलना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अलकायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही है। पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया।

### हुमायूं कबीर का बेटा मारपीट के आरोप में गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** टीएमसी से निकाले गए विधायक नेता हुमायूं कबीर के बेटे को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। गोलाम नबी आजाद (रॉबिन) पर पिता हुमायूं कबीर के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीसीओ) कांस्टेबल जुम्मा खान से मारपीट का आरोप है। रविवार को जुम्मा खान ने मुर्शिदाबाद के शक्तिनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घर जाने के लिए छुट्टी मांगने पर गोलाम नबी ने उनके साथ मारपीट की। घटना हुमायूं कबीर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर हुई। घटना के वक्त कई सारे लोग मौजूद थे। वहीं, बेटे की गिरफ्तारी पर हुमायूं कबीर ने कहा कि टीएमसी के इशारे पर हमें निशाना बनाया जा रहा है।

## शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को किया मजबूर

# समूचा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत इस समय कोहरे की चपेट में है। शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। दिल्ली से बिहार तक कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय घना कोहरा छाया हुआ है, जिस कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों तक भी यही स्थिति देखने को मिलेगी।

विभाग का कहना है कि उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी और राजस्थान में 30 दिसम्बर तक शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का कहना है कि एक जनवरी के बाद कोहरे से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में तापमान 2.1 डिग्री, करौली में 2.4 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, पाली में 3.6 डिग्री और दौसा में 3.9 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हिसार में तापमान 2.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 3.4 डिग्री, पटियाला में 4.6 डिग्री और अमृतसर- लुधियाना में 4.4 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड के 6 जिलों में रविवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और पौड़ी के निचले इलाके शामिल हैं। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। ऊंचाई वाले जिलों इलाकों में नए साल पर बर्फबारी की संभावना है। दरअसल, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। ये जमीन से 12. 6 किलोमीटर की ऊंचाई पर चलने वाली हवाएं हैं। इस बार इनकी रफ्तार 262 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अगले 5 दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। रविवार को 13 फ्लाइट रद्द की गई हैं। डीजीसीए ने 10 दिसम्बर से 10 फरवरी तक को फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। आसमान में ठंडी और गर्म हवा की नदी जैसी बहने वाली हवाएं ही जेट स्ट्रीम हैं। जेट स्ट्रीम आमतौर पर उत्तर (ध्रुवीय इलाकों) की ठंडी हवा और दक्षिण (गरम इलाकों) की गर्म हवा के बीच चलती हैं। जब जेट स्ट्रीम झुक जाती है या फिर नीचे की ओर आ जाती है, तो यह उत्तर की बहुत ठंडी हवा को भारत तक खींच लाती है। नतीजा, अचानक ठंड बढ़ जाती है। अगर जेट स्ट्रीम की रफ्तार कम हो जाए या एक जगह रुक जाए, तो ठंडी हवा वहीं फंस जाती है। इससे कई दिन तक ठंड बनी रहती और शीतलहर का असर बढ़ जाता है।



- अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी
- कश्मीर में पारा 0 डिग्री, राजस्थान के सीकर में 2.1 डिग्री, अमृतसर-जालंधर में विजिबिलिटी जीरो
- 13 फ्लाइट रद्द, डीजीसीए ने 10 फरवरी तक को फॉग विंडो किया घोषित

# अरावली हिल्स खनन मामला: सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। यह सुनवाई नवम्बर 2025 के उस फैसले के बाद हो रही है, जिसमें कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली हिल्स की नई परिभाषा स्वीकार की थी, जिसमें स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को ही अरावली हिल माना जाएगा। साथ ही, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को चुनौती दी है। यह कदम पर्यावरणीय चिंताओं और राजस्थान सहित कई राज्यों में हो रहे प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। विवाद की जड़ अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है और जैव विविधता को बनाए रखती है। लंबे समय से यहां अवैध खनन और पर्यावरण क्षति की समस्या रही है। नवम्बर 20, 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की बेंच ने केंद्र की समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना है कि इससे 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है।

**तीन जजों की बेंच करेगी आज सुनवाई, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में माना जा रहा सकारात्मक कदम**



# कड़ाके की ठंड में भी सेना एक्शन में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो. एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है। ये अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल (वीडीजी) के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।

- जम्मू-कश्मीर: बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में गश्त बढ़ाई
- 30-35 पाक आतंकियों की तलाश, अभियान और तेज किया



नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद सोनिया गांधी इंदिरा भवन में पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### भारत में नहीं घुसे उस्मान हादी के हत्यारे: बीएसएफ

**शिलॉन्ग।** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। मेघालय में बीएसएफ प्रमुख इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। बता दें कि ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय साथियों की मदद से हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में घुस गए हैं। इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि कोई व्यक्ति हलुआघाट सेक्टर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके मेघालय में आया है। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। जो दावे किए जा रहे हैं, वे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर में यात्रा की

कारवाड़, वार्ता

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की। कलवरी क्लास की सबमरीन आईएन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे।

राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंचीं। पी. 75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल में उड़ान भरी थी। उनके विमान की पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। उससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 7 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम सबमरीन में यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बने। डा. कलाम 13 फरवरी 2006 को ईस्टर्न नेवल कमांड के तहत विशाखापट्टनम में सबमरीन में कुछ घंटों के लिए बंगाल की खाड़ी में रहे।



- आईएनएस में यात्रा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट, डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, उन्होंने सबमरीन में की थी यात्रा
- राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पहुंचीं थीं पनडुब्बी में

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने गुजरात के थोल पक्षी अभयारण्य का किया भ्रमण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के अहमदाबाद जिले के मेहसाणा स्थित थोल पक्षी अभयारण्य का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य क्षेत्र में पक्षी अवलोकन किया और वहां मौजूद प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की समृद्ध जैव विविधता को नजदीक से देखा। रविवार को भ्रमण के दौरान स्थानीय पक्षीविज्ञानी द्वारा राज्यपाल को विभिन्न पक्षी प्रजातियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने साइबेरिया, रूस, मंगोलिया, कजाकिस्तान और चीन से आने वाले दुर्लभ प्रवासी पक्षियों-बार-हेडेड गीज, ग्रेलेग गीज, डालमेटियन पेलिकन, कॉमन क्रेन, ब्राह्मणी डक तथा रफ एंड रीव-को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता जारी किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 समारोह में 'इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता' जारी किया। बीआईएस द्वारा विकसित यह भारतीय मानक इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के परीक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करता है, जिसका लक्ष्य समान और मानक. ीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से उनकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि यह नई परीक्षण संहिता ऐसे समय में मूल्यांकन में निरंतरता लाने में मदद करेगी, जब इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर भारत के कृषि मशीनीकरण परिदृश्य का एक प्रमुख घटक बनकर उभर रहे हैं। आईएस 19262:2025 इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के लिए सामान्य शब्दावली, सामान्य दिशा-निर्देश और विस्तृत परीक्षण प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है।

# कांग्रेस के खत्म होने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचारधारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है।

खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूं, जो कहते हैं 'कांग्रेस खत्म हो गई है' मैं उन्हें बताना चाहता हूं, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई।कांग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है। कांग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया। आज भजपा के पास सत्ता है, लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है और इसीलिए कभी आंकड़े छुपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है, कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं और जो लोग आज इतिहास पर भाषण दे रहे हैं, उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। कांग्रेस विचारधारा है और विचारधाराएं कभी मरती नहीं हैं। खड़गे ने एक और पोस्ट में कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी था, संविधान को स्वीकार किए जाने का 75 वर्ष था, वंदे मातरम की 150वीं जयंती है, जबकि 2026 का वर्ष दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती, सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का शताब्दी वर्ष, 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत की भी शताब्दी है। यह गीत दिसम्बर 1925 में कानपुर कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

## अरावली मामले पर कांग्रेस ने पूछा सवाल, नई परिभाषा को बताया विनाशकारी



**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को पुन: परिभाषित किए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से रविवार को सवाल पूछे और दावा किया कि इस कदम से अरावली सहित कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू आकृतियां नष्ट हो जाएंगी। यादव को रविवार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि अरावली पहाड़ियों की पुन: परिभाषा को लेकर व्यापक चिंताएं होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके तहत इन्हें 100 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई वाले भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया गया है। रमेश ने कहा क्या यह सच नहीं है कि इस नई परिभाषा से कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू-आकृतियां नष्ट हो जाएंगी और चार राज्यों में फैली पूरी अरावली पहाड़ियों एवं पर्वतमालाओं का भौगोलिक और पारिस्थितिक स्वरूप समाप्त हो जाएगा ।

# संविधान संवाद से जनता को जागरूक करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत जनपदों में 30 रैलियां आयोजित होंगी: पाण्डेय

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान पर बढ़ते खतरे के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि अगले 100 दिनों में 'संविधान संवाद' कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में 30 रैलियां आयोजित कर जनता को जागरूक किया जाएगा।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, नेहरू भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली से आमजन त्रस्त है, जबकि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजा. ेर कर रही है। उन्होंने मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों का अधिकार है, जिसकी आत्मा ग्राम सभा है। कामों के चयन, प्राथमिकता और निगरानी जैसे अधिकारों को केंद्रीय पोर्टल व मंत्रालयों के अधीन कर देने से ग्राम सभा औपचारिक संस्था बनकर रह गई है।

# मतदाता सूची के आंकड़ों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आए आंकड़ों ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता संख्या में आए उतार-चढ़ाव पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से यह दावा किया गया था कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोटर कम हुए हैं, लेकिन बाद में दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है। यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अगर वास्तव में चार करोड़ वोटरों की संख्या घटी थी, तो फिर कुछ ही समय में आंकड़े कैसे बदल गए। महज दो हफ्तों के भीतर एक करोड़ 11 लाख वोटरों की संख्या का अचानक बढ़ जाना स्वाभाविक नहीं लगता। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इतने बड़े पैमाने पर नए मतदाता पंजीकरण हुए हैं, तो इसका असर जमीनी स्तर पर क्यों नहीं दिखा। न कहीं लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी व्यापक अभियान की जानकारी सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतने बड़े पंजीकरण से जुड़े कोई सीसीटीवी फुटेज या आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएंगे।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में बोल सीएम योगी

# धर्मांतरण रैकेट खत्म करने को एआई का इस्तेमाल हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री का पुलिस अफसरों को निर्देश

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध जैसी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को ऐसे अपराधों पर नकेल कसने और विदेशी फंड से प्रायोजित धर्मांतरण के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अरा. जकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं।

### कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इसी ने प्रदेश से असुरक्षा का भाव खत्म किया, विश्वास का वातावरण बनाया और यूपी को निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाया है। रविवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देशभर में यूपी मॉडल की चर्चा है और यह बदलाव पुलिस की पेशेवर, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्यप्रणाली का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पुलिस मंथन जैसे अभिनव प्रयास के लिए डीजीपी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।



**सेंसेक्स** 85567.48
**निफ्टी** 26172.40



**सोना रु.** 139000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234000
प्रति किलो



# अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी। अगले सप्ताह सोमवार को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

इसके बाद 2 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े जारी होंगे और सप्ताह के दौरान ही वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। बीते सप्ताह गुरुवार को क्रिसमस के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 112.09 अंक (0.13 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त रही और यह



शुक्रवार को 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 75.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 26,042.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.48 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 1.75 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.59 फीसदी, टाइटन में 1.56, बीईएल में 1.44, एनटीपीसी में 1.30, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.14 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में एक प्रतिशत की तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 0.97 प्रतिशत, आईटीसी का 0.80, पावरग्रिड का 0.74, एचडीएफसी बैंक का 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.51, भारती एयरटेल का 0.45 और टाटा स्टील का 0.30 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, हिदुस्तान यूनीलिवर और टेक महिंद्रा में भी 0.02 प्रतिशत की तेजी रही। एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.54 फीसदी, इंडिगो का 1.50, सनफार्मा का 1.48, भारतीय स्टेट बैंक का 1.40 और बजाज फिनसर्व का 1.22 प्रतिशत टूटा।


## वार्षिकी 2025- आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना, निवेशकों की चांदी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों के बीच पिछले एक साल में सोने-चांदी में जबरदस्त तेजी रही और एक तरफ जहां दोनों कीमती धातु आम लोगों की पहुंच से दूर हो गईं, वहीं निवेशकों को खूब फायदा हुआ।

एमसीएक्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार अहमदाबाद में सोने की कीमत 31 दिसम्बर 2024 को 75,913 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जो 26 दिसम्बर 2025 को बढ़कर 1,37,591 रुपये पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमत 81 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। इस दौरान चांद भी 85,851 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,28,948 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसकी कीमत एक साल में 167 प्रतिशत बढ़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण वैश्विक है। एक तरफ रूस युक्रेन युद्ध और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, व्यापार तनाव भी इसकी एक वजह है। निवेशक ही नहीं, विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं। एक तरफ जहां मूल्य में सोने की खपत बढ़ी है, वहीं वास्तविक खपत में कमी आई है। इसका मुख्य कारण इसकी आसमान छूती कीमतें हैं जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर चला गया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने सोने चांदी में तेजी के लिए वैश्विक कारकों के साथ देश में वैवाहिक और त्योहारी मांग को भी जिम्मेदार ठहराया है। उसका कहना है कि बढ़ती कीमतों के बीच देश में इसकी निवेश मांग भी बनी हुई है।

# चावल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक तेजी दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं और चीनी के भाव लगभग स्थिर रहे। खाद्य तेलों में तेजी रही, जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये की मामूली बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश अपरिवर्तित रहा। आटा छह रुपये महंगा हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी देखी गई। वनस्पति की कीमत 142 रुपये और सरसों तेल की 121 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 74 रुपये और मूंगफली तेल में 47 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त रही। सोया तेल 41 रुपये और पाम ऑयल 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 66 रुपये और उड़द दाल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 30 रुपये और मूंग दाल में 29 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एकीकृत नियंत्रण कक्ष से जल्दी हो रहा हवाई यात्रियों की शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा स्थापित एकीकृत यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के जरिए यात्रियों की शिकायतों का अब कम समय में समाधान हो रहा है।



दिल्ली के राजीव गांधी उड़ान भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में स्थापित इस पीएसीआर में मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महा. निदेशालय (डीजीसीए) और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं। सोशल मीडिया पर मंत्रालय को टैग करते हुए, जब भी कोई शिकायत आती है, तो मंत्रालय के प्रतिनिधि संबंधित एयरलाइंस से बात करते हैं और जल्द से जल्द समाधान का निर्देश देते हैं। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के निर्देश पर 10 दिसम्बर को पीएसीआर की शुरुआत की गई थी।

मंत्रालय के पहले से चल रहे शिकायत निवारण तंत्र एयर सेवा पोर्टल को भी इसी में मिला दिया गया है। तब से अब तक यहां 13 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जिसमें 03 दिसम्बर से 09 दिसम्बर के बीच प्राप्त 3,200 से ज्यादा शिकायत भी शामिल हैं। मंत्रालय में उप-महानिदेशक प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि पीएसीआर अब स्थाई तंत्र बन गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। यह हर दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इंडिगो ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। इस कारण लाखों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच सकें और हजारों यात्री कई-कई घंटे तक विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस कारण, दिसम्बर अचानक शिकायतों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा गया। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में जहां शिड्यूल विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों से संबंधित 1,196 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहीं इस महीने 03 से 26 दिसम्बर तक 13,468 शिकायतें प्राप्त हुईं और 13,061 का समाधान किया गया। इनमें 10,410 शिकायतें एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से, 1,324 एयर सेवा ई-मेल के माध्यम से और 1,734 सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुए हैं।

# आरक्षण विवाद: आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान पारा, इल्तिजा मुफ्ती नजरबंद

**श्रीनगर, वार्ता**

■ सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में धरने का किया था ऐलान

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति को लेकर जारी विवाद के बीच प्रशासन ने रविवार को छात्रों और राजनीतिक दलों के नियोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के मद्देनजर सख्त कदम उठाते हुए शहर के संवेदनशील इलाकों को सील कर दिया और आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान एवं इल्तिजा मुफ्ती सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया। सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में रविवार को श्रीनगर में धरने का ऐलान किया था।

सूत्रों के अनुसार नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी, वरिष्ठ पीडीपी नेता वहीद-उर-रहमान पारा और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को सुबह नजरबंद कर दिया गया। प्रशासन ने न केवल इन नेताओं की आवाजाही पर रोक लगाई, बल्कि उनके घरों के बाहर अतिरिक्त पुलिस और अर्धसैनिक बल भी तैनात किए। मेहदी के कार्यालय ने एक कड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर सम्मानित सांसद को गिरफ्तार कर लिया है। हमें सूचना मिली है कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। देर रात हमें यह भी खबर मिली कि कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उनके परिवारों को धमका रही है। यह सब सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि वे एक निष्पक्ष, उचित और तर्कसंगत आरक्षण नीति की मांग कर रहे हैं। कार्यालय के अनुसार, छात्रों की सिलसिलेवार गिरफ्तारियां पूरी रात जारी रहीं और उन पर कथित दबाव बनाया गया जो विरोध के माहौल को दबाने का स्पष्ट प्रयास है।

इस बीच इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रशासन की कार्रवाई पर गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ष्कई अन्य लोगों की तरह मैं भी आज श्रीनगर में नजरबंद हूं। सुरक्षा एजेंसियों की अनिश्चितता और भय की मानसिकता की कोई सीमा नहीं है। यही नए कश्मीर की 'सामान्य स्थिति' है। मुझे बाहर जाने से रो. कने के लिए मेरे गेट पर महिला पुलिसकर्मियों का एक बड़ा दल तैनात है। क्या कोई मुझे बता सकता है कि यह सब किस कानून के तहत हो रहा है? सुश्री मुफ्ती ने कहा कि ये उपाय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं और जनता की आवाज को दबाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक विस्तृत बयान जारी करते हुए आरोप लगाया कि आरक्षण नीति का संकट एक 'अस्तित्वगत समस्या' बन गया है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य की नींव को हिला रहा है। पारा को उनके श्रीनगर आवास से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आरक्षण नीति हमारे युवाओं के भविष्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा रही है। हम पिछले एक साल से छात्रों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। हम विद्यार्थियों के साथ उनके आवास के बाहर इकध होते रहे, लेकिन इस दौरान सरकार की ओर से इस मुद्दे को सुलझाने का कोई इरादा नहीं था। इस उपेक्षा ने युवाओं की चिंता और अनिश्चितता को कई गुना बढ़ा दिया है।

इससे पूर्व, श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने कहा कि छात्रों के धरने में उनके शामिल होने से पहले उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ तैनात की गई थी। उन्होंने एक्स पर कहा कि छात्रों के खिलाफ भेदभाव की नीति न्याय मांगने वाली आवा. जों को दबाकर न तो सही हो सकती है और न ही स्थाई। मैं छात्रों के साथ खड़ा हूं। नेताओं को नजरबंद किए जाने पर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर में सामान्य श्रेणी के छात्र आरक्षण नीति का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि 40 प्रतिशत से भी कम सीटें अनारक्षित हैं, जबकि 60 प्रतिशत से जडादा सीटें आरक्षित हैं। छात्रों के लगातार दबाव के बाद उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक कैबिनेट उप-समिति बनाई थी। इसकी सिफारिशों को अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा गया है।

CMYK

# ज्ञान का उजाला फैला रही है घोड़ा लाईब्रेरी: सीएम

**पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र, एक बेहतर इंसान बनाती हैं: धामी**

**सीएम ने कोटाबाग में पच्छयाड़ महोत्सव में किया प्रतिभाग कालाढूंगी विधानसभा में 114 करोड़ की 12 विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जहां एक ओर आज शहरों से लेकर सदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के कोटाबाग में आयोजित दो दिवसीय 'घोड़ा लाईब्रेरी पहाड़ पच्छयाड़ महोत्सव' के दौरान कही।

रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निर्धारित समय पर कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के कोटाबाग में आयोजित दो दिवसीय 'घोड़ा लाईब्रेरी पहाड़ पच्छयाड़ महोत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही कोटाबाग के तोक भटकानी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णाद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी लोकार्पण किया।

कहा कि यह अनोखी घोड़ा लाइब्रेरी वास्तव में हमारे पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में बच्चों के लिए आशा की एक किरण है। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड की भांति ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण के लिए संकल्पित होकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिसमें नैनीताल जनपद के अंतर्गत सिद्धपीठ नैनादेवी मंदिर के साथ-साथ कैंची धाम, तल्लीताल में हनुमानगढ़ी और मुक्तेश्वर धाम सहित क्षेत्र के विभिन्न पौराणिक मंदिरों का विकास किया जा रहा है इसके साथ ही कोटाबाग के तोक भटकानी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णाद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी लोकार्पण किया गया है।

सरकार की और से स्थानीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी भाषाओं में भी पुस्तकें तैयार की गई हैं, साथ ही, थारू, बोक्सा, रवांल्टी भाषाओं में शब्दकोश भी बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनका स्वयं का मानना है कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र और मार्गदर्शक होती हैं, जो हमें सही मार्ग दिखाने के साथ-साथ एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा भी देती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के विकास के लिये 114 करोड़ 69 लाख 46 हजार रुपये की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

### ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, दीवान सिंह बिष्ट, डा. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डा. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, शांति मेहरा, रेनू अधिकारी, दीपक मेहरा, महेंद्र सिंह नेगी, मनीषा जंतवाल, हल्द्वानी मंजू गौड़, रेखा कत्यूरा, राजेन्द्र बिष्ट, विकास भगत, डीएम ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, घोड़ा लाइब्रेरी के शुभम बधानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में जिसऊ गांव पहुंचे चकराता विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहिया।** विधानसभा चकराता अंतर्गत विकासखंड कालसी के सिलगांव खत के ग्राम पंचायत जिसऊ घराना में आयोजित कार्यकर्ता संवाद मे कार्यक्रम में ग्रामीणो ने चकराता विधायक प्रीतम सिंह का भव्य स्वागत किया।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिसऊ घराना संवाद कार्यक्रम के दोरान चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने बाडवाला, हरिपुर, कालसी, सहिया, पजिटीलानी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिसके बाद प्रीतम सिंह जिसऊ गाँव पहुँचे। जहां ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में चकराता विधान सभा के विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि अगले वर्ष विधान सभा चुनाव होने वाले है इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से एक जुट होकर विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए।

प्रीतम सिंह ने कहा कि कहा की जौनसार बावर क्षेत्र के साथ भाजपा सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है। कहा कि जब राज्य में कॉंग्रेस की सरकार थी तब जौनसार बावर में स्वास्थ्य, यातायात, शिक्षा आदि क्षेत्र में अनेक कार्य किए लेकिन भाजपा सरकार के चलते क्षेत्र में विकास कार्य ठप पडे हुए है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान जिसऊ दाताराम शर्मा, आरा जिला पंचायत सदस्य दीवान सिंह तोमर, उमा दत्त जोशी, सरदार सिंह, मातबर सिंह पंवार, सूरत सिंह चौहान, सूरज सिंह तोमर, सुरेंद्र पंवार, मोहन सिंह चौहान, मोतीराम शर्मा, सुनील शर्मा, शूरवीर सिंह नेगी, हंसराम शर्मा, गीता राम शर्मा, चौतराम शर्मा, कृपा राम बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# अंकिता को सीढ़ी बनाकर सत्ता का ख्वाब बुन रही है कांग्रेस: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस अंकिता हत्याकांड को सीढ़ी बनाकर सत्ता का ख्वाब बुन रही है और उसकी यह मंशा कभी पूरी नही होने वाली है, क्योंकि राज्य की जनता उसके मंसूबों पर पहले भी पानी फेर चुकी है।

अंकिता मामले मे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस की आक्रामक प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। ऐसा कांग्रेस पूर्व मे भी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटालों मे जब सरकार ने जाँच कराई और तह तक मामले सामने आये तो कांग्रेस सरकार की सराहना करने मे भी नही चुकी। हालांकि अपने विपक्ष धर्म का स्मरण कर वह फिर विरोध मे उतर गयी।उन्होंने कहा कि अंकिता पहाड़ और पूरे राज्य की बेटी है और कांग्रेस ऐसी प्रतिक्रिया दे रही है कि महज उसे ही उसकी चिंता रही हो। सच यह है कि विपक्ष जांच मे तब भी राजनीति कर रहा था और आज भी राजनीति कर रहा है। जांच की दिशा कहाँ जा रही है और किस तरह से उस बेटी को न्याय मिलेगा इसके बजाय कांग्रेस जांच एजेंसियों को भटका रही थी।उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच के लिए कोर्ट ने भी सीबीआई जांच से इंकार कर एसआईटी की जांच को सही ठहराया, लेकिन कांग्रेस बिना तथ्यों के आरोप प्रत्यारोप की राजनी. ति मशगूल रही। इसी कारण अंकिता हत्याकांड के बाद जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया और कांग्रेस को दुष्प्रचार के लिए उसकी जगह बताई। उन्होंने कहा कि उप चुनाव और निकाय तथा पंचायतों मे कांग्रेस को दुष्प्रचार की कीमत चुकानी पडी

# हर गांव में एक सशक्त सहकारी समिति बने : राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर रेंजर्स ग्राउण्ड देहरादून में आयोजित सहका. रिता मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने मेले में विभिन्न स्टालों का अवलोकन करने के साथ-साथ सभा को संबोधित भी किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सहकार का अर्थ है मिलकर कार्य करना। सहकारिता आंदोलन एक के लिए सब और सब के लिए एक की धारणा को परिलक्षित करता है। जहाँ 'मैं' खत्म होता है, वहीं से 'हम' शुरू होता है, और उसी का नाम है सहकारिता। उन्होने कहा कि हमारे देश में सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन दर्शन का अभिन्न अंग रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही समूह जीवन की परंपरा रही है। ग्रामसभा, पंचायती व्यवस्था, सिंचाई के लिए सामूहिक तालाब, मंदिर एवं विद्यालय निर्माण के लिए सामूहिक योगदान- ये सब सहकारिता की ही देन हैं। उन्होने कहा कि सहकारिता केवल उत्पादन या वितरण तक सीमित नहीं, यह गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, सतत आजीविका, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे 17 सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सीधा योगदान देती है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित जनसमूह को यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि हर गाँव में एक सशक्त सहकारी समिति बने, हर परिवार सहकारिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बने, हर युवा सहकारिता को अवसर का मंच बनाए। उन्होने कहा कि इन्हीं संकल्पों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा और इस दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों से, सहकारिता से समृद्धि आएगी और समृद्धि से विकसित भारत/2047 का संकल्प साकार होगा।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देश का एकमात्र राज्य है जिसने सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। हमारे महिला स्वयं सहायता समूह न केवल परिवार की आर्थिक रीढ़ बने हैं, बल्कि उद्यमिता में भी नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं।कार्यक्रम में प्रदेश के सहका. रिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत,सहका. रिता निबंधक मेहरबान सिंह बिष्ट सहित सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### प्रदेश की सहकारिता समितियों से अब तक 30 लाख से अधिक किसान जुड़े : डॉ रावत

प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष 2025 के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 11 मेले आयोजित किए जा चुके है जिनमें 3 लाख से अधिक किसानों की सहभागिता रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश की विभिन्न सहकारिता समितियों से 30 लाख से अधिक किसान जुड़े है और प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस संख्या को 50 लाख से अधिक करने का है।

## एक नजर .......

### त्रिपुरा के छात्र की हत्या के मामले में सरकार सख्त

**देहरादून।** त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले को राज्य सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि इस तरह की कोई भी घटना प्रदेश में स्वीकार्य नहीं है। सरकार अराजक तत्वों से सख्ती से निबटेगी। इस तरह की घटनाओं में संलिप्त रहने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। त्रिपुरा के उनकोटी जिले के नंदानगर निवासी छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले में पांच आरोपितों को अभी तक पकड़ा जा चुका है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। एक फरार आरोपित की धर-पकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस की एक टीम को उसकी तलाश में नेपाल भेजा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फरार आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि फरार आरोपित बहुत जल्द पुलिस के शिकंजे में होगा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले सरकार से रहम की उम्मीद न रखें। ऐसे अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार उत्तराखंड में रह रहे हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने त्रिपुरा के मृतक छात्र के प्रति शोक प्रकट किया है।

### अटल जी का संपूर्ण जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत: महाराज

**सतपुली ( पौड़ी )** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक ऐसे महानायक थे, जिन्होंने सिद्धांतों, संस्कारों और संवाद की राजनीति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका सम्पूर्ण जीवन साधारण से असाधारण बनने की एक प्रेरक कहानी है। उनका संपूर्ण जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।यह बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर रविवार को एक स्थानीय वेडिंग प्वाइंट में आयोजित अटल स्मृति समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा देश अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी को स्मृति दिवस के रूप में मना रहा है। अटल जी ने विषम परिस्थितियों में भी अपने विचारों और मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर, सिंचाई सलाहकार ऋषि कंडवाल, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक डुक्लान, माहिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भण्डारी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र टम्टा, मण्डल अध्यक्ष सरवेन्द्र पहाड़ी, शैलेन्द्र दर्शन, राकेश नैथाणी, जिला मंत्री वृजमोहन रावत, मनीष कुखसाल, भाजपा जिला महामंत्री महिपाल सिंह नेगी, जिला पंचायत सदस्य वलवन्त सिंह, महेन्द्र राणा, नरेन्द्र डंडरियाल सहित सभी शक्ति केन्द्र संयोजक, प्रभारी, वर्तमान व पूर्व के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकेटीसी के पूर्व सदस्य पुष्कर जोशी ने की।

### स्कूल में मनाया गया वार्षिक समारोह

**विकासनगर।** डिफेंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर रमेश चंद्र रमोला व विशिष्ट अतिथि मिस्टर विपिन कुमार जुयाल द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुआ। छात्रों ने 'उत्तराखंड उत्सव' थीम पर आधारित रंगारंग नृत्य और वनों की कटाई पर एक मार्मिक नाटक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शैक्षणिक और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रीना मल्ल तथा विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह रौतेला ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। इस मौके पर विद्यालय के चेयरपर्सन ज्योति भट्ट, निदेशक डॉक्टर नीलकंठ भट्ट, विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा अध्यक्ष को मोबाइल पर धमकी, पुलिस को दिया पत्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट को जान से मारने की धमकी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है ।पुलिस को दिए पत्र में बताया गया कि लगातार अज्ञात नंबर से उनके प्रति अपशब्द एवं अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि आज प्रदेशाध्यक्ष द्वारा स्वयं को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में एसएसपी देहरादून को शिकायती पत्र दिया गया है। जिसमें श्री भट्ट द्वारा बताया गया कि एक अज्ञात मोबाइल नंबर से आज मेरे निजी मोबाइल नंबर पर लगातार गाली गलौज व अपशब्द का प्रयोग करके मुझे जान से मारने की धमकी दी गई है। इस दौरान मेरे द्वारा कई बार समझाया गया कि इस तरह की भाषा का प्रयोग करना गलत है। वावजूद इसके अज्ञात नंबर से मुझे लगातार मेरे निजी नंबर पर कॉल करके अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। यह कॉल करने वाले व्यक्ति द्वारा शायद किसी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर इस तरह की हरकत की जा रही है। कॉल किए जाने वाले व्यक्ति द्वारा किए गए मौखिक दुर्व्यवहार से ऐसा भी प्रतीत होता है कि उपरोक्त कॉल करने वाला व्यक्ति काफी उत्तेजित स्वभाव का है। जिससे मेरी राजनीतिक छवि धूमिल होने के साथ ही मेरे जीवन को खतरा भी हो सकता है। आरोपी व्यक्ति द्वारा जिस तरह के अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है, वे अनुचित और भ्रामक बातें थी। ऐसा भी प्रतीत होता है कि किसी राजनीतिक प्रतिद्वंदी द्वारा उपरोक्त कॉल करने वाले व्यक्ति को उकसा कर ये कॉल करवाई गई हैं।

उनके द्वारा, उपरोक्त मोबाइल नंबर धारक या आरोपी व्यक्ति की पहचान कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग और जानलेवा धमकी की घटना को पार्टी बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा किसार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में इस तरह के व्यवहार की मंजूरी कतई नहीं दी जा सकती है। देवभूमि की संस्कृति और परम्परा के लिए ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं। लिहाजा उम्मीद करती है कि पुलिस द्वारा आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित इस तरह के असभ्य व्यवहार और धमकी से भाजपा कार्यकर्ता अपने कर्तव्य पथ से विच. लित नहीं होने वाले है।

### जोशी ने हरि बल्लभ अवस्थी के निधन पर जताया दु:ख

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हरि बल्लभ अवस्थी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिवारजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी रविवार को देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित आर्मी अस्पताल पहुंचकर हरि बल्लभ अवस्थी का हालचाल जानने गए थे। इसी दौरान देर शाम अस्पताल में उनका निधन हो गया, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने शोक व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि दिवंगत हरि बल्लभ अवस्थी के दोनों पुत्र भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना में सेवारत थे, जो कुछ वर्ष पूर्व देश सेवा करते हुए शहीद हो गए थे। दिवंगत हरि बल्लभ अवस्थी लंबे समय से बीमार चल रहे थे जहां देर शाम उनका आज निधन हो गया है।

# वीआईपी का नाम जानने सड़कों पर उतरे कांग्रेसी व उक्रांद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई/विकासनगर।** सोशल मीडिया के माध्यम से अंकिता भंडारी हत्याकांड पर रोज हो रहे खुलासे पर सेलाकुई में कांग्रेसियों का गुस्सा फूट पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरिपुर गांव से होते हुए सेलाकुई बाजार तक जन आक्रोश रैली निकाली। वहीं अं. कता भंडारी हत्याकांड में वांछित वीआईपी के विरुद्ध उत्तराखंड क्रान्ति दल की विकासनगर इकाई द्वारा जोरदार पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से दल ने सरकार और जांच एजेंसियों की निष्क्रियता के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया।

सहसपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पवार ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड पर रोज हो रहे खुलासे से बीजेपी की जमीन खिसक गई है इसलिए बीजेपी नेताओं के ऊपर कारवाई ना करके विपक्षियों एवं पत्रकारिता के चौथे स्तंभ को निशाना बना रही है जिसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि जल्दी पुष्कर धामी ने सीबीआई जांच की संतुति नहीं की तो सेलाकुई से कार्यकर्ताओं का एक विशाल जन समूह पैदल मुख्यमंत्री आवास तक नंगे पैर मार्च करते हुए पुष्कर सिंह धामी का इस्तीफा मांगेगा। रैली को क्षेत्रीय दल यूकेडी ने भी अपना समर्थन देते हुए यूकेडी नेत्री रुक्मणी सजवान ने कहा कि अब पहाड़ की नारी घर बैठेगी नहीं इन सत्ता के मठाधीशों को सत्ता से बाहर करके ही रहेगी। कार्यक्रम में सहसपुर कांग्रेस प्रभारी संजय कुमार, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अशोक नेगी, अरविंद शाह, अनीश अहमद, यूकेडी नेत्री रुक्मणी सजवान, सोबत सिंह सजवान, उत्तराखंड पर्वतीय श्रम समिति के अध्यक्ष जसवीर राणा, देवेंद्र नेगी, हरीश बिष्ट, नीलम नेगी, आशा रावत, नीलम थापा आदि मौजूद रहे।

# गोदियाल ने लगाया छवि धुमिल करने का आरोप

**एसएसपी को सौंपा पत्र, दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग,5 दिन में कार्यवाही न हुई तो पुलिस मुख्यालय का होगा घेराव: कांग्रेस**



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधक्षीक नगर प्रमोद कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम संबोधित पत्र सौंपते हुए उनके और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम संबोधित शिकायती पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि 27 दिसम्बर 2025 को कुछ असामाजिक तत्वों की और से 'एक' सोशल मीडिया के फेस बुक अकाउंट के माध्यम से एआई एप का दुरूपयोग करते हुए मेरी राजनैतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की गलत नीयत से एक वीडियो एवं धर्म विषेश की पहचान वाली पोस्ट डाली गई है।

गोदियाल ने कहा कि मैं विधानसभा क्षेत्र थलीसैण एवं विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से उत्तराखण्ड विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्य रहा हूं तथा वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष हूं। राष्ट्रीय राजनैतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में देशभर में मेरी अपनी राजनैतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा है। इसी प्रकार 2022 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मेरी राजनैतिक एवं सामाजिक छवि को धूमिल करने की दृष्टि से मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर एक झूठा पत्र सोशल मीडिया में वायरल कराया गया था। कहा कि यदि इस मामले में 5 दिन के अन्दर तत्काल कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी पुलिस मुख्यालय के घेराव को बाध्य होगी।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला, महामंत्री राजेन्द्र शाह, निवर्तमान मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, सुवर्षा पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, गरिमा महरा दसौनी, राजेश चमोली, विरेन्द्र पोखरियाल, महेन्द्र नेगी, अमरजीत सिंह, विशाल मौर्य, पंकज क्षेत्री, प्रदीप जोशी, अभिनव थापर, आशा मना. रमा शर्मा, सेवादल अध्यक्ष हेमा पुरोहित, गोपाल सिंह गडिया, मनमोहन शर्मा, मनीश नागपाल, जगदीश धीमान, सुरेन्द्र रांगड़, यशपाल चौहान, शिवानी थपलियाल मिश्रा, ललित भद्री, सावित्री थापा, विनीत प्रसाद बन्टू भट्ट, सुनित सिंह राठौर, बलवीर सिंह पंवार मौजूद थे।

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले नाबा. लिक आरोपी गिरफ्तार

**सेलाकुई।** औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में हुई चोरी की घटना को अजांम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में चोरी किया गया माल बरामद किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी नाबालिक (विधि विवादित किशोर, बालक है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को वादी शैलेश कुमार पुत्र मोहन स्वरूप निवासी सन केयर फार्मास्यूटिकल सेलाकुई के द्वारा थाना सेलाकुई पर आकर प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात चोरो के द्वारा कंपनी से तांबे के तार अल्युमिनियम का सामान बिजली के तथा अन्य सामान चोरी कर लिए गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सेलाकुई पर तत्काल सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत घटना के अनावरण एंव आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस टीम का गठन किया गया।

# जौनसारी फिल्म मैरे गांव की बाट को सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंडी फिल्म का सम्मान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**नई दिल्ली/ देहरादून।** गढ़वाल भवन की 102वें स्थापना दिवस पर जौनसारी फिल्म "मैरे गांव की बाटष को सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंडी फिल्म का सम्मानराष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उत्तराखण्ड प्रवासियों के गौरव प्रतीक गढ़वाल भवन की 67वें स्थापना जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में जौनसारी भाषा की पहली फिल्म ष्मैरे गांव की बाटष को 2023 और2024 की सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंडी फिल्म घोषित करते हुए इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक को "गढ़ गौरव वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सम्मानख2025" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जौनसारी संस्कृति की विरासत, सामाजिक संरचना और मूल्यों को सिनेमा के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड की आंचलिक फिल्मों ने राज्य की विविध लोक भाषाओं, सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक यथार्थ और क्षेत्रीय समस्याओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही इन फिल्मों के विस्तार से लेखकों, गीतकारों, संगीतकारों, कलाकारों, तकनीशियनों तथा सिनेमाघरों से जुड़े कर्मियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

ष्मैरे गांव की बाटष जौनसारी भाषा की पहली फिल्म है, 'जिसे 5 दिसंबर 2024 को उत्तराखंड, दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया था जो लगभग डेढ़ महीने तक हाउसफुल रही।फिल्म को समाज के सभी वर्गों से व्यापक सराहना मिली है। जौनसार के पर्वतीय परिवेश में बुनी गई इसकी सशक्त कहानी, प्रभावशाली पटकथा, उत्कृष्ट गीत-संगीत और सधा हुआ निर्देशन इसे उत्तराखण्डी लोक भाषाओं के सिनेमा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाते हैं।

# वीआईपी की गिरफ्तारी हो

## कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** अंकिता हत्याकांड मामले में ऑडियो वायरल होने के बाद विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त नारेबाजी के साथ देर शाम नगर में कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। देर शाम नगर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला, जो कि कोतवाली चौराहे और मुख्य बाजार से होता हुआ मुख्य मार्ग में घूम कर गांधी पार्क में जनसभा में तब्दील हो गया। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर अंकिता हत्याकांड के वीआईपी आरोपियों को बचाया गया, अब भाजपा विधायक की कथित पत्नी द्वारा ऑडियो वायरल करने के बाद पूरे प्रकरण में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की संलिप्तता का खुलासा हो गया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि यदि अविलंब प्रकाश में आए वीआईपी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया तो कांग्रेस जबरदस्त आंदोलन पूरे प्रदेश स्तर पर शुरू करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन पांडे, पुष्कर दानू, हरेंद्र बोरा, राजेंद्र सिंह खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, डा बालम सिंह बिष्ट, प्रमोद काला.ेनी, संदीप पांडे, मीना कपिल, किरन जोशी, मुन्नी पांडे, माया देवी, हेमंत पांडे, सूरज राय, कमलेश यादव और कुंदन सिंह मेहता समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# किसान विकास क्लब की मासिक बैठक में उठी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) की मासिक बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान को लेकर निर्णय लिए गए। अनाज मंडी स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर उन्हें नमन कर उनके त्याग और बलिदान को स्मरण किया गया। क्लब के उपाध्यक्ष सरदार अर्जुन सिंह ने किसानों को गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बैठक में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने मुरादाबाद-काशीपुर के बीच बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-734 के निर्माण में अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सड़क के भरान में मिट्टी की जगह फैक्ट्रियों से निकलने वाला सफेद रंग का केमिकल युक्त अपशिष्ट और काली राख डाली जा रही है। किसानों को आशंका है कि बारिश के दौरान यह अपशिष्ट बहकर खेतों में पहुंचेगा, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होगी और फसलों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। किसानों ने मांग की कि इस पर तत्काल रोक लगाई जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। वहीं किसानों ने वर्ष 1983 अथवा इससे पूर्व वर्ग-4 पर काबिज भूमि को सरकार द्वारा वर्ग-1(ख) में परिवर्तित किए जाने का मुद्दा भी उठाया। इसके अलावा खेतों के बीच से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन को सड़क किनारे शिफ्ट करने की मांग भी उठाई गई। बैठक में सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी, टीका सिंह सैनी, रवि कुमार, भीम सिंह, डॉ. अशोक अरोरा, देवी सिंह यादव, चौधरी सतपाल सिंह, रवि साहनी, उपेन्द्र शर्मा सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## आल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, चालक जख्मी

**बागेश्वर।** रविवार तड़के एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क से 15 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। कार में सवार चालक हादसे में घायल हो गया। घायल को पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक पहुंचाया, जिसके बाद 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां घायल का उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन रोड कांडे गांव के पास यूके 02 टीए 2017 एल्टो कार सड़क से अनियंत्र होकर खेतों में जा गिरी। जिसमें सवार चालक राजेंद्र सिंह पुत्र पान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लोगो ने तत्काल फायर टीम को दी। मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सड़क तक पहुंचाया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा। इधर डाक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे वार्ड में भर्ती कर दिया है।

## एक नजर

### 5 साल से फरार सिद्धदोष बंदी गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्तों व कोविड-19 के दौरान पैरोल पर छोड़ें गये सिद्धदोष बंदियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा कोविड-19 के दौरान वर्ष 2020 में जेल से पैरोल पर छोड़े गए सिद्धदोष बंदी आनंदपाल सिंह पुत्र खूबी सिंह निवासी अब्दुल्लानगर लेदा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को जो लगभग 5 साल से फरार चल रहा था की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त सिद्ध दोष बंदी को गत दिवस किया गया। पकड़े गए सिद्ध दोष बंदी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत उसे उप कारागार हल्द्वानी दाखिल किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र सामंत, हेड कां. सुरेंद्र कुमार, कां. जगदीश चंद्र सिंह शामिल रहे।

### धर्म रक्षक धामी पुस्तक के विमोचन में शामिल हुए महापौर दीपक बाली

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने हरिद्वार पहुंचकर ऋषिकुल आयुर्वेद राजकीय महाविद्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा उत्तराखंड को विकसित और आत्मनिर्भर हेतु किए जा रहे कार्यों पर आधारित पुस्तक धर्म रक्षक धामी के विमोचन समारोह में शामिल हुए। यह पुस्तक मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा लैंड जिहाद, लव जिहाद, अवैध अतिक्रमण, धर्मांतरण एवं प्रदेश में सांस्कृतिक-धार्मिक मूल्यों की रक्षा हेतु उठाए गए सख्त कदमों पर केंद्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम जी महाराज ने की। समारोह में परम पूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट, पुस्तक की लेखिका डॉ. सोनाली मिश्रा, रीना मानसेरा सहित संत समाज के सैंकड़ों ऋषि मुनियों और अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री श्री धामी को धर्म रक्षक और धाकड़ धामी बताया और कहा कि वे सनातन की नई पहचान है जो उत्तराखंड के धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप की रक्षा करते हुए उसे धर्मपथ के साथ-साथ विकास पथ पर भी तेजी से आगे ले जा रहे हैं।

### कांग्रेस स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी

**काशीपुर।** 140 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस के स्थापना दिवस पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा, गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, एओ ह्यूम के चित्रों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिवगंत नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश महासचिव एवं एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास बलिदान और त्याग का इतिहास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जाति-धर्म से उपर उठकर जनता के लिए काम किया है। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्र में विकास के नए आयाम लिखे हैं। जिसका श्रेय कांग्रेस के दिवगंत नेताओं को जाता है। संचालन मुशर्रु हुसैन ने किया। कार्यक्रम में विकल्प गुड़िया, राकेश भगत, मोहम्मद हनीफ अंसारी, डॉ. करण पाल, इलियास महीगीर, सुभाष पाल, गोपाल सिंह सैनी, त्रिलोक सिंह अधिकारी, विकल्प गुड़िया, सुशील भटनागर, गौरव रस्तोगी एडवोकेट, जगदीश चंद्र पपने, दीपक गुप्ता, अनिल शर्मा रहे।

### प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई हो

**अल्मोड़ा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला इकाई ने रविवार को चौघानपाटा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की पुन: निष्पक्ष जांच कराने तथा कथित रूप से शामिल प्रभावशाली व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2022 में हुए इस जघन्य हत्याकांड में विशेष सत्र न्यायालय द्वारा तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद पीड़ित परिवार और आम जनता का मानना है कि मामले में कुछ प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जांच अब तक अधूरी है। हाल के दिनों में सामने आए कथित ऑडियो और वीडियो क्लिप के बाद संदेह और गहराया है, जिससे नए सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने स्पष्ट मांग की कि प्रकरण की जांच सीबीआई से कराई जाए। प्रदर्शन में प्रांतीय सचिव सुनीता पांडे, प्रिया, चाहत, विजयलक्ष्मी, यूसुफ तिवारी, प्रमोद तिवारी, अशोक पंत, सरस्वती देवी, जया पांडे, चंद्रा देवी, प्रेम जड़ौत, हेमा अधिकारी, आनंदी मेहरा, आनंदी कनवाल, क्रांति कुमार जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंकिता हत्याकांड की फिर से जांच हो: कांडपाल

**शांतिपुरी।** जवाहर नगर निवासी राज्य आंदोलनकारी ललित कांडपाल ने कहा कि उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण



से जुड़े घटनाक्रमों के बीच, प्रदेश की राजनीति में कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों के नाम सार्वजनिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक रूप से जनमानस में प्रश्न उत्पन्न कर रहा है। ये चर्चाएं किसी भी प्रकार का न्यायिक निष्कर्ष नहीं हैं, किंतु लोकतंत्र में जनभावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। कहा कि सरकार को चाहिए इस हत्याकांड की पुन: जांच करनी चाहिए और वह जांच सीबीआई के द्वारा होनी चाहिए। हत्याकांड में उठ रहे जिससे सवालों से स्पष्टीकरण हो सके और ऐसे समय में, जब भाजपा देश और प्रदेश में मजबूत स्थिति में है, पार्टी की प्रतिष्ठा और निष्पक्ष जांच की प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने के लिए नैतिक आधार पर आत्ममंथन अपेक्षित है।

### रानीखेत के ऐरोड़ ग्राम सभा में खुली बैठक

**रानीखेत।** नगर के निकटवर्ती ग्राम सभा ऐरोड़ में रविवार को ग्राम प्रधान खष्टी अधिकारी की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य हिमांशु कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने खुलकर अपने विचार रखे, जिन्हें कार्ययोजना में सम्मिलित करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम का संचालन कैलाश अधिकारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का माल्यार्पण गांव के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया। ग्राम सचिव रविंद्र रावत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के निराकरण के लिए शीघ्र ही ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। ग्राम प्रधान खष्टी अधिकारी ने कहा कि गांव के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान करना उनका कर्तव्य है। उप प्रधान प्रमोद अधिकारी, डिगर सिंह, त्रिलोक सिंह, नरेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह, पूरन सिंह, सुंदर सिंह, भगवती देवी, कमला देवी रहे।

# ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले की तैयारी तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले की तैयारी तेज हो गई है। सरयू तथा गोमती नदी में अस्थायी पुल बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को हर्ष आर्ट के स्टूडेंट्स द्वारा सरयू नदी किनारे घाटों के आस पास रंग रोगन एवं पेंटिंग का कार्य किया गया। जिससे सरयू बगड़ घाट में बने रंगारंग चित्र घाटों के रौनक बढ़ा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल पूरी टीम के साथ लगातार मेला स्थल का स्थानीय निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरयू बगड़ से लेकर नुमाइशखेत में दुकानें बनाई जाएंगी। इसके लिए दुकानों के साइजों की नपाई होने लगी है। इन दुकानों को बाहरी क्षेत्र से आने वाले दुकानदारों को दिया जाएगा। विदित हो कि उत्तरायणी मेला 13 से 20 जनवरी तक लगेगा। इसके लिए नगर पालिका ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। मेले को भव्य बनाए जाने के लिए समितियों का गठन किया गया है। बताया जा रहा है कि मेले में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए 25 अतिरिक्त पर्यावरण मित्रों की तैनाती की जाएगी। अस्थायी शौचालय बनाए जाएंगे। पॉलीथिन का प्रयोग कतई नहीं होने दिया जाएगा। बाहर से आने वाले दुकानदारों का सत्यापन हर हाल में होगा। उन्होंने कहा कि मेले को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। पालिका की आय बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा क्षतिग्रस्त पैराफिटों की मरम्मत, पुलों में रंग रोगन किया जा रहा है।

# भूमाफिया के खिलाफ जन आंदोलन तेज

## चितई गांव में अतिक्रमण के विररोध में निर्णायक लड़ाई का ऐलान



शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जनपद के चितई गांव में भू-माफिया की बढ़ती गतिविधियों और ग्राम भूमि, जंगलों, रास्तों व सार्वजनिक संसाधनों पर हो रहे अतिक्रमण के विरोध में रविवार को चितई में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि आंदोलन केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सड़क से लेकर उच्च न्यायालय तक कानूनी और संवैधानिक लड़ाई लड़ी जाएगी। उत्तराखंड जन चेतना मंच के बैनर तले सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला के नेतृत्व में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पहाड़ की जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि पहाड़ की अस्मिता, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य है। इसे किसी भी कीमत पर भू-माफिया के हाथों लुटने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक संरक्षण में कुछ तत्व ग्राम भूमि, पारंपरिक रास्तों और सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। वक्ताओं ने बताया कि सभी आवश्यक दस्तावेज, खतौनी, नक्शे और प्रमाण तैयार हैं तथा कानूनी कार्यवाही को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कहा कि समय रहते भू-माफिया पर लगाम नहीं लगी तो पहाड़ में परंपरागत रास्ते बंद हो जाएंगे, जल स्रोतों पर संकट गहराएगा, पलायन और तेज होगा तथा आने वाली पीढ़ियां अपनी ही जमीन से वंचित हो जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश चंद्र आर्य ने किया। यहां एड. विनोद तिवारी, जगदीश जोशी, अभिषेक पंत, प्रकाश चंद्र, नितिन पंत, राजू कांडपाल, बसंत राम, संजय पुना, राजेश पुना, शिवराज पुना, बिशन राम, राजेंद्र सिंह बोरा, वीरेंद्र रौतेला, मोहन चंद्र, महेंद्र कुमार, मोहन चंद्र रूवाली, अतुल रूवाली, वीरेंद्र सिंह रौतेला, राजू बोरा, पारस कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# संसद में किया उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व

## पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्रों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझा



शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र नील यक्ष बोरा ने हाल ही में लोकसभा सचिवालय के संसद अनुसंधान और लोकतंत्र प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित संसद अध्ययन यात्रा में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर इतिहास रच दिया। किसी एक शैक्षणिक सत्र में नई दिल्ली स्थित संसद भवन में तीसरी बार पंतनगर विश्वविद्यालय ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। अध्ययन यात्रा के दौरान नील और अन्य प्रतिभागियों को पुरानी तथा नई संसद भवन का भ्रमण साथ भारतीय संसद की कार्यप्रणाली, इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता सेनानी तथा शिक्षाविद् पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विशेष रूप से प्रतिभागियों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा संबोधित किया गया, जिन्होंने युवाओं को लो.कतांत्रिक संस्थाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने और संवैधानिक मूल्यों के पालन पर बल दिया। नील यक्ष बोरा ने उत्तराखंड और पंतनगर विश्व.विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर डा. अमित केसरवानी, स्टाफ काउं.सलर, साहित्य सोसाइटी का व्यक्तिगत रूप से हार्दिक आभार जताया। डा. केसरवानी ने कहा ये गर्व की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय के छात्र सर्वश्रेष्ठ मंचों पर अपने वक्तव्य को साझा कर रहे हैं और ये प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना और अन्य संकाय सदस्यों ने भी इस अभूतपूर्व सफलता की हार्दिक बधाईयां दीं।

# अफवाह फैलाने पर वन विभाग ने दो लोगों को दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** सोशल मीडिया पर भालू की भ्रामक जानकारी एवं फोटो डालने पर वन विभाग सख्त हो गया है। जिले में दो लोगों को विभाग ने कड़ी चेतावनी दी है, यदि भविष्य में ऐसी गलती दोहराई गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से जिले में भालू की आवाजाही सोशल मीडिया में बढ़ गई है। आए दिन कहीं न कहीं भालू दिखाई देने की सूचना सोशल मीडिया में जनरेट की जा रही है। सूचना के बाद वन विभाग ने कई गांवों में ट्रैम्प कैमरे लगाए। लेकिन भालू की आवक कही से भी कैमरे में कैद नहीं हुई। इससे विभाग की चिंता और बढ़ गई है। जिसके बाद विभाग ने सोशल मीडिया में डाली जा रही भालू की फोटो को बारीकी से जांचा। जिसमें पाया गया कि एक सोशल मीडिया हैंडल में एआई जनरेट भालू की फोटो तो दूसरे हैंडल से रुद्रप्रयाग जिले के भालू की फोटो दिखाई थी। जिस पर विभाग अब सख्त हो गया है। धरमघर रेंज के दो लोगों को विभाग ने कड़ी चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गलती दोहराई गई तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने कहा कि सोशल मीडिया में भ्रामक सूचना न फैलाएं, किसी भी घटना या फोटो की जानक.ारी नजदीकी वन रेंज को दें, ताकि मामले की सत्यता सामने आ सके। उन्होंने बताया कि ऐसे दो लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया है।

# आतंक का पर्याय गुलदार पिंजरे में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से दहशत का कारण बने गुलदार को आखिरकार वन विभाग ने पकड़ लिया। रविवार सुबह महतगांव में लगाए गए पिंजरे में गुलदार के फंसने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू की कार्रवाई की। वन विभाग के अनुसार बीते कुछ समय से महतगांव और आसपास के इलाकों में गुलदार की लगातार गतिविधियां देखी जा रही थीं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। लोगों की शिकायतों को बाद विभाग ने क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाने के साथ ही पिंजरा लगाया। रविवार सुबह गुलदार पिंजरे में फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार लोहनी ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार नर है, जिसकी उम्र लगभग पांच वर्ष है। रेस्क्यू के बाद गुलदार को सुरक्षित रूप से अल्मोड़ा स्थित मृग विहार भेज दिया गया है, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुलदार की लंबाई करीब ढाई मीटर है। वन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में गश्त और निगरानी अभी भी जारी रहेगी, ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की असुविधा न हो। गुलदार के पकड़े जाने के बाद महतगांव समेत आसपास के गांवों में लोगों ने राहत महसूस की है। रेस्क्यू अभियान में वन दरोगा शिव राम, संजय जोशी, अमित नेगी, कुंदन गैड़ा, नीरज बिष्ट और धीरेंद्र उप्रेती आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकार की नीतियों पर खड़े किए सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक समरसता और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि देश इस समय कई गंभीर चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। गोष्ठी में संगठनात्मक मजबूती पर भी जोर दिया गया और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें और



कांग्रेस के स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी

जनविरोधी नीतियों को उजागर करें। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, सेवादल अध्यक्ष दिनेश नेगी, महानगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, मनोज बिष्ट, आनंद राम, गोविंद सिंह मेहरा, किरण आर्या, फहीमउद्दीन, देव सिंह कनवाल, दिनेश पिलख्वाल, गीता मेहरा, जया जोशी, पूरन रौतेला, परितोष जोशी, एनडी पांडे, कुंदन नेगी आदि मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस रानीखेत कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में उसके अतुलनीय योगदान तथा देश को एकजुट रखने में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की, जबकि संचालन चिलियानौला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बोरा ने किया। यहां कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, विश्व विजय सिंह माहरा, चंदन बिष्ट, हबीब अहमद, प्रदीप रावत, रमेश पंत, गोविंद राम, जितेंद्र प्रसाद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वैश्य समाज की विभूतियों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित एक होटल में श्री अग्रवाल सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा संगठन के दायित्वधारी वैश्य समाज की विभूतियों समेत प्रतिष्ठित व्यवसाईयों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ महाराज अग्रसेन जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तदोपरांत अतिथिगण का स्वागत हुआ और फिर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल तथा उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गोयल समेत गणमान्यों को श्री अग्रवाल सभा काशीपुर के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि जब समाज अपने कीर्ति पुरूषों का सम्मान करता है तो समाज का मान भी बढ़ता है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। समारोह में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, मंत्री अभिषेक गोयल, उपमंत्री अविरल सिंघल, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, बांके गोयंका, पवन अग्रवाल, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, पीयूष नागलिया, सचिन गोयल, विकास जिंदल, विनीत संगल, संजीव जिंदल, राकेश अग्रवाल, पंकज विन्दल सीए, ब्रह्मप्रकाश गोयल, शरद गोयल, हिमांशु गर्ग, राजीव अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, एमपी गुप्ता, सुरेश गोयल, केसी बंसल, एसके अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, अर्पण जिंदल, प्रियंका अग्रवाल, सनत पैगिया, आशीष गुप्ता समेत रामनगर अग्रवाल सभा, जसपुर अग्रवाल सभा, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, भारतीय वैश्य महासंघ, कुमायूं वैश्य महासभा के साथ ही श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में वैश्य बन्धु उपस्थित रहे।



# कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च निकालकर अंकिता भंडारी हत्याकांड की सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की। गत सायं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने यहां महाराणा प्रताप चौक पर कैंडल मार्च निक.ाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंकिता हत्याकांड के दोषियों को सजा देने की मांग की। अलका पाल ने कहा कि भाजपा सरकार वीआईपी को संरक्षण देकर इस हत्याकांड में दोषी लोगों का नाम छिपाने की साजिश कर रही है। एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने कहा कि एक षडयंत्र के तहत अंकिता भंडारी की हत्या की गई और भाजपा सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। इस दौरान विमल गुड़िया, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, ब्रह्मपाल, जितेंद्र सरस्वती, मंसूर अली मंसूरी, महेन्द्र बेदी, गोपाल सैनी, टीका सिंह सैनी, पार्षद सरफराज, हनीफ गुड्डू, राशिद फारुकी, मोहम्मद आरिफ, अब्दुल कादिर विनोद मेहरोत्रा, राजेश शर्मा, सुभाष पाल, त्रिलोक सिंह अधिकारी, विनोद होंडा, शुभ्रा शर्मा व अर्जुन रावत आदि मौजूद रहे।



# शिविर का रंगारंग समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** रविवार को शांतिपुरी नंबर एक पंचायत भवन परिसर में राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रेम प्रकाश आर्या ने शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों एवं विषम परिस्थितियों में शिविर को सफलता पूर्वक संचालित करने वाली शिविर प्रभारी प्रियंका पवार को पारितोषिक व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों से एनएसएस के उद्देश्यों को अपने जीवन में उतार कर समाज एवं राष्ट्र हित में कार्य करने की अपील की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, पूर्व मंडी अध्यक्ष दिग्विजय खाती, क्षेत्र पंचायत सदस्य सरोजनी सोनू कार्की एवं कुंदन सिंह दानू ने



स्वयंसेवकों को उनके सराहनीय योगदान के लिए पारितोषिक देकर प्रोत्साहित किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट एवं पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कविता तिवारी, प्रधान तारा पांडे, मोहन पांडे, बिशन सिंह कोरंगा, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा सेनि., जगदीश कांडपाल, प्रवक्ता फकीर चंद, एनपी सिंह, चंदन सिंह नेगी, नारायण सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

# गौलापार बाईपास में टूरिस्ट बस और डंपर में भिड़ंत, दो घायल

## बड़ा हादसा टला, घायल दोनों वाहनों के चालकों को इलाज के बाद मिली छुट्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार की सुबह गौला बाईपास पर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। आंवला चौकी गेट के पास एक टूरिस्ट वॉल्वो बस और डंपर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई।

हालांकि डिवाइडर के कारण हादसा अधिक गंभीर नहीं हुआ और टूरिस्टों से भरी बस गड्डे में गिरने से बच गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पर्यटकों से भरी वॉल्वो बस गौला बाईपास से दिल्ली को जा रही थी। बस जैसे ही आंवला चौकी गेट के पास पहुंची, तभी डिवाइडर के कट से एक डंपर तेज रफ्तार में आ गया। दोनों वाहन एक-दूसरे की ओर बढ़ते गए और बिना किसी की रफ्तार कम किए, दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर सड़क से उतरकर नीचे गड्डे में गिर गया, जबकि वॉल्वो बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर रुक गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि बस में चालक और परिचालक समेत कुल 12 लोग सवार थे, जबकि डंपर में केवल चालक था। हादसे में बस चालक सोनू मुरादाबाद निवासी और डंपर चालक राजू एटा उत्तर प्रदेश निवासी को मामूली चोटें आईं। दोनो चालकों को उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। वहीं पुलिस ने हादसे के बाद सभी वॉल्वों बस में सवार 12 पर्यटकों को सुरक्षित रूप से दूसरी बस से दिल्ली भेजा गया।



## हाईकोर्ट में हिंदी अनुवाद इकाई स्थापित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता, जगदीश चंद्र जोशी ने उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार को एक प्रतिनिधित्व भेजा है, जिसमें हाईकोर्ट में हिंदी अनुवाद इकाई स्थापित करने और न्यायिक आदेशों को हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी करने की मांग की गई है। जोशी का कहना है कि उच्च न्यायालय के अधिकांश आदेश केवल अंग्रेजी में होते हैं, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को समझने में परेशानी होती है। उनका मानना है कि न्याय तभी प्रभावी होता है जब उसे प्रभावित व्यक्ति पूरी तरह से समझ सके। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की पहल का उदाहरण देते हुए राज्य और केंद्र सरकार से इस व्यवस्था को लागू करने की अपील की है।

# थाने में गुज़री पर्यटक की रात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने शनिवार रात को नैनीताल में नए साल का जश्न मनाने आए पर्यटकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने ऐसे पर्यटकों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए यात्रा की थी। इन पर्यटकों को पूरी रात थाने और चौकियों में बितानी पड़ी, साथ ही उनके वाहनों को भी सीज कर दिया गया। अब इनकी ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। दो दिन पहले ही एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने नैनीताल आने वाले पर्यटकों को सचेत करते हुए कहा था कि वे नियमों का पालन करते हुए आएं और अच्छा अनुभव लेकर जाएं। इस निर्देश की अवहेलना करने वालों को पुलिस ने शनिवार रात कड़ी सजा दी। पुलिस की ताबड़तोड़ चेकिंग के दौरान काठगोदाम में गोपालनगर बरेली के निवासी आर्यन शर्मा को गिरफ्तार किया गया, जो शराब पीकर कार चला रहा था। पुलिस ने उसे रात भर थाने में बैठाया और उसकी कार को सीज कर दिया। इसके अलावा, कार चालक संजय दानू सुभाष नगर, हल्द्वानी, डंपर चालक पवन कुमार सुयाल खेड़ा, गौलापार, और स्कूटी चालक निश्चल पांडे शीशमहल काठगोदाम को भी गिरफ्तार किया गया। शनिवार को पुलिस ने कुल 253 वाहनों का चालान किया और 66,700 रुपए का जुर्माना वसूला। साथ ही तीन वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए संभागीय परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

## आरटीओ चालान के नाम पर आए लिंक ने उड़े खाते से दस लाख

**हल्द्वानी।** मोबाइल पर आए एक धोखेबाज लिंक ने एक व्यक्ति का बैंक खाता खाली कर दिया। घटना में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी और बताया कि एक लिंक के जरिए उनके खाते से 10 लाख रुपए गायब हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शिवाशीष कालोनी रामपुर रोड निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि पिछले माह उनके मोबाइल पर एक लिंक आया, जिसमें लिखा था कि उनका वाहन का चालान हो गया है। लिंक पर आरटीओ का नाम लिखा था, जिससे पंकज ने इसे खोला और चालान की जानकारी लेने की कोशिश की। जैसे ही पंकज ने लिंक खोला, वह संदेश उनके मोबाइल के सभी कॉन्टेक्ट्स तक पहुंच गया। इसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। जब पंकज ने मोबाइल को फिर से खोला, तो सब कुछ ठीक लग रहा था, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके बैंक खाते से 10 लाख रुपए ट्रांसफर हो गए। इसमें दो ट्रांजेक्शन, जिनमें 5-5 लाख रुपए थे, शामिल थे। पीड़ित ने टोल-फ्री नंबर-1930 पर दो बार कॉल की, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं हो सकी क्योंकि कॉल रिसीव नहीं की गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

## योगाभ्यास किया

**हल्द्वानी।** साथी संगठन के साप्ताहिक जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क शहीद पार्क में योग करो, स्वस्थ रहो थीम पर योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के वरिष्ठ नागरिकों ने ठंड के मौसम को देखते हुए शरीर को गर्म रखने वाले विभिन्न योगासन व योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 में लोक पर्व उत्तरायणी के अवसर पर उत्थान मंच हीरानगर द्वारा आयोजित प्रस्तावित शोभा यात्रा में संगठन की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान आनंद सिंह भाकुनी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह गौनिया, डीडी शर्मा, राजेंद्र सिंह बोरा, मोहन सिंह मेहरा, आनंद सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, केके जोशी, भुवन चंद्र उप्रेती, किशोर कुमार जोशी रहे।

# कांग्रेस आज भी देश की आवाज़: बिष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को स्वराज आश्रम में हल्द्वानी महानगर कांग्रेस द्वारा विचार गोष्ठी और संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान और पार्टी की लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह भारत की बुनियाद, उसके निर्माण और उसके इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के आज़ाद भारत के सपनों से लेकर मौलाना आज़ाद की जेलों में लिखी गई तहरीरों तक, महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बलिदान तक कांग्रेस का इतिहास देश की आत्मा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज जब कांग्रेस से उसके अस्तित्व की गवाही मांगी जा रही है, तब भारत की आज़ादी, एकता और लोकतंत्र की पूरी यात्रा स्वयं कांग्रेस की सबसे बड़ी गवाही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश के विकास, एकता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। कार्यक्रम में पार्षद भागीरथी बिष्ट, पूर्व पार्षद राधा आर्य, प्रदेश सचिव डा. मयंक भट्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पार्षद एडवोकेट धर्मवीर, राधा चौधरी, देवकी देवी, सुनीता टम्टा, जगमोहन बगड़वाल, कैलाश साह, जगदीश वाणी, गोविंद बगड़वाल, संजू उप्रेती, संदीप जोशी, हरीश लाल वैध, भुवन चंद्र, प्रकाश चंद्र, चंदन भाकुनी, अमित रावत, एडवोकेट किशोर जोशी, एडवोकेट योगेंद्र पाठक, एडवोकेट शाद अली, एडवोकेट कोमल जायसवाल, मनोज भट्ट, प्रदीप बिष्ट, राजा रवि पांडे, राजकुमार आदि उपस्थित थे।



स्थापना दिवस पर स्वराज आश्रम में विचार गोष्ठी

## बच्चों संग महिला लापता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ लापता हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बागजाला गौलापार निवासी सोनू सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 4 दिसंबर से उसकी पत्नी पवी देवी, डेढ़ वर्ष के बेटे और तीन वर्ष की बेटी के साथ घर से अचानक लापता है। पत्नी व बच्चों की काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर महिला व बच्चों की तलाश शुरू कर दी।

## एक शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बीते शनिवार को कांस्टेबल गगनदीप और युगल मिश्रा ने टीपीनगर स्थित वेदबन्धु विहार कालोनी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास मौजूद थैले से पुलिस ने 60 पाउच कच्ची शराब बरामद की। आरोपी ने अपना नाम जसवन्त सिहं पुत्र आत्मा सिंह निवासी हरिपुर जमन सिंह रामपुर रोड हल्द्वानी बताया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

## ठंड ने जोर पकड़ा

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे और सर्द हवाओं के चलते ठंड ने जोर पकड़ लिया है। रविवार तड़के से ही घना कोहरा छाने से पूरा शहर सफेद चादर में लिपटा नजर आया। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके जिससे तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई और ठंड का असर और बढ़ गया। ठंड बढ़ने से आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। घने कोहरे और सर्द हवाओं के चलते हल्द्वानी समेत आसपास के क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सुबह से ही सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही और बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा सन्नाटा पसरा रहा। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने घरों, दफ्तरों और बाजारों में अलाव और हीटर का सहारा लिया।

## अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच हो




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पहाड़ी आर्मी कार्यकर्ताओं ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पहले बुद्ध पार्क में सभा की और यहां से जुलूस निकालते हुए एसडीएम कोर्ट पहुंचे। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक संबोधित ज्ञापन भेजा। इस दौरान पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की सच्चाई सामने लाने के लिए सीबीआई जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा ऑडियो में जिन नेताओं के नाम सामने आ रहे है, उन सभी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्दी कार्यवाही नहीं की तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालो में हिमांशु शर्मा, राजेंद्र कांडपाल, भूपेन पांडे, कविता जीना, गीत चंदोला, कार्तिक उपाध्याय, कुसुमलता, देवेंद्र सिंह, बसंत सिंह, हरेंद्र सिंह राणा, मोहन सिंह बोरा, काजल खत्री, सुनीता भट्ट, ज्योति अधिकारी, कंचन रौतेला, निधि रौतेला, ज्योति जोशी, लता मेहता, भावना भट्ट, तारा चंद, गीता, आशा देवी शामिल रहे।

# एसएसपी के निर्देश पर सघन चैकिंग

## नववर्ष को लेकर जिलेभर में पुलिस अलर्ट, कई लोगों के चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 31 दिसंबर और नववर्ष के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बीती देर रात तक ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस दौरान एल्कोमीटर से वाहन चालकों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। बीती रात चलाए गए अभियान में कुल 253 वाहनों के चालान किए गए, जिनसे 66,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही तीन वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट संभागीय परिवहन विभाग को भेजी गई। काठगोदाम थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार व पुलिस टीम ने काठगोदाम नरीमन तिराहे पर रात्रि चेकिंग के दौरान नशे में वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए। इधर, कुमाऊँ का प्रवेश द्वार होने के कारण बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए जिले के बॉर्डरों पर विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस टीम बॉर्डर बैरियरों पर वाहनों को रोक. कर निर्धारित रूट और मार्गो के स्टीकर लगाए जा रहे है जिससे वाहनों को सुचारु रूप से उनके गंतव्यों की ओर भेजा जा सके और पर्यटन व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे में वाहन न चलाएं और नववर्ष का स्वागत सुरक्षित एवं जिम्मेदार तरीके से करें।



## निजी स्कूलों में गूंजेगी कुमाऊंनी भाषा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जनसेवा समिति ने निजी विद्यालयों में कुमाऊंनी भाषा के सरंक्षण और संवर्धन की पहल की है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बताया कि उनकी संस्था 2003 से विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय है, और इस कड़ी में अब विद्यालयों में जाकर कुमाऊंनी भाषा के प्रति जागरूकता फैलाने और इसे संरक्षित करने के लिए एक विशेष पहल शुरू की जा रही है। उन्होने बताया कि इसके लिए संस्था को जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से भी आवश्यक अनुमति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में कुमाऊंनी भाषा में कविता पाठ, स्वच्छता, नशा मुक्ति और पर्यावरण से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रेसवार्ता में मार्गदर्शक डा. बीना मथेला, संरक्षक पीसी पंत, नीरज बोरा, उपाध्यक्ष नंदा पांडे, सह उपाध्यक्ष पूर्णिमा पांडे, सचिव विद्या जोशी, उपसचिव अंजू पांडे, कोषाध्यक्ष ममता भट्ट, महामंत्री रमा पांडे, जन संपर्क अधिकारी माया उप्रेती, संयोजक ईश्वर चंद्र भट्ट और सदस्य पुनीता पांडे उपस्थित रहे।




# शिवसेना ने लगवाया निशुल्क शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भीमताल।** शिव सेना द्वारा भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश बिष्ट के नेतृत्व में केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर के सहयोग से रामलीला ग्राउंड, भीमताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन शिवसेना की भीमताल अध्यक्ष सीमा टम्टा, शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार भईयू, भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे, सभासद रामपाल गंगोला, पूर्व भीमताल व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, शिव सेना जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, और हरीश पांडे ने रिबन काटकर किया। शिविर में कई समाजसेवी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें हरीश चंद्र पांडे राष्ट्रीय सचिव, कराटे एसोसिएशन, उमेश पाठक वार्ड सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता चंदन बिष्ट, संदीप पांडे, शंकर सिंह, राकेश चंद्र बृजवासी और अन्य अतिथि शामिल थे। स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों की एक टीम द्वारा मुख्य रूप से घुटनों और हड्डियों की जांच की गई। इसके अलावा रक्त जांच, शुगर, बीपी की जांच, एक्स-रे सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित नि:शुल्क जांच भी की गई। शिविर में 120 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। शिविर में प्रमोद आर्या, अभिषेक कश्यप, आयुष वार्ष्णेय, अक्षय मौर्य, डा. तरुण सोलंकी, गुरविंदर सिंह और हॉस्पिटल टीम के सदस्य मौजूद थे।




## हेम पंत प्रदेश सचिव बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की केंद्रीय कार्यकारिणी ने बेरीनाग नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और समाजसेवी हेम पंत को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि हेम पंत बेरीनाग और आसपास के क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी के साथ-साथ मिलनसार जुझारू नेता है, जिनके संगठन से जुड़ने पर व्यापारी वर्ग को उनकी समस्याओं से लड़ने के लिए काफी बल मिलेगा और संगठन को भी मजबूती प्रदान होगी। मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण, राम सिंह जंगपांगी, अंशुल डांगी, डा. धर्म यादव, देवेश अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।

# प्यूड़ा में मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्राफी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आरोही बाल संसार विद्यालय प्यूड़ा में न्याय पंचायत स्तर की मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता (खेल महाकुंभ) का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ दीपक कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य ज्योति आर्या, गहना क्षेत्र और ग्राम प्रधान प्यूड़ा रेखा बिष्ट ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 60 मीटर रेस आयु वर्ग-14, बालक में सुमित पांडे, 600 मीटर रेस आयुवर्ग-14, बालक/बालिका में हरक सिंह व योगिता और 5 हजार मीटर रेस आयुवर्ग-19, बालक में कुनाल अनेरिया विजेता बने। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख दीपक कुमार ने उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित प्रमुख खेल योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री चैम्पियंस ट्रॉफी और खेलो इंडिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से राज्य की युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। प्रतियोगिता के संयोजक और राजकीय इंटर कॉलेज प्यूड़ा के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया और खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह का संचालन संयुक्त रूप से राजनारायण सिंह धामी (सहायक ब्लॉक अध्यक्ष, राजकीय शिक्षक संघ), अमित कांडपाल प्रभारी, तकनीकी समिति और मनीष त्रिपाठी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने किया। समारोह के समापन में क्षेत्रीय युवा कल्याण और प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारी गणेश सिंह पापड़ा, विजया उप्रेती, प्रदीप रस्तोगी, करुणा प्रा.वि. शिलंगधार, किशन लाल, दीपक पांडे, योगेश सिंह, विश्वनाथ अरोरा, भूपेंद्र चंद्र, वसी अहमद, पूजा बिष्ट, अनीता वर्मा मौजूद रहे।




# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय की ओर से आयोजित ओपन अनुसूचित जनजाति एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 42 पुरुष एवं 11 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। 100 मीटर पुरुष दौड़ में हरीश मतोलिया प्रथम, सुरेश द्वितीय व गोविंद तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में गौरी मतोलिया ने प्रथम, वैष्णवी मर्तोलिया ने द्वितीय व मीतीषा पटियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष में काव्य पांगती प्रथम, अरुण लोहाल द्वितीय व शौर्य निरखुया तृतीय रहे। 400 मीटर पुरुष में काव्य पांगती ने प्रथम, गौरव सिंह ने द्वितीय व सचिन ब्रडवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। 800 मीटर पुरुष दौड़ में विनोद सिंह प्रथम, हरप्रीत राणा द्वितीय व कार्तिक तृतीय रहे। 4ग100 मीटर रिले (पुरुष) में कार्तिक सिंह कोरंगा टीम प्रथम, हरीश मर्तोलिया टीम द्वितीय व काव्य पांगती टीम तृतीय रही। गोला फेंक (पुरुष) में विनोद सिंह प्रथम, कार्तिक द्वितीय व मनोज सिंह तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो महिला में वैष्णवी मर्तोलिया प्रथम, गौरी मर्तोलिया द्वितीय व मीतीषा तृतीय रही, जबकि पुरुष वर्ग में शौर्य निरखुया प्रथम, हरप्रीत राणा द्वितीय व गोविंद कोरंगा तृतीय रहे। अंडर-10 बालक 50 मीटर दौड़ में सार्थक ब्रडवाल प्रथम, हिमांश सिंह द्वितीय व कार्तिक सिंह कोरंगा तृतीय रहे। अंडर-10 बालिका वर्ग में मीतीषा पटियाल प्रथम व दशिका मर्तोलिया द्वितीय रही। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर किशोर पाल, सतीश कुमार, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, विनय जोशी, दिनेश रावत, उमेश रावत, रितिका जोशी, तनुजा आर्य, अमन नवियाल, गोविंद लटवाल, पूनम मेहता, शशि देवी, कैलाश जोशी, तनुज पांडे सहित प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे।


100 में हरीश, 200 व 400 मी. में काव्य, 800 में विनोद प्रथम

## तीन हॉकी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में चयन, ग्वालियर में होगी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्टेडियम में हॉकी खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली तीन बालिकाएं बबीता तिवारी, आरती आर्या और पलक पाल का चयन राष्ट्रीय स्कूल गेम्स हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली उत्तराखंड की बालिका हॉकी टीम में हुआ है। यह जानकारी देते हुए उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक ग्वालियर के कंपू हॉकी स्टेडियम, मध्यप्रदेश में आयोजित की जाएगी। इससे पहले, देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया था और रजत पदक जीता था। प्रतियोगिता में किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर इन तीनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रशिक्षक वरुण बेलवाल ने बताया कि तीनों खिलाड़ियां अत्यंत अनुशासित और प्रतिभाशाली हैं। इनकी सफलता पर उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिलाक्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, नीलेश गुप्ता, मोहित चौधरी, उमेश रावत, कैलाश जोशी आदि ने हार्दिक बधाई दी।

## नैनीताल में गुनगुनी धूप

**नैनीताल।** एक ओर जहां रविवार को तराई भावर कोहरे की सफेद चादर में लिपटा रहा वहीं दूसरी ओर सरोवर नगरी नैनीताल में दिनभर को मौसम खुशनुमा बना रहा। गुनगुनी धूप पूरे दिन खिली रही। स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों ने मौसम का जमकर लुत्फ उठाया। बता दें नैनीताल पहुंचे सैलानी नगर का खुशनुमा मौसम देख आश्चर्य चकित हुए। नगर में सुबह से शाम तक धूप खिली हुई थी और दिन के समय खासी गरमाहट महसूस हुई, मगर सांझ होते ही पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में बढ़ोत्तरी हो गई। लोग टोपी, मफलर पहनने को मजबूर हो गए। इधर नगर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पारा गिरकर चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तड़के ही गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा प्रीत विहार

- गोलीकांड में एक युवक की मौत, एक घायल, मौके पर पहुंचा पुलिस बल
- जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग, आरोपी फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार तड़के घने कोहरे के बीच प्रीत विहार का इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। अचानक हुई फायरिंग से वहां हड़कंप मच गया। इस गोलीकांड में एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, कोतवाल मनोज रतूड़ी समेत तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। गोली कांड की वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक प्रीत विहार क्षेत्र निवासी जमीन मालिक सिमरनजीत सिंह ने बताया कि कुछ लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जिसको लेकर विवाद चल रहा है।

सिमरनजीत सिंह ने बताया कि वह खेत की जुताई करवा रहे थे कि प्रात: दूसरे पक्ष के लोग उस पर कब्जा करने आए। जब इसका विरोध जताया तो उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बताया जाता है कि लगभग 30 से 40 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान कार्तिक, निवासी नरकटियागंज बिहार के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि कार्तिक रुद्रपुर घूमने आया था, लेकिन पैसे न होने के कारण वह अपने दोस्त सूरज के साथ काम के लिए लेबर अड्डे पर गया था, जहां से वह काम के लिए अपने दोस्त सूरज के साथ उक्त खेत में चला गया। कार्तिक की पीठ में गोली लगी। वहीं उसके साथी सूरज को भी लगी उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। बताया

सुबह-सुबह हुई इस फायरिंग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में तमाम लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। सूचना मिलने पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, रम्पुरा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा समेत तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और घटना की जानकारी ली। गोलीकांड की इस वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं।

पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। कोतवाल ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल अन्य घायल का उपचार जारी है। हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

घटना के बाद से प्रीत बिहार और आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल है। एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिन दहाड़े खेत में हुई इस फायरिंग से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## ओवरलोड में तीन वाहन सीज, 80 के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान तीन ओवरलोड वाहनों को सीज कर 80 वाहनों के चालान किए हैं। साथ ही 2.10 लाख का जुर्माना भी लगाया है। एआरटीओ प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें तीन वाहनों को ओवरलोड, बिना डीएल और बिना कागजातों के सीज किया गया। सीज किए गए वाहनों में एक ट्रैक्टर ट्राली और दो बड़े भार वाहन शामिल हैं। साथ ही बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 40 चालान किए गए हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 3 चालान और नो पार्किंग में 34 वाहनों के चालान किए गए हैं। टीम में परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज भंडारी, परिवहन सहायक निरीक्षक गणेश जोशी, प्रवर्तन आरक्षी रवि क्वीरा, डिम्पल सिंह, गौरव खाती, प्रवर्तन चालक पूरन सिंह बिष्ट रहे।

# नगर कीर्तन की तैयारियों को लेकर संगत ने चलाया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** श्री गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला बाजपुर के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह के नेतृत्व में रविवार को क्षेत्र की समूह संगत द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी विशाल नगर कीर्तन की तैयारियों के तहत आयोजित किया गया।जिससे नगर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

इस अवसर पर संगत ने गुरुद्वारा परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। बाबा प्रताप सिंह ने कहा कि नगर कीर्तन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने संगत से आयोजन को सफल बनाने के लिए इसी तरह सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि श्री गुरुद्वारा साहिब बैंतखेड़ी से पांच जनवरी को निकलने वाले विशाल नगर कीर्तन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। नगर कीर्तन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। स्वच्छता अभियान में बड़ी संख्या में संगतों की सहभागिता रही। जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला।

# अंकिता हत्याकांड की हो निष्पक्ष जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अंकिता हत्याकांड को लेकर उर्मिला सनावर द्वारा जारी आडियो क्लिप की जांच किए जाने, कथित वीआईपी भाजपा नेता दुष्यंत गौतम उर्फ गट्टू की संलिप्तता की सीबीआई जांच व बुल्डोजर चलाकर अंकिता की हत्या के सबूतों को मिटाने वाले भाजपा नेता व अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर रामनगर में 30 दिसंबर को महिला एकता मंच ने जुलूस प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

महिला एकता मंच द्वारा बासीटीला में आयोजित बैठक में मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि कोटद्वार न्यायालय द्वारा अंकिता मामले में दिया गया न्याय अभी भी अधूरा है।अंकिता को भाजपा नेता कथित वीआईपी को विशेष सेवा देने के लिए बाध्य किया गया था और उसके इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई। अब उर्मिला द्वारा जारी ऑडियो क्लिप से भाजपा नेता दुष्यंत गौतम उर्फ गट्टू का नाम सार्वजनिक रूप से सामने आ चुका है। भाजपा सरकार में यदि जरा भी नैतिकता बची है तो वह इस समूचे मामले की सीबीआई द्वारा जांच कराए और अंकिता को न्याय दिलवाए।कौशल्या चुनियाल ने क्षेत्र की जनता से जाति, धर्म और दलगत भावना से ऊपर उठकर महिला एकता मंच द्वारा आगामी 30 दिसंबर को लखनपुर रामनगर में 11 बजे से आयोजित जुलूस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार अब अंकिता हत्याकांड में लिप्त अपराधी नेताओ को बचा रही है। जिस किसी भी शर्त पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान धनवंतरी, रश्मि ,प्रियंका, गीता, कमला ,रजनी माया, रेखा,दीपा आदि लोग मौजूद रहे।



## अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** नगर के मुख्य बाजार में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अनिल चौहान, हिमांशु बिष्ट, गोविंद तालुकदार, मुकेश सनवाल,रमेश बाबा, शिखा हालदार, कृष्ण पद मंडल, विधान सरकार, विष्णु प्रमाणिक, अजय जायसवाल, जगदीश डालमिया, मयंक अग्रवाल, रविन्द्र खान, रमेश राय, संजय बाछाड़, तारक मंडल, प्रकाश राय, माखन मंडल, विपुल विश्वास, मनोज सरकार आदि थे।

# अंकिता भण्डारी के हत्यारों को फांसी दो

- कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला फूंक जताया आक्रोश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की निष्पक्ष जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई से कराने एवं दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष स. हरमिन्दर सिंह ढ़िल्लन 'लाडी' व विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी की अगुवाई में रविवार को भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम का पुतला फूंका।

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष स. हरमिन्दर सिंह ढ़िल्लन 'लाडी' ने सूबे की धामी सरकार को भ्रष्टाचारी व बलात्कारी सरकार करार देते हुए कहा कि जब सत्ता, पैसे और रसूख का अनैतिक गठजोड़ होता है, तब आम जनता की बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी ? उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड में भाजपा से जुड़े लोगों के माध्यम से जो नए तथ्य आए हैं उन्होंने देवभूमि के जनमानस को झकझोरकर रख दिया है। हत्यारे और हत्याकांड के कारक सीधे तौर पर भाजपा व सरकार के ताकतवर लोगों से जुड़े थे इसलिए अंकिता के परिवार, कांग्रेस और उत्तराखंड की जनता की पुरजोर मांग पर भी अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं हुई। नए तथ्यों से साफ हो गया है कि अंकिता भंडारी की हत्या न कोई दुर्घटना थी, और न ही यह किसी एक व्यक्ति की मानसिक विकृति का मामला था। यह सत्ता संरक्षित दरिंदगी का उदाहरण था, जहां उत्तराखण्ड की एक बेटी ने सत्ता की दरिंदगी के आगे झुकने से इनकार किया। अंकिता को अपनी अस्मिता का सौदा न करने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। लाडी ने पूछा कि जो लोग संस्कार, धर्म, मर्यादा और संस्कृति की ठेकेदारी करते हैं, उनके राज में ही बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित क्यों हैं? उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड का मुख्य कारण भाजपा संगठन से जुड़े अति विशिष्ट व्यक्ति को स्पेशल सर्विस देने का दबाव था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने उस कथित अति विशिष्ट व्यक्ति को जांच के दायरे से बाहर रखा। अब भाजपा जाति का सहारा लेकर उस अतिविशिष्ट व्यक्ति का बचाव कर रही है। अपराधी की जाति नहीं अपराध देखा जाता है। अंकिता हत्याकांड एक विभत्स अपराध है इस कांड में संलिप्त सभी अपराधियों को मौत से कम सजा नहीं मिलनी चाहिए थी। अंकिता का मामला राजनीति से ऊपर इंसानियत का प्रश्न है। अब कही प्रश्न उठे हैं इसलिए सरकार को ऐसे संवेदनशील मामले को एक बार और खोलकर इसकी स्वतंत्र और निष्पक्ष सीबीआई जांच कराने के आदेश देने चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य फुरकान रजा, मुंडिया पिस्तौर के ग्राम प्रधान स. हरमीत सिंह बड़ैच, कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, कामरान खां, एडवोकेट सतनाम सिंह, महेश कुमार 'आशू', सुनील कुमार, आदित्य चानना, अनवर अली, सोनू सागर, गोल्डी कंग, हामिद अली, सिंह स्वरूप भारती, अमीर अहमद, मौ.यवर, अजयदीप ढ़ौंढ़ियाल, राजेश पाठक आदि थे।

# अपहरण और दुष्कर्म मामले में दस हजार का इनामी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली गदरपुर पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 10,000 के इनामी अपराधी विवेक दास को गिरफ्तार किया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। विवेक दास पुत्र सुधाशु दास, निवासी ग्राम पिपलिया नम्बर-01, गदरपुर, नाबालिग के अपहरण और पोक्सो अधिनियम के तहत दुष्कर्म के मामले में फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 मई 2025 को वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी दिन से अभियुक्त की तलाश शुरू हुई और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने विशेष पुलिस टीम गठित कर उसे पकड़ने के निर्देश दिए। अभियुक्त पर 10,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने अभियुक्त की लोकेशन मोबाइल सर्विलांस और तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रेस की। विवेक दास उत्तर प्रदेश के अयोध्या से पश्चिम बंगाल तक फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने लगातार दबिश और निगरानी के बाद उसे रामपुर हेलवारा पोस्ट-सरारासी, निर्माणाधीन एनएच, अयोध्या के पास दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध पहले भी माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती और कुर्की वारंट जारी हो चुके थे। गिरफ्तारी के बाद उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी अभियान में पुलिस ने लगभग 2000 किलोमीटर तक लगातार पीछा किया और कई राज्यों में दबिश दी।



गिरफ्तार अभियुक्त विवेक दास मूल निवासी ग्राम पिपलिया नम्बर-01, कोतवाली गदरपुर है और वर्तमान में रामपुर हेलवारा पोस्ट-सरारासी, निर्माणाधीन एनएच, अयोध्या में छिपने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी अभियान को कोतवाली गदरपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा, उप निरीक्षक पूनम रावत, अपर उपनिरीक्षक जितेन्द्र मेहरा और कांस्टेबल रघुवर सिंह एवं भूपेन्द्र आर्या ने अंजाम दिया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पुलिस का यह अभियान अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख और तकनीकी तत्परता का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि ऐसे गंभीर मामलों में पुलिस हर संभव प्रयास करती है ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और अपराधियों को कानून के तहत कठोर दंड दिया जा सके।

# खेल महाकुम्भ का भव्य शुभारम्भ विजेता छात्र को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को न्याय पंचायत चकरपुर में आयोजित खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ दर्जा प्राप्त गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू' एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष टिंकू यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

अतिथियों ने कहा कि खेल महाकुम्भ से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और युवाओं में खेल भावना का विकास होता है। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, खिलाड़ी एवं क्षेत्रीय लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं व आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा।

# डायनेस्टी के हर्ष पालीवाल दिल्ली में उत्तराखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

- एनसीसी कैडेट अदिति थ्वाल व मनीषा उपाध्याय गणतंत्र दिवस परेड हेतु चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा व 78 यूके बटालियन की दो एनसीसी कैडेटों मनीषा उपाध्याय व अदिति थ्वाल का चयन आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली परेड हेतु हुआ है।

वहीं विद्यालय के एनसीसी छात्र हर्ष पालीवाल का चयन विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर हेतु हुआ है जो दिल्ली में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने कहा कि सीमांत क्षेत्र से विद्यालय के छात्र -छात्राओं का गणतंत्र दिवस में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय परेड में चयनित होना, संपूर्ण उत्तराखंड से राष्ट्रीय एकता शिविर हेतु छात्र का चयनित होना समस्त क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाला पल है। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट ,कविता सामंत, महेश कलौनी, भरत बिष्ट, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, मंजू चंद, सविता रावत आदि मौजूद थे।

# क्रिकेटर श्रेया नेगी का राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** डीडी छिम्वाल कॉर्बेट क्रिकेट एकेडमी की क्रिकेटर श्रेया नेगी का चयन अंडर-19 बालिकाओं की राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एम पी इंटर कॉलेज की 12वी छात्रा श्रेया नेगी बसई निवासी देवेंद्र सिंह नेगी की पुत्री है।

एकेडमी के कोच मो. इसरार अंसारी ने बताया कि श्रेया सीधे हाथ की ऊपरी क्रम की बल्लेबाज ओर ऑफ ब्रेक बॉलर है जो नैनीताल जनपद की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ऋषिकेश गई थी। जहां शानदार प्रदर्शन करने पर श्रेया का चयन राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की ये प्रतियोगिता एक जनवरी से 06 जनवरी 2026 तक शिवपुरी मध्यप्रदेश में आयोजित होनी है। श्रेया नेगी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर डीडीसीएम. स्कूल की प्रधानाचार्या हेमा छिम्वाल , नीरज छिम्वाल, अतुल छिम्वाल , दीपक शर्मा, इमरान हुसैन, शाह फैसल, अरविंद चौधरी, नवीन चन्द्र जोशी,वत्सल फाउंडेशन की सचिव श्वेता माशीवाल , मोहन बिष्ट, मानवेन्द्र काढ़ाकोटी, दीप जोशी, यूनुस अंसारी, शाहनवाज खान, मुमताज अली, शादाब खान, अजीम अंसारी, परवेज मोबाइल मास्टर, नदीम अख्तर, देवेंद्र रावत, राजा सलमानी, भुवन शर्मा, तनुज दुर्गापाल आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## एक नजर

# लोगों ने सुनीं प्रधानमंत्री के की मन की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 129 वां एपिसोड प्रसारित किया गया, जो 22 भाषा और 29 बोलियां में सुना गया। 129 वें संस्करण को बूथ संख्या 202, ग्रामीण मण्डल, संजय नगर महतोष रुद्रपुर 66 विधानसभा में वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम दत्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना।



इस अवसर पर महतोष से ग्राम प्रधान जुल्फिकार अली, नेपाल विश्वास,गोविन्द मालाकार, विप्लव विश्वास, सुभाष कीर्तनिया ने अपने सहयोगियों के साथ मन की बात का प्रसारण सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत देश को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में देश ने कई उपलब्धियां हासिल की। जिसमें सुरक्षा, खेल, विज्ञान, कला, शिक्षा जैसे तमाम क्षेत्र रहे जिसमें भारत देश ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत छाप छोड़ी और विश्व के मानचित्र पर अपने आप को अंकित किया। उत्तम दत्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मन की बात कार्यक्रम में बताया कि किस प्रकार से इस ऑपरेशन से पूरा देश गर्व से भर गया था, क्योंकि देश किसी भी प्रकार से सुरक्षा से समझौता नहीं करता।

# सांसद योगेन्द्र चन्दोलिया का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी के अध्यक्ष व पूर्व सांसद बलराज पासी के आवास पर रविवार को उत्तर पश्चिम दिल्ली के सांसद एवं दिल्ली भाजपा प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चन्दोलिया पहुंचे। भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांसद चन्दोलिया ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार प्रदूषण की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यहां भाजपा मंडल महामंत्री संदीप गुप्ता सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विधायक ने प्रधानमंत्री के 129वें मन की बात संस्मरण को सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने बूथ संख्या 182 शिवपुर क्षेत्र मे किसानो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 129 वे संस्मरण को सुना। विधायक शिव अरोरा ने कहा इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को ग्रामीण क्षेत्र के शिवपुर गाव मे किसान भाइयों के साथ सुना। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर माह होने महत्वपूर्ण कार्यक्रम है हम जैसे करोड़ो कार्यकर्त्ता के लिये सीखने व समाज जीवन मे समाज हित मे कार्य करने के लिये प्रेरणा मिलती है। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानों के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण बदलाव कई योजनाओं को लागू किया है जिसका सीधा लाभ देश के अनदाता को मिल रहा है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, किसान जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, प्रीत ग्रोवर, राजीव शुक्ला, कुलदीप सिंह, सुमंगल, जगदीश विश्वास, राजकुमार, नरेश तपाली, आयुष चिलाना, राजेश तिवारी, सूरज पाल, मुकेश मंडल, भोला,विजय कुमार, अरविन्द सरकार, सुखदेव सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के इंदिरा चौक पर दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पास्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

जानकारी के अनुसार काशीपुर की ओर से किच्छा की ओर जा रहा कंटेनर ने इंदिरा चौक के पास बिना नंबर की प्लेटिना बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। कंटेनर का पिछला पहिया बाइक पर चढ़ गया, जिससे बाइक सवार स्वार रामपुर निवासी 35 वर्षीय वसीम और रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक वसीम चला रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को मौके पर मौजूद सीपीयू दरोगा दिनेश उप्रेती और यातायात पुलिस कर्मी मनोज कुमार जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने 35 वर्षीय वसीम को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल रिजवान को अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मानसिक रूप से परेशान महिला ने नहर में लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मानसिक रूप से परेशान एक महिला ने लाल कोठी स्थित शारदा नहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही झनकईया पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और नावों व गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक महिला का कोई सुराग नहीं लग पाया था।

जानकारी के अनुसार, चकरपुर निवासी गीता देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह पिछले कई दिनों से अपनी बेटी पूजा के साथ सुबह टहलने लाल कोठी आती थीं। रविवार सुबह अचानक महिला ने नहर में छलांग लगा दी। बेटी पूजा ने पुल से मां का हाथ पकड़कर बचाने की कोशिश की, लेकिन महिला ने उसके हाथ में दांत से काट लिया। इससे पूजा घायल हो गई और महिला नहर में कूद गई। घटना की सूचना पूजा ने ग्राम प्रधान आशा बिष्ट को दी, जिन्होंने तत्काल पुलिस को अवगत कराया। महिला के पति लक्ष्मण सिंह की चकरपुर में किराने की दुकान है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार हैं। दो दिन पूर्व वह रेलवे पटरी पर बैठ गई थीं, जिस कारण ट्रेन को रोकना पड़ा और उनकी जान बच गई थी। झनकईया थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गौरव ने बताया कि महिला की तलाश के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जल पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# सुरेंद्र सिंह जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जाटव महासभा की बैठक में सुरेंद्र सिंह जाटव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। रविवार को पंचशील कॉलोनी में हुई बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह जाटव को प्रदेश का संरक्षक नियुक्त किया गया। जबकि सुरेंद्र सिंह जाटव को प्रदेश अध्यक्ष की कमान दी गई। बैठक में सगठन की मजबूती एवं विस्तार पर भी चर्चा हुई। अध्यक्षता रिटायर्ड सीओ ध्यानसिंह, संचालन सुरेंद्र जाटव ने किया। यहां डॉ. बीएस गौतम, राजेश गौतम, सौरभ कुमार, सत्यपाल सागर, डॉ.शिवेंद्र, रविराज, अभिषेक, भगवानदास, रामलाल सिंह, संजीव जाटव, लाखन सिंह, नितिन, मनीष, डॉ.विनोद, राजेंद्र सिंह, राजवीर, मनोज, चिरंजीलाल रहे।

# डेढ़ किलो चरस के साथ युवक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

एसओजी प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने डेढ़ किलो चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब तीन लाख बताई जा रही है। पकड़ा गया अभियुक्त नैनीताल जिले का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि जनवरी माह से अब तक जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में कुल 143 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान पुलिस ने रिकॉर्ड मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए हैं, जिनमें 26 किलो 682 ग्राम चरस, 5.789 ग्राम एमडीएमए, 83 नशीले इंजेक्शन और 2263.4 ग्राम स्मैक (हेरोइन) शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट, थाना प्रभारी एपी उपाध्याय, चौकी प्रभारी एसआई दिलबर भंडारी, एसओजी अशोक गिरी, ललित कुमार, बसंत पांडे और सूरज कुमार की टीम की सराहना की।

# सजगता से ही रुकेंगे मानव-वन्यजीव संघर्ष: बडोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रदेश में वर्तमान में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। इसी प्रकार आगामी माहों में वनाग्निकाल के प्रतिकूल रहने की संभावना भी बनी हुई है। इसलिए इन घटनाओं की रोकथाम एवं न्यूनीकरण के लिये सर्तकता बरती जाने के दृष्टिगत कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक एवं कार्यालय फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य जन जागरूकता व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्येक रेंज अंतर्गत प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को 'प्रभाग दिवस' आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।



कार्बेट डायरेक्टर डा. साकेत बडोला के दिशा-निर्देशों एवं डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा की अध्यक्षता में कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज द्वारा ग्राम कानिया स्थित रामलीला मंच स्थल में प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर डा. राहुल मिश्रा द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को प्रभाग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराते हुये शीत ऋतु में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर वनाग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गयी। उन्होंने सूर्योदय से पूर्व और सूर्यास्त के पश्चात अकेल बाहर न निकले, बच्चों और बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखें। घरों के आस-पास घास, झाड़ी आदि की सफाई रखें। घरों के आस-पास पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रखें।

घरों के आस-पास भोजन, अनाज या कचरा खुले में न फेंके। बिजरानी रेंज में प्रभाव दिवस कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों की मुख्य समस्याएं जैसे वन्यजीवों द्वारा फसल क्षति, मवेशी क्षति, सोलर फैन्सिंग / चेनलिंक फैन्सिंग सोलर लाईट के सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित समस्याएं सामने आई, जिसके क्रम में ग्रामवा. सियों को उक्त प्रकरणों के तत्काल निराकरण किये जाने के लिए उचित कार्यवाही का आश्वा. सन दिया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,भाजपा नेता इंदर रावत,दीप चन्द्र आर्या, हेमन्त बिष्ट, दीप चन्द्र पाण्डे, पवन जोशी, पुष्पा नेगी, बिन्दर पाल, रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे, भूपेन्द्र सिंह चौहान, प्रमोद कुमार सत्यवली आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को चार साहिबजादों की शहादत की स्मृति में के.एफ. बी.ब्लड सेंटर में रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुंडिया पिस्तौर देहात के पूर्व उप प्रधान हरप्रीत सिंह पन्नू ने किया। इस अवसर पर कुल 65 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।



रक्तदान करने वालों में हरपेज गौराया, दीपक शर्मा, जसप्रीत सिंह पन्नू, दीपक नेगी, नत्थू सिंह, जितेंद्र, अरूण भारद्वाज, जसन कंबोज, वंश कंबोज, शोभित कंबोज, हेमंत तिवारी, अमरीक हुंदल, मुकुल शर्मा, चन्दनदीप संधू, जीतू, रमनदीप, अमित कंबोज, दीपक ग्रोवर, आशीष कुमार, करमजीत सिंह, किशन, जसवंत सिंह, हरदीप सिंह, सतनाम सिंह, हिमांशु दिवाकर, हरप्रीत सिंह, हर्षदीप सिंह, अमर सिंह, प्रिंस परमार, अर्चित द्विवेदी सहित अन्य लोग शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के शिविर समाज में सेवा, त्याग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। रक्तदाताओं के इस सराहनीय योगदान की सभी ने प्रशंसा की।

# धूमधाम से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व

- **पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सुन्दर पालकी के साथ निकाला नगर कीर्तन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधन कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के उपलक्ष्य में नगर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

रविवार को श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से चलकर नगर के मुख्य बाजार में पहुंचा, जहां नगर कीर्तन का जगह-जगह लोगों द्वारा फूलों से स्वागत किया गया। आयोजित नगर कीर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की सुंदर पालकी पूरी सज धज के साथ नगर कीर्तन में शामिल रही। नगर कीर्तन में सैकड़ों की संख्या में पहुंची श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सुंदर पालकी में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए तथा माथा टेकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक वेशभूषा में प्रतिभाग किया। वहीं नगर कीर्तन में रंजीत अखाड़ा की गतका पार्टी द्वारा अपने करतब दिखाए गए। वहीं नगर में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में पहुंची संगत के लिए लोगों द्वारा जगह-जगह चाय, चना एवं केले का प्रसाद वितरण किया गया तथा नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं ने जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाये, तथा महिला श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन का गुणगान किया गया। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए थाना अध्यक्ष उमेश कुमार पुलिस बल के साथ नगर के मार्गों पर तैनात रहे।

# विधायक चुफाल ने किया लेखक शौर्य की पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राष्ट्रीय पटल पर अपनी लेखनी और वक्तृत्व कला से विशेष पहचाना बना चुके बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य की नई पुस्तक परियों का संदेश का विमोचन विधायक बिशन सिंह चुफाल द्वारा अपने कैंप कार्यालय में किया गया। यह पुस्तक बच्चों को कल्पना लोक की उड़ान पर ले जाती है। पुस्तक में रहस्यमयी कहानियां संकलित हैं। जिससे बच्चों में रोमांच के साथ-साथ महत्वपूर्ण सीख भी मिलती है।



इस अवसर पर विधायक बिशन सिंह चुफाल ने कहा की इंजी. ललित शौर्य लंबे समय से बाल साहित्य लिख रहे हैं। यह अत्यंत प्रेरणादायी कार्य है। नई पीढ़ी को सुसंस्कारित,मूल्यवान एवं मानवीय बनाने के लिए उन्हें बाल साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बचपन में हमने भी बुजुर्गों से खूब किस्से कहानियां सुनी थी। जिसका हमारे जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ा। समाजसेवी जयप्रकाश देवलाल ने कहा की शौर्य मोबाइल नहीं पुस्तक दो अभियान भी चला रहे हैं। जिसके जरिये बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की जा रही हैं। यह अभियान नई पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा चंदन पानू ने कहा की शौर्य का बाल साहित्य पूरे देश में पढ़ा जा रहा है। जिससे लाखों बच्चे प्रेरणा पा रहे हैं।

इंजी. ललित शौर्य ने विधायक बिशन सिंह चुफाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों तक बाल साहित्य पहुंचाना है। अब तक उनकी लिखी पुस्तकों की साठ हजार से अधिक प्रतियां विभिन्न माध्यमों से बच्चों तक पहुंच चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि वह बाल उपन्यास पर भी कार्य कर रहे हैं।जो। जल्द ही प्रकाशित होगा। इस अवसर पर हरीश तिवारी, सचिन धारियाल,हिमांशु खेड़ा, रमेश पंत,सागर,संदीप भंडारी, मुकेश भट्ट, अंकित ज्याला आदि उपस्थित रहे।

# सकैनिया में देखा गया मन की बात का लाइव प्रसारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व वर्तमान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के आवास सकेनिया पर क्षेत्र वासियों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाइव देखा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा तीन अक्टूबर 2014 विजयदशमी के अवसर पर पहली बार प्रसारित किए गए कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण निरंतर जारी है। रविवार के दिन भी सुबह 11बजे मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण हुआ, जिसका लाइव प्रसारण क्षेत्रवासियों ने भारी संख्या में मौजूद होकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमीत कौर व किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह सोनू के आवास पर एकत्र होकर देखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों सुना। दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुंडिया, राजेश सक्सेना उर्फ बबलू, सुरजीत सिंह सोनू, ठाकुर रामपाल सिंह, मनजीत सिंह बिट्टा,चंकित हुंडिया, गुरजीत सिंह, संजय चौधरी, अवधेश कुमार सहित तमाम लोग रहे मौजूद।

# पानी की लीकेज बनी गंभीर समस्या विभागीय लापरवाही चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा चम्पावत के अंतर्गत टनकपुर क्षेत्र के मनिहार गोठ में कब्रिस्तान के समीप पेयजल लाइन से हो रही लगातार पानी की लीकेज ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया है। हालात यह हैं कि हजारों लीटर शुद्ध पेयजल प्रतिदिन सड़कों और नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है।

ग्रामीण नसीम हुसैन का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। जिम्मेदार अधिकारी न तो मौके पर पहुंचे और न ही लीकेज को ठीक कराने की कोई ठोस पहल की गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिले में त्वरित कार्रवाई के लिए पहचाने जाने वाले जिलाधिकारी मनीष कुमार का भी इस लापरवाही से जिम्मेदार अधिकारियों में कोई भय दिखाई नहीं दे रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि विभागीय तंत्र पूरी तरह बेलगाम हो चुका है और जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। अब बड़ा सवाल यह है कि मुख्यमंत्री की विधानसभा में हो रही इस खुली लापरवाही पर प्रशासन कब जागेगा और कब बहते पानी को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए।

# चेकिंग के दौरान दो नेपाली युवकों को स्मैक के साथ दबोचा

- **पकड़े गए नेपाली नशा तस्करों ने कई नशा तस्करों के नाम किए उजागर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो नेपाली युवकों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।



रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में बीते दिवस नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान दो नेपाली युवकों को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना नाम जीवन कार्की पुत्र बलबहादुर कार्की निवासी ओडा नंबर 18 नगर पालिका भीमदत्त महाकाली अंचल महेंद्र नगर जिला कंचनपुर नेपाल तथा दूसरे ने अपना नाम देव कुमार चौधरी पुत्र देशराज चौधरी निवासी ओडा नंबर 18 नगर पालिका भीमदत्त महाकाली अंचल महेंद्र नगर जिला कंचनपुर नेपाल बताया है। पुलिस ने आरोपी जीवन कार्की के कब्जे से 8.02 ग्राम स्मैक व देव कुमार चौधरी से एक प्लास्टिक के पारदर्शी पन्नी में 6.83 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 के तहत अभियोग पंजीकृत कर दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बताया कि पूछताछ में दोनों नेपाली युवकों ने कई नशा बेचने वालों के नाम बताए हैं जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर उनकी संपत्ति की जांच भी की जाएगी, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनोज जोशी द्वारा की जा रही है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, सिपाही विक्रम सिंह, वीरेन्द्र कुमार शामिल हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में रविवार को विश्व में भारत की बढ़ती हुई महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब भारत किसी भी शक्ति के सामने झुकता नहीं ओर न ही देश की सुरक्षा के साथ समझौता करता है। वर्ष 2025 के आखिरी एवं 129 वें मन की बात को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी जी ने देश की प्राचीन परंपराएं, हस्तशिल्प पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक भारत के साथ-साथ विश्व में हिंदी, संस्कृति एवं तमिल आदि भारतीय भाषाओं के बढ़ती हुए महत्त्व पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व जम्मू कश्मीर में लगभग 2000 वर्ष पुराने बौद्ध संस्कृति सभ्यता चिन्ह मिलने पर कश्मीर के बौद्ध सभ्यता के 2000 वर्ष पुराने इतिहास को प्रदर्शित करता है। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौर ऊर्जा को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का भी आह्वान किया। मन की बात कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता किशन बिष्ट, नवल वाल्मीकि, संतोष अग्रवाल, कमल चौहान, अजहर सिद्दीकी, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी, तरुण तिवारी, करन यादव तथा पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल आदि उपस्थित थे।

# पंद्रह दिन में दो बार महतोष क्षेत्र से वन विभाग ने पकड़ी अवैध खैर

- **सर्दियों में बड़े पैमाने पर हो रही गदरपुर में खैर की तस्करी**
- **पवित्र बंधन बरात घर के पास प्लांट से 150 कुंटल अवैध खैर सहित केंटर को लिया कब्जे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** महतोष पुलिस की नाक के नीचे धड़ल्ले से चल रहे अवैध खैर की लकड़ी तस्करी मामले में वन विभाग की एसओजी टीम के द्वारा एक सीड प्लांट से लाखों रूपये कीमती अवैध खैर के एक ट्रक को बरामद किया गया, जबकि वन विभाग की महतोष में 15 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्यवाही है। बड़ी हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। जिससे पुलिस की भूमिका पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।



बीती शनिवार की देर रात वन विभाग की एसओजी टीम ने महतोश चौकी से महज 200 मीटर दूरी पर एक प्लांट में छापा मारा तो प्लांट के अंदर तिरपाल ढका एक केंटर दिखाई दिया जिसके अंदर लाखों रूपये कीमती अवैध खैर की लकड़ी बरामद हुई। वन विभाग के एसओजी प्रभारी कैलाश चंद्र तिवारी ने जानक. ारी देते हुए बताया कि उन्होंने मुखबिर की सूचना पर महतोष चौकी के निकट एक सीड प्लांट पर छापेमारी की छापे के दौरान प्लांट का अंदर से गेट बंद था और टीम के आने की भनक लगते ही 7 से 8 लोग फरार हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग दो घंटे के बाद प्लांट स्वामी ने किसी के हाथ प्लांट की चाबी भिजवाई जिसके बाद टीम अंदर पहुंची और लगभग 150 कुंतल अवैध खैर से लदी कैंटर संख्या UP 23 T9444 को बरामद कर लिया।

यह सारा घटनाक्रम महतोष चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर हुआ। पूर्व में भी लगभग दो सप्ताह पूर्व इसी तरह का एक मामला सामने आया था वह भी महतोष चौकी से कुछ ही दूरी पर था जहां वन विभाग की टीम ने एक अवैध खैर से लदी ट्रक को बरामद किया था। कैलाश चंद्र तिवारी का कहना था कि मामले में वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान वन दरोगा पूरन चंद पाठक, शुभम शर्मा, राहुल कनवाल, हीरा सिंह, दीपक के अलावा पीपल पड़ाव के रेंजर पूरन चंद जोशी, वन दारोगा चिन्हवाल, दीपक कुमार, अनिल, हप्पू आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, पति गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर निवासी एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है।



रामनगर की आदर्श कॉलोनी-शंकरपुर निवासी कासिम अहमद अपनी पत्नी 38 वर्षीय नरगिस के साथ बाइक से रामनगर से नहटौर जा रहे थे। शनिवार देर शाम जब दंपति जिला बिजनौर के धामपुर क्षेत्र में नहटौर रोड पर गांव ढक्का कर्मचंद के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नरगिस बाइक से गिरकर ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान पति कासिम अहमद किसी तरह संतुलन बनाकर गिरने से बच गया और गंभीर चोट से सुरक्षित रहा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नहटौर रोड पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को मोर्चरी में रखवाया गया। रविवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों द्वारा शव को अपने निवास स्थान रामनगर लाया गया।रविवार शाम को नमाजे जनाजे के बाद मोहल्ला खताड़ी स्थित कब्रिस्तान में हजारों लोगों द्वारा नम आंखों के साथ सुपुर्द खाक किया गया है। मृतक के दो बच्चे हैं और पति कासिम वेल्डिंग का काम करते हैं।

# बीजेपी के खोखले वादों से जनता त्रस्त: बोरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** चम्पावत विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस की अहम बैठक टनकपुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अगुवाई चम्पावत कांग्रेस विधानसभा प्रभारी हरीश सिंह बोरा ने की। बैठक में संगठन को धार देने और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तय करने को लेकर साफ तौर पर आक्रामक रुख देखने को मिला।



बैठक में पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहीं निर्मला गहतोड़ी, बीएलओ-1 श्याम कार्की, कांग्रेस नगर अध्यक्ष श्रीमन गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सामंत सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस विधानसभा प्रभारी हरीश सिंह बोरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी पिछली सरकार में किए गए जनहित के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि बीजेपी सरकार के खोखले वादों से जनता में भारी आक्रोश है और आगामी चुनाव में चम्पावत की जनता इसका जवाब देगी। बोरा ने दावा किया कि इस बार चम्पावत में बीजेपी का सूपड़ा साफ होना तय है। पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने कहा कि जनता बीजेपी विधायक और कांग्रेस विधायक के कार्यकाल का निष्पक्ष आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जमीन पर काम किया, जबकि बीजेपी केवल जुमलों और वादों की राजनीति करती रही। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने साफ संकेत दे दिए कि चम्पावत में कांग्रेस अब पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने को तैयार है, और बीजेपी के खिलाफ आक्रामक तेवरों के साथ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई ध्वज यात्रा व बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंगों से सराबोर राधे-राधे मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्ति रस में डूबा हुआ है। आगामी दो जनवरी से प्रारंभ होने वाली साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल भंडारे के शुभ प्रचार हेतु रविवार को क्षेत्र में भव्य ध्वज यात्रा व बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।



राधे-राधे लिखे ध्वजों के साथ निकली यह रैली मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर पंजाब के पठानकोट के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. रविनंदन शास्त्री के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा दो जनवरी से प्रारंभ होकर एक सप्ताह तक चलेगी, वहीं समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। भागवत प्रचार मंडल कमेटी के अध्यक्ष रिपुसूदन मंडल ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। इस भक्तिमय यात्रा में चेयरमैन सुमित मंडल, पूर्व चेयरमैन सुनील विश्वास, अजित हालदार, विपिन डालमिया, सव्यसाची हालदार, अरविंद मंडल, अभिजीत हालदार, गोविंद पोखरिया, निरंजन, निखिल मंडल, समीरन मंडल, प्रकाश सरकार, तारक प्रमाणिक, किशन शर्मा, मनमोहन, बृजवासी, नारायण, गोविंद कीर्तुनिया, हरविलास विश्वास, सुनीता विश्वास, बासुदेव मांझी, पलाश हालदार,अमित विश्वास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, प्रेम और सद्भावना का अनुपम वातावरण देखने को मिला, जिससे यह आयोजन नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# कालाढूंगी को 114 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 12 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र को योजनाओं की बड़ी सौगात दी है। उन्होने नैनीताल जिले के विकास हेतु 114 करोड़ 69 लाख 46 हजार रुपये की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। जिसमें 1 करोड़ 95 लाख 79 हजार रुपए की लागत के दो योजनाओं का लोकार्पण तथा 112 करोड़ 73 लाख 67 हजार रूपये की लागत के 10 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। लोकार्पण योजनाओं में 91 लाख 23 हजार रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय नैनीताल में भवन का निर्माण किया गया है, जिससे पशुओं के उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 4 लाख 56 हजार रूपये की लागत से मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत विकास खण्ड कोटाबाग के ग्राम पंचायत आंवलाकोट के तोक भटलानी में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है, उक्त कार्य होने से क्षेत्र में पर्यटन व लोक संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए कुल 10 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिसमें 28 करोड़ 21 लाख 38 हजार रूपये की लागत से कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय आईटीआई डहरिया में 33/11 केवी उपसस्थान एवं 33 केवी लाईन का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र की जनता को 24-7 गुणवत्ता युक्त विद्युत मिलने के साथ ही ओवरलोड एवं विद्युत कटौती से भी निजात मिलेगी। इसी प्रकार 32 करोड़ 58 लाख 69 हजार रूपये की लागत से कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जयपुर पाडली में 33/11 केवी उपसस्थान एवं 33 केवी लाईन का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र की जनता को 24-7 गुणवत्ता युक्त विद्युत मिलने के साथ ही ओवरलोड एवं विद्युत कटौती से भी निजात मिलेगी। 17 करोड़ 12 लाख 62 हजार रूपये की लागत से हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत काठगोदाम में 33/11 केवी उपसंस्थान एवं 33 केवी लाईन तथा 132/33 केवी उप संस्थान परिसर का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र की जनता को 24-7 गुणवत्ता युक्त विद्युत मिलने के साथ ही ओवरलोड एवं विद्युत कटौती से भी निजात मिलेगी। 31 लाख 48 हजार रुपये की लागत से राज्य योजनान्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के ग्राम फुलचौड़ में मां तुलसी विहार में पीसी द्वारा मार्ग का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी साथ ही कृषि आदि क्षेत्र में भी बढ़ोत्तरी होगी। 1 करोड़ 83 लाख 47 हजार रुपये की लागत से राज्य योजनान्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के निगम नाला वाला मार्ग का पीसी द्वारा पुनर्निर्माण का कार्य एवं सोबन राम के घर से सुरेश भट्ट के घर तक मार्ग का नव निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के अनेक ग्राम जो स्टेट हाइवे-41 से जुड़ते हैं उन्हें लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन को भी गति मिलेगी। 3 करोड़ 19 लाख 20 हजार रुपये की लागत से राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत जनपद नैनीताल काठगोदाम-चोरगलिया सितारगंज-बिजटी राज्यमार्ग संख्या 41 के किलोमीटर 36 में निहाल नदी पर 24 मीटर विस्तार आरसीसी सेतु का नव निर्माण का कार्य किया जाएगा, यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है जो विभिन्न राज्यों को जोड़ता है, इससे पर्यटन आदि की दृष्टि से नैनीताल आने वाले पर्यटकों को सुगम यातायात हेतु मार्ग उपलब्ध रहेगा। 3 करोड़ 88 लाख 80 हजार रुपये की लागत से राज्य योजनान्तर्गत जनपद नैनीताल के कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर (घुनी संख्या-2) से राजकीय इंटर कालेज लामाचौड़ होते हुए कालाढूंगी मुख्य मार्ग तक डीबीएम/बीसी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इस मार्ग के चौड़ीकरण से आवागमन की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। 88 लाख 13 हजार रुपये की लागत से राज्य योजना अंतर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के रामणी आनसिंह मुख्य मार्ग से साकेत कुंज फेस 3 तक मार्ग का पीसी द्वारा नवनिर्माण कार्य किया जाएगा। इसके निर्माण से जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। 23 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से निक्षेप (जिला विकास प्राधिकरण) के अंतर्गत जिले के विकास खण्ड हल्द्वानी में आईटीआई क्रासिंग से हुंडई शोरूम रामपुर रोड और गौलापार फीडर नहर के पास एसटीएच से मेहता चेरिटेबल हॉस्पिटल मार्ग में नहर कवरिंग के उपरांत मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 95 लाख 90 हजार रुपये की लागत से विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में मैदान समतलीकरण, चहार दिवारी का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### 'मन की बात' देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत: धामी

**कालाढूंगी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नैनीताल जनपद के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129 वें एपिसोड को आम जन एवं विद्यार्थियों के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार हर नागरिक में राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मन की बात के माध्यम से देश के कोने-कोने से जनसामान्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है और अनेक उत्कृष्ट कार्यों से देश प्रेरणा लेता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज सेवा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की सकारात्मक भूमिका जैसे विषयों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से भी इस कार्यक्रम की सीखों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### वाहन के अंदर कोयले की अंगीठी जलाना पड़ गया मंहगा, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नोएडा (उत्तर प्रदेश) से पर्यटकों को लेकर नैनीताल पहुंचे वाहन चालक को वाहन के अंदर कोयले की अंगीठी जलाना महंगा पड़ गया। कोयलों की गैस लगने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर पंचनामे की कार्रवाई शुरु कर दी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिरोहा यमुनापार मथुरा (उत्तर प्रदेश) निवासी मनीष गंधार शनिवार को अपने टैक्सी वाहन संख्या यूपी 16-जेटी-8565 से नोएडा से पर्यटकों को लेकर नैनीताल पहुंचा था। रात करीब 9 बजे सूखाताल पार्किंग में वाहन पार्क कर भीतर वह अंगीठी में कोयला जलाकर कंबल ओढ़कर सो गया। सुबह करीब 8.30 बजे तक भी जब वह नहीं उठा तो पार्किंग कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहन को हिलाडुला कर चालक को उठाने का प्रयास किया। लेकिन भीतर से कोई हरकत नहीं हुई तो शीशा तोड़कर बेसुध पड़े चालक को बाहर निकाला जिसके बाद पुलिस बेसुध चालक को तुरंत राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि चालक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, जिनके पहुंचने के बाद पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि चालक के मुंह से झाग निकल रहा था। प्रथम दृष्टिया कोयले की गैस लगने से चालक की मौत की संभावना जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के स्पष्ट कारण पता लग पाएगा।

### व्यापारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नगर व्यापार संघ बागेश्वर की रविवार को बाबा बागनाथ मंदिर में मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों ने पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़ने के बाद व्यापारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया कि नगर क्षेत्र के वे सभी व्यापारी जिनकी सदस्यता व्यापार संघ में है, उनसे हर वर्ष 100 रुपये वार्षिक शुल्क लिया जाएगा। यह राशि व्यापार संघ कोष में जमा की जाएगी और इसका उपयोग व्यापारियों के हित में किया जाएगा। इसके साथ ही उत्तरायणी मेले के दौरान बाहरी व्यापारियों से पूर्व की भांति सहयोग राशि ली जाएगी। सहयोग राशि का उपयोग व्यापारियों से संबंधित सुविधाओं और हितों के लिए किया जाएगा।

## एक नजर

### ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की दशहत

**नैनीताल।** समीपवर्ती देवीधूरा, आरुखान व पटवाडांगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित तीनों ग्रामीण क्षेत्रों में पैनी नजर रखने की मांग करते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। बता दें कि नैनीताल के आसपास देवीधूरा व पटवाडांगर क्षेत्र में बीते लंबे समय से तेंदुओं की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। बीते दिनों पटवाडांगर व आरूखान क्षेत्र में तेंदुए दिखने से बच्चे स्कूल आने जाने में डर रहे थे, जिसके बाद वन विभाग की ओर से कुछ दिनों क्षेत्र में गश्त भी की गई। इन दिनों फिर आरूखान, पटवाडांगर व देवीधूरा क्षेत्र में कई बार तेंदुए के दिखने की बात ग्रामीण कह रहे हैं। देर शाम गांव के आसपास व गांव में तेंदुए की आवाजाही हो रही है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि लोगों से सूचना मिलने के बाद लगातार प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त कराई जा रही है साथ ही लोगों से अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखने की अपील के साथ शाम को अंधेरे में घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

### कोर एशेंस फाउंडेशन ने चलाया सफाई अभियान

**नैनीताल।** कोर एशेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की जागरुक टीम ने रविवार को नैनीताल के कुविवि के डीएसबी कैंपस के आस पास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान टीम के सदस्यों ने कैंपस के बाहरी रास्तों और आसपास के ढलानों से भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक और विशेषकर शराब की बोतलें एकत्र कीं। फाउंडेशन ने इस बात पर चिंता जताई कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह कचरा फैलाना पर्यावरण और शहर की छवि के लिए हानिकारक है। सफाई अभियान को सफल बनाने में ज्योति दुर्गापाल, राजेंद्र प्रसाद, प्रियांशु प्रसाद, गीतांजलि चंद, सरिता आर्य, हिमांशी आर्या, पायल जोशी, शिवानी आर्या, गीतांजलि भंडारी, माही आर्या और अन्य स्थानीय सहयोगियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने वहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अपील की कि लोग कूड़ा केवल डस्टबिन में ही डालें और कांच की बोतलों व प्लास्टिक को खुले में न फेंकें। संस्था ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य नैनीताल के हर कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाना है और इस तरह के अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगें।

### एनएसएस शिविर में रचनात्मक कार्यक्रम

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रहे एनएसएस शिविर में रविवार को स्वयंसेवी छात्राओं की ओर से कई रचनात्मक कार्यक्रमों में भागीदारी निभायी गयी। इससे पूर्व रविवार को पंचम दिवस की शुरुआत प्रात: प्रार्थना सभा से हुई। प्रार्थना के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने कक्षा कक्षों एवं विद्यालय परिसर की स्वच्छता की गई। तत्पश्चात सभी शिविरार्थी ग्राम मनोरा में जागरूकता रैली हेतु गए। दूसरी ओर रविवार को एनएसएस के मंडलीय समन्वयक ललित मोहन पांडेय एवं जिला समन्वयक डा. जेएस नेगी द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें शिविर की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती हुई मिलीं। ललित मोहन पांडेय एवं डा. जेएस नेगी द्वारा स्वयंसेवियों को एनएसएस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई जबकि सायंकालीन बौद्धिक सत्र में फार्मासिस्ट भूमिका पंत द्वारा औषधियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इससे पूर्व शिविर की कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने सभी का स्वागत कर शिविर के दौरान अब तक शिविरार्थियों की ओर से किए गए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

### यो पहाड़ फाउंडेशन को किया गया सम्मानित

**नैनीताल।** उमंग द प्रिपरेटरी स्कूल के तत्वावधान में उमंग के रंग पहाड़ की संस्कृति के संग थीम पर उत्तराखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक पहल का आयोजन यूथ उत्तराखंड द्वारा किया गया जिसमें जेवीकेएसएस संस्था, मार्कण्डे श्री चैरिटेबल ट्रस्ट तथा संकल्प ट्री सहयोगी भागीदार के रूप में जुड़े।इस अवसर पर यो पहाड़ फाउंडेशन को उत्तराखंड की संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण, संवर्धन तथा युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में फाउंडेशन की ओर से कोषाध्यक्ष नीरज बिष्ट ने उपस्थित होकर सममान ग्रहण किया। यो पहाड़ फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष बिष्ट, सचिव सागर सोनकर, उपाध्यक्ष दीपक पुल्स, दीपा बिष्ट, संयुक्त सचिव शिवा बिष्ट व चेतन मेहरा टेक्निकल हेड सहित फाउंडेशन के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने इस सम्मान पर प्रसन्नता एवं हर्ष व्यक्त किया।

### बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन आज

**काशीपुर।** प्रदेश में 'जन जन की सरकार, जन जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत विभिन्न न्याय पंचायतों में कैम्प आयोजित किये जाने तथा न्याय पंचायतों/ग्रामों में जन सामान्य को केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही किये जाने के क्रम में सोमवार, 29 दिसम्बर को प्रतापपुर इंटर कालेज काशीपुर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर में स्टाल लगाये जाने हेतु विभिन्न विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने का आह्वान किया है।

### नैनीताल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी

**नैनीताल।** वीकेंड पर लगातार दूसरे दिन यानी रविवार को नैनीताल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसकी वजह से नगर के सभी प्रमुख पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। दूसरी ओर वीकेंड में पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खुश हैं। रविवार को डे विजिट पर पहुंचने वाले पर्यटकों की सर्वाधिक रही। बता दें नगर में शुक्रवार सुबह से ही पर्यटकों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार देर शाम तक जारी रहा। नगर में पर्यटकों की आमद बढ़ने से नगर के पर्यटन स्थल स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, चिड़ियाघर, हिमालयन बाटनिकल गार्डन व केव गार्डन समेत अन्य स्थलों में पूरे दिन पर्यटकों की चहल पहल से रौनक देखने को मिली जबकि मालरोड में भी खासी रौनक रही। होटलों के अधिकांश कमरे पैक हो गए। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। खास बात यह भी है कि दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर खराब होने के कारण सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचना जारी है।

# करोड़ों की पार्किंग का नहीं हो रहा सदुपयोग

## होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन भवाली की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन भवाली की बैठक रविवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपिल की अध्यक्षता में तथा सचिव कैलाश चंद्र सुयाल के संचालकत्व में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में होटल व्यवसायियों ने कहा कि प्रशासन की ओर से रोडवेज परिसर स्थित वाहन पार्किंग स्थल का उपयोग नहीं किया जाना गंभीर चिंता का विषय है।

कहा कि सरकार द्वारा व्यय किए गए करोड़ों से बनी पार्किंग का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है, सभी ने एक स्वर में कहा कि भवाली आने वाले वाहन युक्त पर्यटकों को भवाली नगर स्थित रोडवेज पार्किंग में सुविधा दी जाए। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों को खुटानी में भी परेशान किया जा रहा है जबकि भीमताल में पूर्व में ही उन्हें रोककर काफी विलंब से भेजा जा रहा है।



खुटानी में पर्यटकों को अनावश्यक रूप से ना रोक कर भवाली भेजा जाए और वहां स्थित रोडवेज पार्किंग में उनके वाहन खड़ी की जाए इसके लिए बायपास रोड तथा नगर पालिका पार्किंग को भी मुहैया कराया जा सकता है। होटल व्यवसायियों ने नगर व नगर से बाहर तथा मार्गों के किनारे स्थित आवासीय भवनों में खुलेआम होमस्टे के नाम पर पर्यटकों को संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से ठहराया जाने का आरोप लगाया। कहा कि इससे होटल व्यवसायियों को तो आर्थिक हानि तो हो ही रही है साथ ही सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है साथ ही कोई अभिलेख न रखने के कारण गैर कानूनी गतिविधियों को भी प्रक्षय मिल रहा है। कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित रहने से कई पर्यटक होटल में समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। कहा कि रामगढ़ रोड में चिकित्सालय के निकट स्थित खाली स्थान पर भी पार्किंग निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी इस पर शीघ्र निर्णय लेकर पार्किंग निर्माण किया जाए जबकि इस कार्य के लिए धनराशि भी अवमुक्त की जा चुकी है जिसका सदुपयोग किया जाए ताकि नगर के व्यवसाईयों को लाभ प्राप्त हो सके। स्प्रिंग वुड होटल सभागार में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में दीपक शाह, नरेश पांडे अध्यक्ष व्यापार मंडल भवाली, संजीव भगत संयुक्त सचिव, कंचन शाह अध्यक्ष व्यापार मंडल, ईश्वर सिंह थापा, कुलदीप सिंह बिष्ट, अमित पांडे, सुनील पांडे, विवेक रावत, अर्जुन बिष्ट, आनंद मिश्रा, गौरव पांडे, हर्षित सुयाल, अंकित पंटोला आदि पर्यटन कारोबारी मौजूद रहे। अंत में एसोसिएशन के महासचिव कैलाश चंद्र सुयाल ने सभी का आभार जताया।

# दो कारों की भिड़ंत में पांच लोग गंभीर घायल

## नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग में बजून क्षेत्र में हादसा, गंभीर युवती हायर सेंटर रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर रविवार को बजून क्षेत्र में एक कार के सड़क किनारे पार्क कार में टकराने से पांच लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पंचकुला निवासी राकेश अल्मोड़ा जिले के भिकयासैण में एक बैंक में तैनात है। रविवार को वह अपनी कार एचआर 49 जे- 4690 से मंगेतर पुष्पलता के साथ कैंची धाम जा रहे था। बजून क्षेत्र में पहुंचने पर पुष्पलता को उल्टी आने लगी तो उन्होंने कार सड़क किनारे पार्क कर ली। पुष्पलता उल्टी करने बाहर उतरी ही थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 14 एलबी-7944 उनकी कार से भिड़ गई। टक्कर मारने के बाद कार पलटकर सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। हादसे में पुष्पलता और दूसरी कार में सवार चालक गाजियाबाद नोएडा निवासी सुरजीत सिंह, विनय राठी तथा मोहित शर्मा व मोहित मलिक भी घायल हो गए। गनीमत रही कि कार के एयर बैग खुल गए और कार में सवारों को गंभीर चोट नहीं आई लेकिन पुष्पलता घायल होने के बाद बेसुध हो गई। इस दौरान स्थानीय लोगों व राहगीरों ने घायलों को कार व सड़क से हटाया, जिसके बाद घायल महिला को निजी वाहन से नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, साथ ही अन्य घायलों को भी जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों के उपचार के बाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने हादसे की जानकारी ली। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया है। मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु करवा दिया गया है। पूछताछ पर कार की गति तेज होने को हादसे का कारण बताया जा रहा है लेकिन अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

# विधायक के बयान को बताया हास्यास्पद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की मांग के समर्थन में हर रविवार आयोजित की जाने वाली चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत आज इंदिरा नगर सेकंड में मुकेश जोशी के निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनाधिकार समिति के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने स्थानीय विधायक द्वारा दिए गए उस बयान को हास्यास्पद बताया, जिसमें कहा गया है कि किसी घोषणा के बाद उसका क्रियान्वयन सरकार के लिए अनिवार्य हो जाता है, इसलिए घोषणा को निरस्त किया गया। वक्ताओं ने सवाल उठाया कि यदि फाइल अभी प्रक्रिया में है, तो विधायक यह पहले से ही कैसे कह सकते हैं कि एफआरए के माध्यम से राजस्व ग्राम नहीं बन सकता। बैठक में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई कि कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता राजस्व ग्राम की साझा बैठकों के बजाय अपनी-अपनी पार्टी के कार्यक्रमों और झंडों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर किसी भी पार्टी के बैनर के बजाय वनाधिकार समिति के बैनर तले संघर्ष करने पर सहमति व्यक्त की।



बैठक की अध्यक्षता खिलाफ सिंह रावत ने की तथा संचालन दीपक नेगी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से सचिव भुवन भट्ट, श्याम सिंह रावत, रमेश गोस्वामी, इंद्र सिंह पनेरी, उमेश भट्ट, चंचल कोरंगा, संध्या डालाकोटी, बसंत पांडेय, रंजीत गड़िया, दलबीर सिंह कफोला, हीरा सिंह बिष्ट, कविराज धामी, दीपक पाठक, राजेंद्र बिष्ट, तारा दत्त जोशी, कैलाश जोशी, मोहनी मेहता, कमल जोशी, भुवन शर्मा, कुन्दन सिंह, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुद्दाविहीन हो चुकी है कांग्रेस: नवाब

## 'टूलकिट' का सहारा लेकर ओछी राजनीति से बाज़ आएं कांग्रेसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यमंत्री मज़हर नईम नवाब ने कांग्रेस को मुद्दाविहीन पार्टी बताया है। प्रेस को जारी बयान में श्री नवाब ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो चुकी है, क्योंकि उसके पास सरकार के विरोध में बोलने के लिए कोई भी मुद्दा नहीं है। इसीलिए अब कांग्रेस के नेता सोशल मीडिया पर 'टूलकिट' का सहारा ले रहे हैं। महिलाओं तथा बेटियों की आड़ लेकर जो कृत्य कांग्रेस कर रही है उसे इस प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी। श्री नवाब ने कहा कि कांग्रेस बेरोज़गारी पर बात नहीं कर सकती, क्योंकि धामी सरकार नौकरियां देने के मामले में पीछे नहीं रही। तुष्टिकरण की राजनीति और लोगों को बर्गलाने की कांग्रेस की नीति को भाजपा सरकारों ने नेस्त-ओ-नाबूद कर दिया है। भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास में यकीन रखती है। समाज के हर वर्ग के पास आज सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। कांग्रेस पूरी तरह से बौखला गयी है और अपने टूलकिट के सहारे अनर्गल आरोप लगा रही है। श्री नवाब ने कहा कि किसी भी कानूनी मामले में अगर कांग्रेस के पास कोई सबूत है, मसलन अगर कांग्रेस के पास अंकिता हत्याकांड से जुड़े कोई सबूत हैं तो उसे न्यायपालिका के सामने रखे। श्री नवाब ने कहा कि धामी सरकार निरंतर विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जबकि कांग्रेस महज़ अपनी बौखलाहट दिखा रही है। क्योंकि कांग्रेस के पास सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है। श्री नवाब ने कहा कि कांग्रेसी याद रखें कि सत्ता अभी उनसे कोसों दूर है। 2027 के विधानसभा चुनाव दूर नहीं हैं और मेरा दावा है कि भाजपा की सरकार सत्ता में पुन: वापसी करेगी। इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि लोगों को बर्गलाने की राजनीति से दूर रहे और अपने गिरेबान में झांककर देखे।



# ठंड से नवजात बच्चों को हो सकता है ब्रोंकियोलाइटिस का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में कड़ाके की ठंड में नवजात बच्चों को ब्रोंकियोलाइटिस का खतरा हो सकता है। इसी के मद्देनजर इन दिनों नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में ठंड में नवजात के माता पिता को ब्रोंकियोलाइटिस से बच्चों को बचाने के लिए जरूरी सलाह दी जा रही है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रविन्द्र सिंह मेर ने बताया कि ब्रोंकियोलाइटिस एक वायरस के कारण होने वाला फेफड़े का संक्रमण है। यह आमतौर पर सर्दियों के महीनों में देखा जाता है और 2 वर्ष से कम उम्र के छोटे बच्चों में सबसे आम है। बताया कि ठंड के दिनों में अगर बच्चा सांस छोड़ते समय घरघराहट की आवाज, फेफड़ों में हवा को अंदर और बाहर निकालने में परेशानी, जल्दी जल्दी सांस लेना, खांसी, नाक बहना और नाख बंद हो तो ब्रोंकियोलाइटिस हो सकता है। बताया कि ब्रोंकियोलाइटिस कई वायरस के कारण होता है। वायरस छींकने और नाक के स्राव के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिंकिटियल वायरस) कई वायरस में से एक है जो ब्रोंकियोलाइटिस का कारण बन सकता है। आरएसवी से बीमार होने वाले शिशुओं में ब्रोंकियोलाइटिस होता है। बताया कि नैनीताल में ठंड के चलते जाड़े के दिनों में ज्यादातर बच्चों में यह समस्या होती है। जिस पर बच्चों को उपचार के साथ उनके माता पिता को जरूरी सलाह दी जा रही है। बताया कि ब्रोंकियोलाइटिस से बीमार होने पर बच्चे के लिए सामान्य से कम खाना और पीना आम है। लेकिन बच्चे को छोटे-छोटे घूंट में तरल पदार्थ दें। शिशुओं के लिए स्तन का दूध और 1 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए गाय का दूध दिया जा सकता है। दिक्कत ज्यादा होने पर डाकटरी सलाह लेनी चाहिए।

# एनएसएस शिविर में योगसत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर रविवार को अत्यंत अनुशासित, प्रेरणादायी एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। स्वयंसेवियों के दिन की शुरुआत प्रात: प्रभात वंदन से की। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने योग एवं व्यायाम कर शारीरिक व मानसिक सशक्तता प्राप्त की। ईश वंदना के उपरांत लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन के साथ दिन की गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। दिन के पूर्वार्द्ध में स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान किया गया। इसके उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात पर्यावरणविद् चंदन सिंह नयाल ने स्वयंसेवियों से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। सत्र में पर्यावरणविद् यशपाल रावत ने स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वयंसेवियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया वहीं पर्यावरणविद ललिता जलाल ने अपने वर्मी कंपोस्ट प्लांट के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छ देश व हरित देश बनाने का संदेश दिया तथा नैनीताल क्षेत्र में किस तरह से कचरा निपटान किया जाता है इस पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान एनएसएस के मंडलीय समन्वयक ललित मोहन पांडे ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवियों के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की जबकि जिला समन्वयक जगमोहन नेगी ने एनएसएस की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी सुनैना ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट, निशा बनौला, आलोक भट्ट, उत्कर्ष बोरा एवं दिव्या ढैला उपस्थित रहे तथा निरंतर स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन करते रहे।



संक्षिप्त खेल समाचार

## श्रीलंका सीरीज के लिए पाकिस्तान की नई टी-20 टीम घोषित

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने सात फरवरी से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए सलमान अली आगा की अगुवाई वाली नई टी-20 टीम की घोषणा की है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया की घरेलू बिग बैश लीग में अपने कमिटमेंट्स के कारण श्रीलंका सीरीज नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में अनकैप्ड कीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को 15 सदस्यों वाली टीम में पहली बार शामिल किया गया है। नफे के साथ वापसी करने वालों में ऑलराउंडर शादाब खान भी हैं।

## एसईसी ने पार्ल रॉयल्स को 49 रन पर आउट कर बड़ी जीत हासिल की

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए 20 अभियान की शानदार शुरुआत की, पार्ल रॉयल्स को रिकॉर्ड कम स्कोर 49 रन पर ऑल आउट कर दिया और बोनस पॉइंट के साथ 137 रन की बड़ी जीत हासिल की। एनरिक नॉर्टजे ने शानदार स्पेल और चार विकेट लेकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी की। एसईसी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जैसा कि इस टूर्नामेंट में अब तक ट्रेंड रहा है, ओपनर क्विंटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जिसमें पावरप्ले में 52 रन शामिल थे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टी ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतकर किया वर्ष 2025 का सफल समापन




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में कांस्य जीतकर वर्ष 2025 का समापन एक बहुत ही सफल साल के तौर पर किया।

पूरे साल पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में कई गहन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कोच ने एक टीम बनाई और खिलाड़ियों को दिसम्बर में जूनियर विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। भारत की प्रतिस्पर्धी तैयारी जून में चार देशों के टूर्नामेंट से शुरू हुई, जो अच्छी यूरोपीय टीमों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर था। मेजबान जर्मनी के साथ-साथ स्पेन और ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हुए, भारतीय जूनियर टीम ने बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी योजना परीक्षण किया और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने अक्टूबर में 2025 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उसी लय और सीख को आगे बढ़ाया, जहां भारत ने रजत पदक जीतने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और मलेशिया पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रॉ भी खेला और लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची। खिताबी मुकाबले में, भारत ने 59वें मिनट में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोल खाया और ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह सारी तैयारी टीम को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 तक ले गई, जो सीजन का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था, जहां भारत ने घरेलू धरती पर एक यादगार अभियान चलाया। भारत ने पूल चरण में क्रमशः चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड पर तीन आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर-फाइनल एक निर्णायक पल साबित हुआ, क्योंकि भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराकर सेमी-फाइनल में जगह बनाई। गोलकीपर प्रिंस ने शूटआउट में दो अहम बचाव करके शानदार कलाओर हिम्मत दिखाई, जिससे भारत टूर्नामेंट में आगे बढ़ सका। दुर्भाग्य से, भारत सेमी-फाइनल में चैंपियन जर्मनी से 1-5 से हार गया, लेकिन तीसरे/चौथे स्थान के प्लेऑफ में टीम ने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और कांस्य

● **टीम ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता**

पदक हासिल किया। चौथे क्वार्टर तक दो गोल से पीछे होने के बावजूद, भारत ने मैच के आखिरी 15 मिनट में अपना सब कुछ लगा दिया और लगातार चार गोल करके मैच को अपने नाम किया।

# पीएम ने भारत की ऐतिहासिक खेल सफलता की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने महीने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 129वें एडिशन में देश को संबोधित करते हुए भारत की खेल उपलब्धियों पर जोर दिया। 2025 को भारतीय खेलों के लिए एक यादगार साल बताते हुए, प्रधानमंत्री ने अलग-अलग डिसिप्लिन और फॉर्मेट में एथलीटों की सफलता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2025 खेलों के लिहाज से भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। पीएम मोदी ने कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में भारत की सफलता के बारे में भी बात की, और कहा कि भारत के एशिया कप टी-20 टाइटल जीतने के बाद राष्ट्रीय तिरंगा गर्व से लहराया। उन्होंने भारतीय पैरा-एथलीटों की उपलब्धियों की भी तारीफ की, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीते। प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की हिम्मत और बेहतरीन काम की भावना को दिखाते हुए कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर, हमारे पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट उनके पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। भारतीय खेलों में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

# दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में

**मेलबर्न, वार्ता।** 2017-18 एशेज के बोर-ड्रॉ का डर मेलबर्न क्रिकेट क्लब के लिए बॉक्सिंग डे पिच बनाने का मुख्य कारण था, जो तेज गेंदबाजी के पक्ष में बहुत ज्यादा झुकी हुई थी, और जिसके कारण चौथा एशेज टेस्ट तीसरे दिन तक नहीं पहुंच पाया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया है कि उनका संगठन देश भर में टेस्ट विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा, क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटरसीम-फ्रेंडली सतहों की पसंद को टीमों द्वारा अब इस्तेमाल की जा रही आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति के साथ बैलेंस करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि इस हफ्ते क्रिकेट के खराब दिनों से होने वाले वित्तीय नुकसान से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा, उन्होंने माना कि पिछले महीने पर्थ

● **क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया कि उनका संगठन देशभर में विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा**

में इस सीरीज के दूसरे दो-दिवसीय टेस्ट से लगभग आधी रकम गंवाने के बाद यह घाटा चुभता है।

ग्रीनबर्ग ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे हैं, और जिस तरह से खेल विकसित हो रहा है, क्या हमारी विकेटों की तैयारी उसके साथ तालमेल बिठा रही है?अगर नहीं, तो हम यह कैसे सुनिश्चित करें कि वे ऐसा करें ताकि हम कमर्शियल जरूरतों और परफॉर्मेंस के बीच संतुलन बना सकें? मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने आज एक खराब पिच की जिम्मेदारी ली, जिस पर सिर्फ 142 ओवर में 36 विकेट गिरे। हेड क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि उन्होंने टेस्ट के पिछले हिस्से में गर्म मौसम की उम्मीद में ड्रा 'प-इन सतह पर 10मिमी घास छोड़ी थी, जो इस देश के क्रिकेट कैलेंडर का सबसे बड़ा टेस्ट है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मैच रेफरी जेफ क्रो का फैसला सोमवार को आने की उम्मीद थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि खिलाड़ियों और एडमिनिस्ट्रेटर ध्असंतोषजनकष रेटिंग के लिए तैयार हैं। रविवार को लगातार तीसरी बार 90,000 से ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद थी, लेकिन शानदार धूप में आए फैंस को यारा पार्क में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के साथ जल्दबाजी में आयोजित ऑटोग्राफ-साइनिंग सेशन से ही संतोष करना पड़ा। पेज ने एमसीजी पिच को फिर से बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है, जो 2017 में सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जब पांच दिवसीय ड्रॉ एशेज टेस्ट में 1,000 से ज्यादा रन बने थे और सिर्फ 24 विकेट गिरे थे। इसके बाद एमसीजी ने सीए के साथ मिलकर सीम-फ्रेंडली कंडीशंस देने पर जोर दिया, जिससे ज्यादा मनोरंजक क्रिकेट को बढ़ावा मिले। चैनल सेवन ने घोषणा की कि इस मेलबर्न टेस्ट को सबसे ज्यादा टीवी और स्ट्रीमिंग दर्शक मिले, जिससे यह बात साबित हुई कि दर्शकों ने इस बदलाव का आनंद लिया है। लेकिन पेज ने माना कि जब उन्हें पता चला कि उन्होंने बैलेंस को तेज गेंदबाजों के पक्ष में बहुत ज्यादा झुका दिया है, तो वह शॉक की स्थिति में थे। रविवार को जब उस मशहूर जगह के तर्फ बॉस ने पत्रकारों का सामना किया, तो पेज ने रिपोर्टर्स से कहा कि मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने कंबाला को एल अनोखी खेल परंपरा बताया



● **मैरी कॉम ने मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, सांसद बृजेश चौटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे**

**मंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने रविवार को कंबाला को एक अनोखी खेल परंपरा बताते हुए मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, जिससे तटीय कर्नाटक की इस पारंपरिक भैंस दौड़ को राष्ट्रीय पहचान मिली। दक्षिण कन्नड़ के सांसद कैप्टन बृजेश चौटा के नेतृत्व में बंगराकुलुरु के गोल्डफिंच सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे।

लगभग 170 जोड़ी रेसिंग भैंसों ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया, जिससे तुलुनाडु की सबसे महत्वपूर्ण स्वदेशी खेल परंपराओं में से एक के रूप में कंबाला की स्थिति और मजबूत हुई। सभा को संबोधित करते हुए, मैरी कॉम ने तुलु भाषा में क्षेत्र के लोगों का अभिवादन किया, और कहा मंथरेगला नमस्कार जिस पर जोरदार तालियां बजीं। आयोजकों को निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए, उन्होंने कहा कि मणिपुर के एक छोटे से गांव से आने के कारण, उन्हें सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कंबाला देश के किसी भी अन्य खेल से अलग है और आधुनिक चुनौतियों के बावजूद सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए किसानों, भैंस मालिकों और प्रतिभागियों की प्रशंसा की। शाम को हुए औपचारिक उद्घाटन के दौरान, मैरी कॉम ने कंबाला उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. 'ताओं को पुरस्कार वितरित किए। कीचड़ वाला ट्रैक उत्साह का केंद्र बन गया क्योंकि कुशल जॉकी के मार्गदर्शन में भैंसों की जोड़ियों ने खेतों में दौड़ लगाई, जिससे दक्षिण कन्नड़, उडुपी और पड़ोसी क्षेत्रों के दर्शक रोमांचित हो गए। इससे पहले, कैप्टन चौटा ने मंगलुरु और तुलुनाडु के सांस्कृतिक और सभ्यतागत महत्व पर प्रकाश डाला, और इस क्षेत्र को सनातन संस्कृति का पालना बताया। उन्होंने दक्षिण कन्नड़ जिले के बारे में गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को खेल में उनके शानदार योगदान के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। यह घोषणा ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किंग ने की, जिन्होंने ली के असर की तारीफ करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे खतरनाक और सम्मानित पेस बॉलर में से एक बताया।

ली का इंटरनेशनल करियर शानदार रहा, उन्होंने वन-डे इंटरनेशनल मैचों में 380 विकेट और ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट में शानदार 718 विकेट लिए। ली ने 76 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और 30-81 के औसत से 310 विकेट लेकर देश के आठवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गें. दबाज बने, जिसमें 5/30 और 10 बार पांच विकेट लेना उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। वनडे में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहा, 221 मैचों में 23-36 की औसत से 380 विकेट लेकर वे ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, साथ ही 14 बार चार विकेट और नौ बार पांच विकेट भी लिए। टी-20 में, ली ने 25 मैचों में 25.50 की औसत से 28 विकेट लिए। सभी इंटरनेशनल फॉर्मेट में, ली ने 322 मैचों में 718 विकेट लिए, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया के कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह 26.66 की शानदार औसत से हासिल किया, जिसमें उनके नाम 31 बार चार विकेट और 19 बार पांच विकेट शामिल हैं। निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज के तौर पर, उन्होंने 212 पारियों में 18.94 की औसत से 2,728 रन बनाए, जिसमें आठ अर्धशतक और 64 का उच्चतम स्कोर शामिल है। अपने करियर के दौरान, ली ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन बड़े आईसीसी खिताब जीतने वाले अभियानों का हिस्सा थे।

# लॉरा हैरिस ने महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बराबर किया




● **लॉरा हैरिस ने ओटागो के लिए 15 गेंदों में फिफ्टी लगाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला**

**एलेक्जेंड्रा, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के लिए निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, लॉरा हैरिस ने रविवार को ओटागो के लिए 15 गेंदों में अर्द्धशतक बनाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला। यह महिला टी-20 में (जहां डेटा उपलब्ध है) संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है, जो 2022 में वारविकशायर के लिए ग्लोस्टरशायर के खिलाफ मैरी केली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के बराबर है। ओटागो के लिए अपने पहले मैच में, बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाने वाली अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने कैंटरबरी के खिलाफ ओटागो को 146 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। वह छठे ओवर में 46 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आई और वह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 15वें ओवर तक लक्ष्य को पार कर ले। उन्होंने एलेक्जेंड्रा के मोलिनक्स पार्क में 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे, इससे पहले कि उन्हें मीडियम पेसर गैबी सुलिवन की गेंद पर कैच आउट कर दिया गया। हैरिस का डब्ल्यूबीबीएल में प्रदर्शन औसत रहा, जैसा कि थंडर का भी रहा, जो आठ टीमों की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही, केवल बिना जीत वाली ब्रिस्बेन हीट से बेहतर। हैरिस ने थंडर के लिए सीजन के सभी दस मैच खेले, आठ बार बल्लेबाजी की और कुल 69 रन बनाए, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 197-14 था, जो प्रतियोगिता में सबसे अच्छा था। हालांकि, वह इस साल की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में थीं, और इस साल की शुरुआत में वार. विकशायर के लिए खेलते हुए केली के रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया था, जब उन्होंने वाइटैलिटी ब्लास्ट में डरहम के खिलाफ 21 गेंदों में 55 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता था, जिसमें उन्होंने 17 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। हैरिस के नाम टी-20 में 15 और 17 गेंदों के रिकॉर्ड के अलावा, तीन 18-गेंदों की हाफ-सेंचुरी और एक 19-गेंदों की हाफ-सेंचुरी भी है। इसका मतलब है कि टी-20 में उनके सभी छह 50 से ज्यादा के स्कोर 20 से कम गेंदों में आए हैं। महिला क्रिकेट में किसी और बल्लेबाज ने यह कारनामा एक से ज्यादा बार नहीं किया है। रविवार को, हैरिस की तेज रन बनाने की गति का मतलब था कि ओटागो बोनस पॉइंट हासिल करने वाली पहली टीम बन गई, जिसे इस सीजन से पहले महिला सुपर स्मैश में ज्यादा स्कोर वाले मैचों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। मैच जीतने पर मिलने वाले रेगुलर चार पॉइंट्स के अलावा, टीमें बोनस पॉइंट हासिल कर सकती हैं।

# एमसीजी क्यूरेटर सदमे की हालत में हेड ने समर्थन दिया

**मेलबर्न, वार्ता।** एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह सदमे की हालत में थे, जबकि ट्रैविस हेड ने ग्राउंड स्टाफ के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, जिन्होंने सीम-फ्रेंडली पिच तैयार की, जिसके कारण मैच दो दिन में खत्म हो गया, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद है।

मैच के आखिरी तीन दिनों के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर सतह पर 10मिमी घास छोड़ने के पेज के फैसले पर काफी सवाल उठे, जब 142 ओवर में 36 विकेट गिरे, और इंग्लैंड ने दूसरे दिन देर से ऑस्ट्रेलिया में जनवरी 2011 के बाद अपनी पहली जीत हासिल की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि दुनिया में कहीं और ऐसी ही पिच 'तबाही' मचा देगी,

● **दो दिन में मैच खत्म होने से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद**

और स्टीवन स्मिथ ने इतनी घास छोड़ने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा: श्शायद इसने थोड़ा ज्यादा ही मदद की शायद अगर इसे 10 से 8मिमी कर दिया जाता, तो यह एक अच्छी चुनौतीपूर्ण विकेट होती - शायद थोड़ी और संतुलित।

पेज ने कहा कि वह परिणाम से वास्तव में निराशः हैं, और उन्होंने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि एमसीजी में फिर से दो दिन में मैच खत्म न हो। उन्होंने कहा कि पहले दिन के बाद मैं सदमे की हालत में था, जो कुछ भी हुआ, एक दिन में 20 विकेटमैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# ब्यू वेबस्टर-जोश इंगलिस बीबीएल खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज



● **दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू टेस्ट की तैयारी को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर शामिल होंगे**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को होबार्ट के लिए बिग बैश लीग में खेलने के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। जोश इंगलिस, जिन्हें रैपिड-फायर बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए बाहर कर दिया गया था, वे भी बीबीएल में वापसी करेंगे और पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट से पहले पर्थ के लिए खेलेंगे।

अपने बीबीएल मैचों के बाद, दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू होने वाले नए साल के टेस्ट की तैयारी के लिए सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर से शामिल होंगे। इस साल सात टेस्ट खेलने के बाद, वेबस्टर को पर्थ में एशेज के शुरुआती मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया इलेविन से बाहर रखा गया था और वह टीम में वापस नहीं आ पाए हैं। लेकिन इस सीरीज के दौरान कैमरून ग्रीन के बल्ले से बार-बार फेल होने के कारण वेबस्टर के पास अपनी जगह वापस पाने का एक अच्छा मौका दिख रहा है। एशेज के पहले चार टेस्ट में बल्ले से सिर्फ 18.66 का एवरेज बनाने के बाद ग्रीन की जगह पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। मेलबर्न में पहले दिन खुद रन आउट होने के बाद, उन्होंने दूसरी इनिंग में फिर से अपना विकेट गंवा दिया। 26 साल के ग्रीन ने स्टोक्स की गेंद को ऑफ-साइड में गाइड करने की कोशिश की, लेकिन दूसरी स्लिप पर कैच हो गए।

# कोलकाता में फिटनेस एक्टिविटीज साथ साल 2025 के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का हुआ समापन

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी के पावर कपल दीपिका कुमारी और अतानु दास और बंगाल के अन्य ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल 2025 के आखिरी संस्करण में भाग लिया। साल के आखिर के इस विशेष संस्करण में आज यहां 1500 नागरिक इकट्ठा हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्साही साइकिल चलाने वालों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें एथलीट, कॉर्पोरेट पेशेवर, छात्र, सीआईएसएफ जवान और फिट इंडिया संडेज ऑन साइकल के 54वां संस्करण के खास भागीदार बीमा कंपनी के कर्मचारी तथा सभी उम्र के लोग शामिल हुए। साइक्लिंग के साथ-साथ, प्रतिभागियों ने हाई-एनर्जी जुम्बा सेशन, मधुर बंगाली लोक संगीत, मनमोहक योग प्रदर्शन, रस्सी कूदने के प्रदर्शन और कई फिटनेस एक्टिविटीज का आनंद लिया। कोलकाता में इस बड़े कार्यक्रम को ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी, जॉयदीप कर्माकर और मंगल सिंह चंपिया ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिससे फिटनेस और एक्टिव जीवन शैली को समर्पित एक पावर-पैक्ड सर्दियों की सुबह की शुरुआत हुई। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता अतानु दास, राहुल बनर्जी, बॉम्बेला देवी लैशराम और सुष्मिता सिंघा रॉय भी मौजूद थे। इस अवसर पर पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्डी दीपिका कुमारी ने रोजाना फिटनेस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एनर्जी और ताकत केवल खेल के लिए ही नहीं, बल्कि निजी जिंदगी के लिए भी जरूरी है और इसे प्रतिदिन करना चाहिए, केवल एक रविवार

# गजनफर-पोलार्ड की मदद से एमिरेट्स दूसरे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने 123 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आईएल टी 20 में दूसरा स्थान पक्का कर लिया। कैपिटल्स को पहले मुख्य रूप से एएम गजनफर के तीन विकेट (28 रन देकर 3 विकेट) की बदौलत रोका गया, जिसके बाद एमआई एमिरेट्स के टॉप-चार बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया कि रन चेज में कोई रुकावट न आए।

कीरोन पोलार्ड ने भी एमआई एमिरेट्स की जीत के रास्ते में एक ओवर में 30 रन बनाए। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, कैपिटल्स ने शुरुआती तीन ओवरों में चार चौके लगाए। लेकिन, चौथे ओवर में गजनफर द्वारा स्पिन गेंदबाजी शुरू करने के बाद रनों की गति धीमी हो गई। यह शाकिब अल हसन थे जिन्होंने दूसरे छोर से शयान जहांगीर का विकेट लेकर सफलता दिलाई, इससे पहले कि गजनफर ने अपने दूसरे ओवर में अपने अफगान समकक्ष सेदिकुल्लाह अटल का विकेट लिया। स्पिन काम कर रही थी, इसलिए एमआई एमिरेट्स ने डैन मौसली को गेंद सौंपी, जिन्होंने ओवर में पहले ल्यूस डू प्लॉय के रन आउट होने के बाद रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। अरब गुल मोमंद ने जॉर्डन कॉक्स का बड़ा विकेट लिया, जिससे कैपिटल्स आधे रास्ते में 53 रन पर 5 विकेट पर थी। नए बल्लेबाज जेम्स नीशम अपनी तेज 21 रनों की पारी में तीन चौकों के साथ अच्छे फॉर्म में दिखे, इससे पहले कि उन्होंने गजनफर को कैच दे दिया। इसके बाद अफगान गेंदबाज ने उसी ओवर में डेविड विली को आउट कर दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, डीडीहाट, (पिथौरागढ़)

email :-nagarpalikadidihat@gmail.com Fax or Phone No-05964232625

पत्रांक 684/2025-2026 / दिनांक 26-12-2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद डीडीहाट में आन्तरिक मार्ग सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु निर्धारित श्रेणी में पंजिकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर डीडीहाट जनपद पिथौरागढ़ में निर्मित किये जाने वाले कार्य की ई-निविदा दिनांक 15-12-2025 को सांय 03:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी। जिसे दिनांक 19-12-2025 को प्रातः 11:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जाना था जिसे अपरिहार्य कारणों से दिनांक 19-12-2025 को नहीं खोला गया उक्त निविदा को दिनांक 29-12-2025 को निविदा समिति के समक्ष प्रातः 11:00 बजे खोला जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद डीडीहाट।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद डीडीहाट।

## प्रेस क्लब रुड़की (रजिस्टर्ड) के वार्षिक चुनाव संपन्न

# दीपक मिश्रा अध्यक्ष, रियाज उपाध्यक्ष, अश्वनी बने महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रेस क्लब रुड़की (रजिस्टर्ड) के चुनाव आज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही पत्रकारों में उत्साह की लहर दौड़ गई। अध्यक्ष पद के लिए दीपक मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 29 मतों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की, वहीं महासचिव पद पर अश्वनी उपाध्याय ने 26 मतों से विजय हासिल कर संगठन में अपनी मजबूत पकड़ साबित की।

उपाध्यक्ष पद के लिए रियाज कुरैशी ने 31 मतों के साथ जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर विनीत त्यागी ने 32 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। सचिव



दीपक मिश्रा
निर्वाचित अध्यक्ष

पद पर नितिन ने 28 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया।

डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव में अंकित त्यागी ने 49 मत तथा दीपक ने 28 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही प्रेस



क्लब परिसर में जश्न का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों का क्लब के सभी सदस्यों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें बधाइयाँ दी गईं और सभी सदस्यों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा एवं महासचिव अश्वनी उपाध्याय ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रेस क्लब की गरिमा, पत्रकारों के हितों और एकजुटता को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगे।

नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा के लिए वह हमेशा अपने सभी पत्रकार साथियों के साथ सुख दुख में साथ खडे रहेंगे ओर उनके हितों की लडाई लडने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथी भ पूरी इमानदारी जिम्मेदारी से पत्रकारिता का धर्म निभायेंगे। यही प्रयास होगा कि वह समाज मे कुरितियों को मिटाने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाया जाएगा। प्रेस क्लब रुड़की के इन चुनावों ने

**❖नितिन कुमार सचिव, विनीत त्यागी कोषाध्यक्ष बने, डायरेक्टर पद अंकित त्यागी व दीपक अरोरा ने की जीत हासिल**



यह साबित कर दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और आपसी भाईचारे के साथ पत्रकार एक मजबूत संगठन का निर्माण कर सकते हैं।

## रुड़की पुलिस ने घर-घर चलाया अभियान

# 65 का सत्यापन, 4 के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु रुड़की पुलिस द्वारा चलाया सत्यापन अभियान चलाया गया। रूड़की सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिस द्वारा बिना सत्यापन, फड-फेरी व किरायेदारों के सत्यापन की कार्यवाही की।

पुलिस ने अभियान चलाकर रुड़की पुलिस द्वारा किये 65 व्यक्तियों के सत्यापन व 04 मकान मालिक के विरुद्ध धारा 83 पुलिस एक्ट में कार्यवाही व 10 व्यक्तियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट की कार्यवाही कर ₹3000 संयोजन शुल्क वसूल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में बिना सत्यापन के निवासरत किरायेदार व होटल ढाबों में कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों दुकानों में कार्य करने वाले/संदिग्ध व्यक्तियों /वाहनों की गहनता से चौकिंग कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिनके अनुपालन में कोतवाली रूड़की पुलिस द्वारा होटल ढाबों व दुकानों तथा किरायेदारों व उसमे कार्य करने वाले वाहरी व्यक्तियो की चौकिंग हेतु सिविल लाइन क्षेत्र मोहल्ला सोत बी में अभियान चलाया



गया। 1-अभियान के दौरान किये 65 व्यक्तियों के सत्यापन 2- 'मौके 10 चालान 81 पुलिस एक्ट नगद 3000/- रुपयें संयोजन शुल्क, धारा 83 पुलिस एक्ट में 04 चालान न्यायालय किए गए।

# यज्ञ से अनेक बीमारियों का नाश होता है : आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** यज्ञ से हम लोग जो आहुति हवन कुंड में अग्नि को अर्पित करते हैं वह साथ-साथ वायु देवता ग्रहण करके आकाश मंडल को दे देते हैं। आकाश मंडल में व्याप्त वह सुगंधित आहुति बादल बनकर पृथ्वी पर जल के रूप में आती है। जिससे अनाज पैदा होता हैं। यज्ञ से अनेक प्रकार की बीमारियों का भी नाश होता है।

उक्त उदगार कस्बे में स्थित प्राचीन भगवान शिव मंदिर में श्री राम कथा के समापन के बाद हवन यज्ञ के दौरान कथा वाचक विपिन आनंद महाराज द्वारा कहे गए ।उन्होंने कहा कि अपने शरीर में मन को हमेशा पवित्र रखना चाहिए मनुष्य को देखना पवित्र सुनना मधुर बोलना तथा नीति और नियत भी ठीक रखना चाहिए ।इससे घर में सुख शांति का वास होता है। महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से चारों दिशाएं शुद्ध होती है। जब हम यज्ञ करते हैं तथा हवन कुंड में देसी घी व अनेक वनस्पतियो से निर्मित सुगंधित सामग्री की आहुति देते हैं वह सुगंधित आहुति हवा में मिल जाती है। जिससे हवा में जो जहरीले कीटाणु होते है जिनसे मनुष्य को अनको बीमारियां होती है उनका नाश हो जाता है । हवन यज्ञ करने से देवी



देवता प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। जिससे मनुष्य सुख समृद्धि प्राप्त करता है। हवन यज्ञ के बाद भगवान गणेश भगवान शिव पार्वती तथा भगवान श्री राम को प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर काफी संख्या में कस्बे वासी उपस्थित रहे।

## द जीनियस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में जीनियस फेस्ट उत्सव

# क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मिले मौका : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सुल्तानपुर आदमपुर स्थित द जीनियस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, टिक्कमपुर में आयोजित दो दिवसीय 'द जीनियस फेस्ट सीजन-2.0' का आज भव्य समापन हर्षोल्लास और उमंग के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। विद्यालय परिसर उत्सव स्थल में तब्दील नजर आया, जहां शिक्षा, संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मो. शहजाद ने फीता काटकर किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट हाजी इसरार अहमद, जावेद खत्री एवं सभासद प्रतिनिधि वाशिद अली उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन की

**विधायक हाजी शहजाद ने शुभारंभ कर छात्रों का हौसला बढ़ाया**

ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।फेस्ट के दौरान फेयर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रमाण पत्र वितरण, फूड स्टॉल, खिलौनों के स्टॉल, फन राइड और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों के लिए लगाए गए झूले और खेलों का विशेष आकर्षण रहा, जबकि फूड स्टॉल पर लोगों ने विभिन्न व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों



की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा। शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के संरक्षक डॉ. नावेद अली ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास व रचनात्मकता का संचार होता है। वहीं मुख्य अतिथि विधायक मो. शहजाद ने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम के दौरान विधायक मो. शहजाद ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।दो दिवसीय 'द जीनियस फेस्ट सीजन-2.0' विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच बना और क्षेत्रवासियों के लिए यह आयोजन एक यादगार उत्सव के रूप में दर्ज हो गया। आयोजन की सफलता पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों में खुशी का माहौल बना रहा।

# सिविल अस्पताल का डॉक्टर को 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विजिलेंस टीम ने हरिद्वार के रुड़की सिविल अस्पताल में एक डॉक्टर को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। हरिद्वार जिले के रुड़की में विजिलेंस की टीम ने सिविल अस्पताल से एक डॉक्टर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. टीम ने अस्पताल में एक डॉक्टर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया. टीम द्वारा डॉक्टर से घंटों पूछताछ की गई, जिसके बाद टीम उन्हें अपने साथ देहरादून ले गई. बताया गया है कि चिकित्सक द्वारा मारपीट मामले में लीगल सप्लीमेंट्री रिपोर्ट बनाने के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई थी।

जानकारी के मुताबिक, डॉक्टर आभास सिंह का करीब एक माह पूर्व मसूरी से रुड़की के सिविल अस्पताल में ट्रांसफर हुआ. शनिवार रात को डॉक्टर आभास सिंह सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर थे. तभी अचानक देहरादून से विजिलेंस की टीम सिविल अस्पताल पहुंची और डॉक्टर आभास सिंह को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया. इसके बाद टीम उन्हें लेकर उनके सरकारी आवास में गई और आवास में भी तलाशी ली. तलाशी के बाद विजिलेंस ने डॉक्टर आभास को आवास से गिरफ्तार किया। देहरादून विजिलेंस टीम के मुताबिक, डॉक्टर आभास पर आरोप है कि मारपीट के मामले में घायल हुए एक व्यक्ति से लीगल सप्लीमेंट्री रिपोर्ट बनाने के नाम पर उन्होंने 30 हजार रुपयों की मांग की थी. जिस पर पीड़ित द्वारा इस बात की जानकारी देहरादून विजिलेंस की टीम को दी गई थी. योजना के मुताबिक, शनिवार देर शाम विजिलेंस टीम शिकायतकर्ता के साथ रुड़की सिविल अस्पताल पहुंची. शिकायतकर्ता ने डॉक्टर आभास को रुपए देने के लिए ब्लड बैंक के पास बुलाया।

# सहकारी बैंक के एटीएम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला सहकारी बैंक हरिद्वार रुड़की के एटीएम में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। माना जा रहा है कि आग लगने से लाखों की नगदी जलकर राख हो गई। हालांकि स्पष्ट जानकारी बैंक के अधिकारी ही दे पाएंगे। रुड़की के बीटी गंज में जिला सहकारी बैंक का मुख्यालय है। बैंक के बाहर ही एटीएम भी लगाया गया है देर रात अचानक इस एटीएम में कुछ लोगों द्वारा धुंआ उठता देखा गया। मामले की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि ऊंची ऊंची लपटे उसमें से निकलने लगी। वहीं माना जा रहा है कि एटीएम के अंदर काफी नकदी भी रही होगी और वह जलकर राख हो गई। हालांकि इस एटीएम में कितनी नकदी थी इसकी स्पष्ट जानकारी तो बैंक के अधिकारी ही दे पाएंगे। लेकिन आग लगने से बड़ा नुकसान बैंक को हुआ है इससे परहेज नहीं किया जा सकता। अब तक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# ऑपरेशन कालनेमी के तहत 5 बहरुपी बाबा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अन्तर्गत 05 बहरुपी बाबा भेषधारियों को अन्तर्गत धारा 172 बी0एन0एस0एस मे गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमन्त्री उत्तराखण्ड् महोदय द्वारा जारी " ऑपरेशन कालनेमी" अभियान के अन्तर्गत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार महोदय के आदेशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय हरिद्वार एवं श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रुड़की हरिद्वार महोदय की पर्यवेक्षण में श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली रुडकी हरिद्वार के कुशल नेतृव में कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा दिनांक 28.12.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चौकिंग 5 बहरुपी बाबा जो बाबाओं के भेष मे भीख मांगने के नाम से लोगों से अधिक धनराशि लेकर अपने जीवनयापिका चलाते हैं इन बेहरुपी बाबाओं के उक्त कृत्य से स्थानीय लोगो एवं यात्रियो के भडकने/उग्र होने की सम्भावना के दृष्टिगत थाना कोतवाली रुडकी की पुलिस टीम द्वारा कोतवाली रुडकी क्षेत्र से 5 बेहरुपी बाबाओं को अन्तर्गत धारा 172(2) बी0एन0एस0एस के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बाबाओ के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। '172 ठछै में गिरफ्तार बहरूपिये बाबाओ का विवरण' 1. नौशाद पुत्र इमरान निवासी मोहल्ला इस्लामनगर रोडवेज बस अड्डे के पीछे खतौली जनपद मुजफ्फरनगर उम्र 47 वर्ष हाल नया पुल रुड़की 2. गणेश पुत्र माधवराव निवासी खटीक मोहल्ला हजारी पहाड़ के नीचे नागपुर उम्र 70 वर्ष हाल नया पुल रुड़की3. अरविंद पुत्र ज्ञान सिंह निवासी सहारनपुर लेबर कॉलोनी थाना कुतुब शेर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 58 वर्ष 4. गुलाम माही उद्दीन लोन पुत्र सानाउल्लाह लोन निवासी 62 गनी पंडित शाह मौहला मूल पीठ बग्गा थाना अनंतनाग जम्मू कश्मीर उम्र 80 वर्ष5. मेहरबान सिंह पुत्र गंगाराम निवासी मोहल्ला बजरंग नगर थाना चंदन नगर जिला इंदौर मध्य प्रदेश उम्र 65 वर्ष है।

# पुलिस ने दबोचा अपहरण का आरोपी, बालिका सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

भगवानपुर। भगवानपुर क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण के मामले में हरिद्वार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को राजस्थान से सकुशल बरामद कर लिया है तथा घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी मुकदमा निवासी ग्राम सकतपुर, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), हाल पता गली नंबर-01, मक्खनपुर, थाना भगवानपुर, जिला हरिद्वार द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 2025 को थाना भगवानपुर में तहरीर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा थाना प्रभारी भगवानपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 27 दिसंबर 2025 को अपहृता नाबालिग को राजस्थान से सकुशल बरामद किया।

# सर्दी का सितम, कोहरे ने बढ़ाई ठिठुरन, कांपे लोग

## शहर से देहात तक दिन भर छाया रहा घना कोहरा, जन जीवन अस्त व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सर्दी ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है रविवार को दिन भर शहर से देहात तक घना कोहरा छाया रहा जिससे लोग कांप उठे घरों से नहीं निकाल पाए । कड़ाकेदार की ठंड में रविवार होने की वजह से आज सड़कों पर भी लोगों की आमद कम दिखाई दी ।

दिसंबर के अंतिम पड़ाव कड़ाकेदार ठंड पढ़नी शुरू हो गई हैरात भर जहां पर न्यूनतम पहुंच रहा है तो दिन में भी सर्द हवाओं से मौसम में पूरी ठंडक पैदा हो गई हैलोग कब-कब आते हुए घर से बाहर निकल रहे हैंतो मजदूर तबके को भी काम करने में दिक्कत आ रही है वहीं ठंड की वजह से व्यापारी भी देर से अपनी प्रतिष्ठानों पर पहुंच रहे हैं तो काम में भी कमी देखी जा रही है क्योंकि लोग कड़ाके की ठंड की वजह से घर से बाहर निकलने में ही दिक्कत महसूस कर रहे हैं ।लेकिन अब कुछ लोग नए साल के आगाज के लिए भी तैयारी कर रहे हैं ।रविवार को रुड़की में देहात क्षेत्र में दिनभर घना कोहरा छाया रहा वाहनों को भी आने-जाने में जहां दिक्कत महसूस हो रही है तो दिनभर वाहन चालक अपनी हेडलाइट जलाकर चलते दिखाई दिए पुलिस प्रशासन भी गाने कमरे में इत्यादि व्रत रहा है और वाहन चालकों को हिदायत दे रहा है कि वह धीमी गति से डिपर व लाइट का प्रयोग करके ही अपने वाहन चलाएं आगे निकलने



में जल्दबाजी न करें कोहरे के कारण सफर करने में भी वक्त लग रहा है घंटे भर वाला सफर कई घंटे में हो रहा है। झबरेड़ा कस्बे व पूरे ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। रविवार को पूरे दिन सूर्य देव के भी दर्शन नहीं हो पाए। पूरे दिन कोहरा पडने से अधिक ठंड बढ़ने के कारण इसका अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। किसानों को अपने

**❖सफर करने में भी आ रही है दिक्कत, वाहन चालक डीपर व लाईटो का इस्तेमाल करके कर रहे हैं दूरी तय**

खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार भी काफी कम हो गई है दिन में भी वाहन चालकों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा।

कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को पूरे दिन घना कोहरा छाया रहा। घना कोहरा पड़ने से किसानों व मजदूरों को खेतो में काम करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों व पशुपालक राजपाल बाबू राम सुंदर रोहित अनुज आदि का कहना है कि कोहरा पडने से अधिक ठंड बढ़ गई है जिससे दुधारू पशु भी दूध कम देने लगे हैं जो गाय भैंस 10 किलो लीटर दूध प्रति दिन दे रही थी वह 6 किलो दूध पर आ गई है । कोहरा छाए रहने से ईंधन नहीं सूखने के कारण कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रहे गन्ना कोलहू भी बंद होने की कगार पर है। कोहरा व ठंड बढ़ जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# असलाह के साथ एक तबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को दो असलाह सहित जिनमे एक तमंचा एक जिंदा कारतूस तथा एक मस्कट 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि शनिवार देर शाम पुलिस द्वारा कस्बे से कुछ आगे ग्राम झबरेडी मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रखा था। पुलिस को उसी समय एक संदिग्ध व्यक्ति वहां से कुछ दूरी पर जाते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा संदिग्ध को आवाज देने पर वह दूसरी दिशा में भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उक्त को कुछ ही दूरी पर पहुंच लिया। संदिग्ध को पकड़ कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सागर पुत्र कृष्ण पाल निवासी ग्राम बूढ़पुर नूरपुर बताया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस तथा एक मस्कट 12 बोर बरामद हुआ।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 29 दिसम्बर 2025

# अरावली पर सुनवाई

राजस्थान सहित कई राज्यों में विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्य जजों की पीठ इस पूरे मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई करेगी। असल में एक तरह से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट अपने ही एक फैसले पर पुनर्विचार के लिए तैयार हुआ है। जोकि 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई की बेंच ने दिया था, जिसमें उसने केंद्रीय समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा था कि सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना रहा है कि इस फैसले से 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है। हालांकि कोर्ट ने नई खनन लीज पर रोक लगा दी है और स्टेनेबल माइनिंग प्लान तैयार होने तक कोई नई अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्र का तर्क रहा है कि यह परिभाषा वैज्ञानिक है और अवैध खनन रोकने में मदद करेगी। जबकि पर्यावरणविद इसे पर्यावरण के लिए खतरा बता रहे हैं। राजस्थान में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें उदयपुर, जोधपुर जैसे जिले शामिल हैं। असल में सारा विवाद लगता है परिभाषा को लेकर है। अरावली पर्वत माला जो दिल्ली हरियाणा राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है और सबसे पुरानी पर्वत श्रंखला में से एक है, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि थार मरूस्थल के फैलाव को रोकती है और भूजल रिचार्ज करती है। साथ ही जैव विविधता को बनाए रखती है। इस पर पर्यावरण मंत्रालय की समिति ने सिफारिश की थी जिसमें कोर्ट ने मंत्रालय की सिफारिश को स्वीकारते हुए कहा था कि केवल सौ मीटर या उससे अधिक भूमि को ही अरावली माना जाएगा, उससे कम को नहीं। पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी हुई है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को कोर्ट में चुनौती दी है। आरपी बलवान की याचिका में तर्क है कि जो परिभाषा दी गई है वह अपर्याप्त है और इकोसिस्टम को नजरअंदाज करती है। हालांकि केंद्र इस बात की गारंटी दे रहा है कि मौजूदा खदानों पर सख्त निगरानी होगी और कोई नई लीज नहीं दी जाएगी। अब इस पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाली वाली तीन सदस्यीय पीठ करेगी, जोकि सोमवार से सुनवाई करने जा रही है। जाहिर है अगर कोर्ट नई परिभाषा में बदलाव करती है तो अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण मिल सकता है, जो जल संकट, धूल भरी आंधियां और जैव विविधता हानि को रोकने में मदद करेगा। निश्चित रूप से अरावली हिल्स खनन का मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार को भी इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि बात केवल खनन की नहीं है। बल्कि सीधे पर्यावरण से जुड़ी हुई है जोकि लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित करता है।

## अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है



राहुल गांधी की चुनावों में बार-बार हार डेवलपमेंट की पॉलिटिक्स न समझ पाने का नतीजा है, राहुल आप अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है, आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे, कांग्रेस की राजनीति देश की सोच से मेल नहीं खाती, राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और टेक्निकल मुद्दों में उलझे रहते हैं, भाजपा ने भरोसे और जनता की जरूरतों को समझकर शासन किया, इसलिए उसे बार-बार चुनावों में जनादेश मिला, कांग्रेस ने उन सभी नीतिगत फैसलों का विरोध किया, जिन्हें जनता का समर्थन मिला, इनमें राम मंदिर, पाकिके खिलाफ एयर स्ट्राइक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन, अनुच्छेद 370 हटाना और काशी में मंदिर निर्माण जैसे फैसले शामिल हैं। **–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां






तनवीर जाफरी

क्रिसमस प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को स्लेज 380 का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए 380 को रुडॉल्फ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीजन में यात्रियों को खास तोहफे भी दिए, जिसमें फेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ्ट शामिल हैं। वैसे भी चूंकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिए भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3 प्रतिशत हैं। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाजा यहां भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड फ्राइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेजों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीं उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च, स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किए गए। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफरत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाए जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि सर्व धर्म समभाव जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में खुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है। नफरत, नकारात्मकता, संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुकसान हुआ। जबकि कांकेर जिले में दो चर्च जला दिए गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वीएचपी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किए। इसी तरह केरल के पलक्कड़, चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाकों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की खबर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया। उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया, लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज आवाज से धार्मिक भजन बजाए गए।

इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए, नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाजार से भगाया गया एक बाजार में जबरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुए उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले गरीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के कांशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गए। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ, बजरंग दल, वीएचपी, भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की खबरें हैं।

ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाए गए तांडव को लेकर भारत को किस नजर से देख रहा है? बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुए लिखते हैं कि षदिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के विद्यार्थी रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा, ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए खतरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहाड़ से पिच तक देवेंद्र सिंह बोरा की उड़ान



एम. फहीम

उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में खेल को करियर बनाना आज भी आसान नहीं है। सीमित संसाधन, दूर-दराज गांव, मैदानों की कमी और अवसरों का अभाव, इन सबके बीच अगर कोई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे पहाड़ की कहानी कहता है। बागेश्वर जिले के छतिना जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर तेज गेंदबाज देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा इसी जज्बे की मिसाल है।

**जहां सड़क नहीं, वहां सपने थे**

देवेंद्र का बचपन ऐसे इलाके में बीता जहां सुविधाएं सीमित थीं। न आधुनिक क्रिकेट अकादमी, न बड़े कोचिंग सेट-अप। खेल का मतलब था, खुले मैदान, असमतल जमीन और सीमित उपकरण, लेकिन इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की नींव रखी। पहाड़ का जीवन सिखाता है कि रास्ते मुश्किल हों तो कदम मजबूत रखने पड़ते हैं। देवेंद्र ने भी यही किया। पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट का अभ्यास, रोजाना फिटनेस पर ध्यान और स्थानीय स्तर पर मैच खेलने का सिलसिला लगातार चलता रहा।

**घरेलू क्रिकेट से पहचान**

समय के साथ देवेंद्र ने उत्तराखंड की घरेलू क्रिकेट टीम में जगह बनाई। यहां उनकी पहचान एक ऐसे तेज गेंदबाज के रूप में बनी जो लाइन-लेंथ पर नियंत्रण रखता है और दबाव में भी संयम नहीं खोता। घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा, लेकिन असली पहचान अभी बाकी थी।

**एक पल, जो इतिहास बन गया**

क्रिकेट में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो करियर की दिशा बदल देते हैं। देवेंद्र के लिए ऐसा ही क्षण तब आया जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट किया। यह सिर्फ एक विकेट नहीं था, यह उस भरोसे की मुहर थी कि पहाड़ से आया यह गेंदबाज बड़े मंच पर भी टिक सकता है। इस उपलब्धि ने देवेंद्र को अचानक चर्चा में ला दिया, लेकिन इसके पीछे वर्षों की मेहनत, असफलताएं और धैर्य छिपा था। उन्होंने खुद को कभी ह्एक मैच का खिलाड़ीह्न नहीं माना, बल्कि हर मौके को सीख के रूप में लिया।

**संघर्ष से संकल्प तक**

देवेंद्र की कहानी बताती है कि प्रतिभा अकेले काफी नहीं होती। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती उतनी ही जरूरी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिकायत नहीं की, बल्कि उपलब्ध हालात में खुद को बेहतर बनाया। उनकी सफलता उत्तराखंड के उन सैकड़ों युवाओं के लिए उम्मीद है, जो आज भी पहाड़ों में बैठकर बड़े सपने देखते हैं, लेकिन रास्ता साफ नहीं दिखता।

**पहाड़ की पहचान, भविष्य की प्रेरणा**

देवेंद्र सिंह बोरा सिर्फ एक तेज गेंदबाज नहीं हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि अगर इरादा मजबूत हो तो भौगोलिक सीमाएं भी रुकावट नहीं बनतीं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि उत्तराखंड की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है पहचान, समर्थन और निरंतर प्रयास की। आज जब देवेंद्र राष्ट्रीय मंच पर कदम रख चुके हैं, तो यह सिर्फ उनकी जीत नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ की आवाज है कृ ह्हम भी खेल सकते हैं, हम भी जीत सकते हैं।

**उत्तराखंड के युवाओं के नाम एक संदेश**



देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा उत्तराखंड के उन हजारों युवाओं के लिए एक जीवंत संदेश है, जो आज संसाधनों की कमी, अवसरों के अभाव और आत्म-संदेह से जूझ रहे हैं। उनकी कहानी बताती है कि सफलता का रास्ता केवल महानगरों या महंगी अकादमियों से होकर नहीं जाता, बल्कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और स्वयं पर विश्वास से भी बनता है। पहाड़ों में जन्म लेना कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और संघर्षशीलता की पहचान है। अगर सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास हो, तो उत्तराखंड का युवा भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकता है। देवेंद्र की सफलता यह भरोसा जगाती है कि सपने देखना अपराध नहीं, और पहाड़ से उड़ान भरना असंभव भी नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ता धार्मिक पर्यटन और धार्मिक नगरों की चुनौती




विनीत नारायण

भारत में धार्मिक पर्यटन सदैव से हमारी सांस्कृतिक और आस्था परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है। किंतु पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में जिस तीव्र गति से वृद्धि हुई है, उसने धार्मिक नगरों की तस्वीर ही बदल दी है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, उज्जैन, द्वारका, तिरूपति जैसे नगर आज विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्रों में बदल चुके हैं। सरकारें भी इसे 'आस्था से अर्थव्यवस्था' के सूत्र में जोड़कर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के प्रयास में लगी हैं। लेकिन इन प्रयासों के समानांतर कुछ ऐसे प्रश्न भी हैं, जिनसे आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। क्या इस विकास की गति निभाई जा रही है? क्या स्थानीय निवासियों और तीर्थ स्थलों के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सका है? क्या प्रशासन इतना सक्षम है कि वो त्योहारों और छुट्टियों के समय अतिरिक्त पर्यटकों को संभाल सके?

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद देश भर में धार्मिक पर्यटन में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में यहां प्रतिवर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचेंगे। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने बनारस की ऐतिहासिक गलियों को व्यवसायिक जीवन दिया है होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योगों को भी नई सांस मिली है। वृंदावन और मथुरा में हर त्योहार अब अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का रूप ले चुका है। आर्थिक .ष्टि से यह परिवर्तन शुभ संकेत है, रोजगार बढ़े हैं, स्थानीय व्यापार में तेजी आई है और बुनियादी ढांचे पर निवेश भी हुआ है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इस तेजी ने धार्मिक नगरीय संतुलन को डगमगा दिया है। छोटे नगरों की सीमित सड़कों, आवासों और संसाधनों पर अचानक लाखों की भीड़ का दबाव प्रशासन के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। पर्यावरणीय दबाव, कचरा प्रबंधन और जल संकट जैसी समस्याएं अब इन नगरों के स्थाई साथी बन चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में भीड़ प्रबंधन का ढांचा अभी भी विकासशील स्तर पर है। चाहे कुंभ मेले का आयोजन हो या अयोध्या में दीपोत्सव, प्रशासनिक तैयारियां अक्सर अनुमान से कम पड़ ही जाती हैं। पश्चिमी देशों जैसे इटली, फ्रांस या स्पेन में धार्मिक पर्यटन अत्यधिक संगठित ढंग से संचा. लित होता है। वेटिकन सिटी या लूर्ड जैसे स्थानों पर पर्यटकों की संख्या भले लाखों में हो, लेकिन वहां डिजिटल टिकटिंग, समय-वार प्रवेश प्रणाली, स्पष्ट दिशानिर्देश और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का जाल पूरी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखता है। इन्हीं से प्रेरित हो कर हमारे देश में भी कुछ स्वघोषित गुरुओं के स्थानों पर भी व्यवस्था काफी हद तक सुचारू दिखाई देती है।

वहीं इसके विपरीत भारत के धार्मिक नगरों में तीर्थयात्रियों का आगमन प्राय: अनियोजित होता है। ट्रेन, बस, सड़कों पर भीड़ एक साथ उमड़ती है जिससे जाम, दुर्घटनाएं और अव्यवस्था आम हो जाती है। सुरक्षा बलों और प्रशासनिक कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, और अक्सर स्थानीय निवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। धार्मिक पर्यटन का यह उभार स्थानीय नागरिकों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। अयोध्या या वाराणसी की



गलियों में रहने वाले निवासियों को अब अपने ही घरों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। सड़कों पर निरंतर भीड़, बढ़ते वाहन और लगातार चल रहे निर्माण कार्यों ने जीवन-स्तर को प्रभावित किया है। किराए आसमान छू गए हैं, स्थानीय दुकानों की जगह बड़े ब्रांडों ने ले ली है और धार्मिक शांति की जगह अब व्यावसायिक कोलाहल ने ले ली है।धार्मिक नगरों का जो आत्मिक वातावरण कभी लोगों को भीतर तक आस्था से जोड़ता था, वह अब सजावटी प्रकाशों और सेल्फी प्वाइंट्स में खोता जा रहा है। श्रद्धा के स्थलों का 'पर्यटन स्थल' में बदल जाना विकास के नाम पर एक सांस्कृतिक ह्रास भी है।

अयोध्या, वाराणसी या वृंदावन जैसे नगरों की आत्मा उनकी प्राचीनता, उनकी पवित्रता और उनके पारंपरिक जीवन में बसती है, लेकिन आज यह नगर तेजी से 'आधुनिक तीर्थ' में तब्दील किए जा रहे हैं। चौड़ी सड़कों, चमकीले कॉरिडोर, आधुनिक गेस्टहाउस और मॉल जैसी परियोजनाएं विकास के प्रतीक मानी जा रही हैं। नि:संदेह इनसे सुविधा बढ़ी है, लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक अनुभव का मूल स्वरूप भी धीरे-धीरे बदल गया है। वह आध्यात्मिक संवेदना, वह साधु-संतों के भजनों की सुगंध और घाटों पर बहती शांति, यह सब अब पर्यटक आकर्षण के दृश्य में सिमट गए हैं। भवनों के रंग, पारंपरिक स्थापत्य और स्थानीय शिल्प को आधुनिक डिजाइन ने विस्थापित कर दिया है। यह भीड़ केंद्रित विकास कहीं न कहीं नगरों की 'आस्था आधारित पहचान' को बाजारीकरण में बदल रहा है। धार्मिक पर्यटन का बढ़ना अपने आप में बुरा नहीं है। यह सांस्कृतिक एकता, लोक व्यवसाय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब तीर्थस्थलों का विकास केवल संरचनात्मक दृष्टि से किया जाए और उसमें सांस्कृतिक संरक्षण की भावना गायब हो। भारत को पश्चिमी देशों से यह सीखने की जरूरत है कि आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक सुविधाओं के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस पहल जरूरी है।

पर्यटन की पूर्वानुमानित योजना बनाई जाए। डिजिटल टिकटिंग, भीड़ नियंत्रण एप्स और समयबद्ध दर्शनों की व्यवस्था लागू की जाए। स्थानीय सहभागिता नगर के विकास में स्थानीय निवासियों की राय और सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि विकास उनके जीवन को प्रभावित न करे।

निर्माण कार्यों में पारंपरिक स्थापत्य, स्थानीय कला और जीवन शैली को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नगर की आत्मा जीवित रहे। भारतीय धार्मिक पर्यटन आज देश की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का नया प्रतीक बन गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन जैसे नगर आस्था की ऊर्जा से भरे हुए हैं, लेकिन उसी आस्था के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही व्यापक है। यदि हम केवल पर्यटक बढ़ाने पर ध्यान देंगे और तीर्थ के मूल भाव को नजरअंदाज करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इन नगरों में केवल चमक देख पाएंगी, वह अनुभूति नहीं, जिसके लिए हमारे पूर्वज तीर्थ यात्रा करते थे।विकास का अर्थ केवल इमारतों का निर्माण नहीं, बल्कि उस भावना को सहेजना है जो हमें भीतर से जोड़ती है। अगर आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच यह संतुलन साध लिया गया, तभी धार्मिक पर्यटन भारत की सांस्कृतिक आत्मा को मजबूत करेगा, न कि उसकी मूल पहचान को मिटाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश

## सोमालीलैंड को मान्यता देने का किया विरोध, कहाः पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा को बनेगा खतरा

**जेरुसलम।** इजरायल के सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता देने के फैसले के बाद से मुस्लिम देशों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दुनियाभर के 21 देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर विरोध जताया है। सोमालीलैंड अफ्रीका के हार्न क्षेत्र में स्थित है।

इस देश ने 1991 में सोमालिया से आजादी की घोषणा की थी और तब से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की कोशिश कर रहा था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए। सोमालीलैंड के राष्ट्रपति ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह फैसला मध्य पूर्व और अफ्रीका में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देगा। इजरायल के खिलाफ जार्डन, मिस्र, अल्जीरिया, कोमोरा. स, जिबूती, गाम्बिया, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, मालदीव, नाइजीरिया, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, तुर्की, यमन ने विरोध जताया है। इसके साथ ही आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर आपत्ति दर्ज करवाई है। बयान में पांच प्वाइंट में बातें कही गई हैं। सोमालिया रिपब्लिकन के सोमालीलैंड क्षेत्र को इजरायल के मान्यता देने को हम खारिज करते हैं। ऐसा कदम हार्न आफ अफ्रीका और लाल सागर के साथ पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा पर असर डालेगा। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानून की अवहेलना की है। ऐसी मान्यता की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है। जिसमें राज्यों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की जरूरी बताई गई है। यह इजरायल की विस्तारवादी सोच है। सोमालिया रिपब्लिकन की संप्रभुता का पूरा समर्थन हम करते हैं। सोमालिया की एकता उसकी क्षेत्रीय अखंडता या संप्रभुता को कमजोर करने वाले किसी भी कदम का हम खंडन करते हैं। किसी देश के हिस्से को अलग मान्यता देना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। साथ ही यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। इजरायल के इस तरह के कदम और फलस्तीनी लोगों को उनकी जमीन से जबरन निकालने की किसी कोशिश को भी हम नकारते हैं। सोमालिया के मोगादिशु से लगभग 18 किलोमीटर दूर लाफोफे क्षेत्र में अल-शबाब के सैकड़ों लड़ाके सैन्य अभ्यास करते हुए। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इजरायल के कदम का कड़ा विरोध किया है। अरब लीग, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), अफ्रीकी संघ (एयू) और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने इजरायल के कदम को सोमालिया की संप्रभुता पर हमला बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने कहा कि सोमालीलैंड सोमा. लिया का अभिन्न हिस्सा है और इस तरह की मान्यता शांति और स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकती है। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल गीत ने इसे राज्यों की एकता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन बताया जबकि जीसीसी ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करने वाला खतरनाक कदम कहा। ओआईसी ने कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त बयान जारी कर इजरायल की निंदा की और सोमालिया की संप्रभुता का पूरा समर्थन जताया।

■ **आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है**



**पटना। घने कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने की आशंका के बीच यात्री ट्रेनों में चढ़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर उमड़े।**

## ब्रिक्स, एससीओ वैश्विक दक्षिण की भागीदारी को सक्षम बनाते हैंः रूसी विद्वान

**मास्को।** एक रूसी विद्वान ने रविवार कहा कि ब्रिक्स एवं शंघाई सहयोग संगठन वैश्विक दक्षिण के देशों को वैश्विक शासन में सीमांत खिलाड़ी के बजाय समान भागीदार के रूप में सक्षम बनाते हैं। लोमोनोसोव मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर आंद्रेई मनोइलो ने शिन्हुआ से एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स और एससीओ के साथ जुड़ने वाले देशों की बढ़ती संख्या वैश्विक दक्षिण में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। प्रो. मनोइलो ने कहा कि आर्थिक विकास एवं राजनीतिक सुरक्षा को बढ़ावा देने में ब्रिक्स अब दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बन चुका है।

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंकरों में छिपी थी पाक सेना

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का कबूलनामा, फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी




■ **गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को हमेशा से ही अपनी बुजदिल हरकतों के चलते वैश्विक मंच पर शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे में एक बार फिर ऐसी स्थिति तब आई जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का झूठा बखान करने वाला पड़ोसी पाकिस्तान की सेना और उसके हालात को लेकर नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

ये खुलासा किसी और ने नहीं खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने किया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने बताया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना बंकर में छिपी हुई थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान जरदारी ने यह स्वीकार किया कि तनाव के हालात में पाकिस्तान की सेना बंकरों में छिपी हुई थी और उन्हें खुद भी बंकर में रहने की सलाह दी गई थी।

बता दें कि राष्ट्रपति जरदारी का यह बयान पाकिस्तान की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता। ऐसे में पाकिस्तानी सेना के बंकरों में छिपने की बात यह दिखाती है कि पाकिस्तान अंदर से असुरक्षित और दबाव में है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस दौरान 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर शामिल थे। इन जगहों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल का वो काला दिन, जिसे भारतवासी आज भी नहीं भुला पा रहे। जगह था जम्मू-कश्मीर का पहलगाम। जहां एक साथ कई आतंकियों ने वहां उपस्थित सभी पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलानी शुरू कर दी। इस आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की जान गई। इस घटना को बीते अब तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। लेकिन लोगों में नाराजगी और अपनों के खोने का गम अभी भी है। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने उसी दिन ली और एक फोटो भी शेयर किया।

## भारत ने नूर खान एयरबेस पर किया था बड़ा हमलाः इशाक डार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी किरकिरी करा ली है। दरअसल अब पाकिस्तान की सरकार ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में उनके नूर खान एयर बेस को भारी नुकसान हुआ था।

ये बात किसी और ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान इशाक डार ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक हमलों में उनके नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा और यहां तैनात जवान भी घायल हुए। पाकिस्तान ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब उनकी सरकार के ही वरिष्ठ मंत्री ने उनके दावे की पोल खोल दी है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी क्षेत्र में कई ड्रोन हमले किए और एक ड्रोन ने उनके सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों की सटीकता को उजागर करता है। इशाक डार ने कहा, श्भारत ने पाकिस्तान की ओर ड्रोन भेजे। 36 घंटे के भीतर कम से कम 80 ड्रोन भेजे गए। हम 80 में से 79 रोकने में सफल हुए और केवल एक ड्रोन ने सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया और इस हमले में हमारे कर्मी भी घायल हुए। अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। इस हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। जिससे दोनों देशों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। भारत ने सटीक हमले करते हुए चकलाल स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान को निशाना बनाया। भारत के हमलों से पस्त पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ के समक्ष संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा। मैक्सर टेक्नोलाजीज द्वारा 13 मई को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को नुकसान पहुंचा।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोप में शराब पीने से हर साल आठ लाख मौतें: डब्लूएचओ

**जेनेवा।** यूरोप में शराब पीने से हर वर्ष करीब आठ लाख लोगों की मौत हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, हर ग्यारहवें व्यक्ति की मौत का कारण शराब का अधिक सेवन है। इस सप्ताह जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वभर में शराब की सबसे अधिक खपत यूरोप में होती है और शराब पीने से समय से पहले मौत और चोट का खतरा बढ़ जाता है। 2019 के आंकड़ों के आधार पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां चोट से होने वाली लगभग 1.45 लाख मौतें शराब की वजह से हुईं। इसमें सबसे ज्यादा मौतें खुद को नुकसान पहुंचाने, सड़क दुर्घटनाओं और गिरने से होने वाली चोटों की वजह से हुईं।

### ट्रम्प से पहले जेलेंस्की ने कनाडा के पीएम से मुलाकात की

**ओटावा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की यूक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कनाडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं। उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कनाडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की। प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कार्नी और जेलेंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की।

### चाय के पैकेटों में लाया जा रहा 78 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों ने सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला के पास से 15 किलोग्राम नशीला पदार्थ (मेथामफेटामाइन) बरामद किया जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1.3 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक आंकी गई है। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि महिला के सामान की जांच के दौरान 18 वैक्यूम-सील बैग मिले, जिन पर 'चाय' लिखा हुआ था।

## जर्मनी में रोजगार संकट, नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** जर्मनी में नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है और सामान्यतः लगभग सात अंकों पर रहने वाला नौकरी प्लेसमेंट इंडिकेटर गिरकर 5.7 पर पहुंच गया है जो 'अब तक का सबसे निचला स्तर' है। संघीय रोजगार एजेंसी की प्रमुख एंड्रिया नाहलेस ने डीडब्ल्यू न्यूज से बातचीत करते हुए कहा श्रम बाजार को 'महीनों से एक पटरे की तरह' बताया, जिसमें कोई गति नहीं आ रही है। सुना. हलेस ने कहा कि नए रोजगार आकांक्षी लोगों के लिए संभावनाएं विशेष रूप से कमजोर हैं, और यहां तक कि अच्छी योग्यता वाले कर्मचारियों की भी नौकरी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 25 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में कम युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी है। उनकी टिप्पणियां आर्थिक मंदी के बीच आई हैं, जो बर्लिन के सस्ती रूसी ऊर्जा आयात रोकने के फैसले के बाद आई, जो जर्मन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण थी। रूसी पाइपलाइन डिलीवरी बड़े पैमाने पर रुकने और नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों के तोड़फोड़ के बाद यूरोपीय गैस कीमतें बढ़ गईं। साल की पहली तीन तिमाहियों में व्यावसायिक दिवालियापन 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे नौकरियों में भारी कमी आई।

## अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ युद्ध लड़ रहा ईरानः मसूद पेजेशकियन

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ एक साथ जंग लड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे दबाव अभियान को ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया।

पेजेशकियन ने शनिवार को प्रकाशित इस साक्षात्कार में कहा कि मेरी दृष्टि में हम अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ युद्ध में हैं। वे नहीं चाहते कि हमारा देश अपने पैरों पर खड़ा हो। वर्तमान युद्ध 1980 के दशक के इराक युद्ध से भी बदतर है। यदि कोई इसे ठीक से समझता है, तो यह युद्ध उस युद्ध की तुलना में कहीं अधिक जटिल और कठिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि इराक के साथ युद्ध में स्थिति स्पष्ट थी। वे मिसा. इलें दागते थे और यह स्पष्ट था कि हम कहां पलटवार करेंगे। लेकिन, यहां वे अब हर तरह से हमारी घेरा. बंदी कर रहे हैं, हमें दबाव में डाल रहे हैं और आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा सुरक्षा के लिहाज से समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पेज. शकियन ने यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका की यात्रा की पूर्व संध्या पर की है। खबरों के अनुसार नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ भविष्य में संभावित हमलों के विकल्पों के बारे में जानकारी देने की योजना बना रहे हैं।

■ **दबाव अभियान को ईरानी राष्ट्रपति ने ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया**

## ब्रिटेन में भारतीय युवक नस्लीय भेदभाव केस जीता

### केएफसी फ्रेंचाइजी को देना होगा करीब 70 लाख रुपया



■ **जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला**

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहे एक भारतीय युवक ने नस्लीय भेदभाव और गलत तरीके से नौकरी से निकाले जाने के मामले में बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। लंदन के एक केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट के खिलाफ दायर मामले में रोजगार न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने भारतीय कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को करीब 66800 पाउंड (लगभग 70 लाख रुपये) मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले माधेश रविचंद्रन ने आरोप लगाया था कि दक्षिण-पूर्वी लंदन स्थित केएफसी आउटलेट में काम के दौरान उनके मैनेजर ने उनके साथ नस्लीय भेदभाव किया और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका कहना था कि उनके श्रीलंकाई तमिल मैनेजर ने उन्हें गुलाम कहा और यह भी कहा कि भारतीय धोखेबाज होते हैं। रोजगार न्यायाधिकरण के जज पाल एबाट ने अपने फैसले में कहा कि रविचंद्रन के साथ सीधे तौर पर नस्लीय भेदभाव हुआ। फैसले में कहा गया कि छुट्टी की उनकी मांग केवल इसलिए ठुकरा दी गई क्योंकि वे भारतीय थे, श्रीलंकाई तमिल कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई, उन्हें गुलाम और गाली जैसे शब्दों से अपमा. नित किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि यह व्यवहार साफ तौर पर नस्ल के आधार पर कमतर और अपमानजनक था। रविचंद्रन ने जनवरी 2023 में केएफसी के वेस्ट विकहम आउटलेट में नौकरी शुरू की थी। कुछ महीनों बाद हालात बिगड़ने लगे। जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला।

इसी से परेशान होकर उन्होंने नौकरी छोड़ने का नोटिस दे दिया। इसके बाद भी मैनेजर ने उन्हें फोन पर धमकाया और नस्लीय गालियां दीं। ट्रिब्यूनल ने माना कि इस व्यवहार ने रविचंद्रन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। ट्रिब्यूनल ने रविचंद्रन को करीब 62690 पाउंड मुआवजा और छुट्टी के बकाया और अन्य भुगतान जोड़कर कुल लगभग 66800 पाउंड (करीब 70 लाख) देने का आदेश दिया।


पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर


# भारत भागे उस्मान हादी की हत्या के दो संदिग्ध

## दोनों आरोपी स्थापीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुएः बांग्लादेश पुलिस



■ **12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी**

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश पुलिस ने एक बड़ा दावा करते हुए बताया है कि दो आरोपी फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख सीमा पार कर भारत में घुस गए हैं।

मामले में ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी स्थानीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत पहुंचे। बांग्लादेशी दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने ढाका पुलिस के हवाले से बताया कि सीमा पार करने के बाद उन्हें सबसे पहले एक व्यक्ति ने रिसीव किया, जिसका नाम पुर्ति बताया गया है। इसके बाद एक टैक्सी ड्राइवर सामी ने दोनों को मेघालय के तुरा शहर तक पहुंचाया। नजरुल इस्लाम ने कहा कि पुलिस को अनौपचारिक जानकारी मिली है कि भारत में दोनों आरोपियों की मदद करने वाले पुर्ति और टैक्सी ड्राइवर सामी को भारतीय अधिक. ारियों ने हिरासत में ले लिया है। डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने आगे बताया कि बांग्लादेश सरकार आरोपियों को वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए भारत के अधिकारियों से औपचारिक और अनौपचारिक दोनों स्तरों पर संपर्क में रहा जा रहा है, ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसम्बर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। ऐसे में बीते दिनों बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ।

# म्यांमार में सैन्य शासन के बाद पहली बार मतदान

■ **सेना समर्थित पार्टी के जीत के आसार, फरवरी में आएंगे नतीजे**

**यंगून।** म्यांमार में सैन्य शासन लागू होने के बाद पहली बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं। सैन्य सरकार की देखरेख में रविवार को आम चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान हुआ। दो अन्य चरणों का मतदान जनवरी के अंत तक पूरा होगा, जबकि अंतिम नतीजों की घोषणा फरवरी तक किए जाने की संभावना है।

चुनाव विश्लेषकों के मुताबिक, सेना समर्थित यूनियन सालिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएडीपी) की जीत की संभावना जताई जा रही है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि 2021 में सेना के सत्ता में आने के बाद से देश का शासन संभाल रहे जनरल मिन आंग लाइंग राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं। सैन्य सरकार इन चुनावों को देश में चुनावी लोकतंत्र की वापसी के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, आला. चकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सैन्य शासन को वैध दिखाने का प्रयास मात्र है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार संगठनों और कई देशों ने प्रमुख विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में हो रहे इस चुनाव को अनुि. चत करार दिया है। गौरतलब है कि फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाकर सैन्य शासन लागू कर दिया था। देश के सबसे बड़े शहर यांगून, राजधानी नेपीता और अन्य इलाकों में मतदाताओं ने स्कूलों, सरकारी भवनों और धार्मिक स्थलों में मतदान किया। कुल 330 टाउनशिप में से 102 में पहले चरण का मतदान कराया गया।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108